kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-345 | मंगलवार, 14 जनवरी 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



पूरे देश में भाजपा के लोगों ने बंगलादेशियों को बसाने का काम किया है। पूरे देश के अंदर 10 साल, 8 महीने से लगातार भाजपा ने सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए सीमा की सुरक्षा को तार-तार करके बंगलादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या को बसाने का काम किया है। संजय सिंह

निर्वाचन आयोग ने वैश्विक स्तर पर अर्जित की प्रशंसाः उपराष्ट्रपति 11

मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले को दी 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात 12

## संक्षेप

### सरकारी अस्पतालों में बढ़ाई गईं 106 प्रकार की दवाएं

**लखनऊ।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों को और अधिक प्रकार की दवाएं डॉक्टर की सलाह पर मिल सकेंगी। इसके लिए शासन ने दवाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की है। करीब 106 प्रकार की नई दवाओं को इसेंसियल ड्रग लिस्ट (ईडीएल) शामिल किया है। इससे मरीजों को इलाज हासिल करने में काफी आसानी होगी। यूपी के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन लाखों मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। यहां मरीजों को डॉक्टर की सलाह के साथ मुफ्त दवाएं भी मुहैया कराई जाती हैं। अभी तक सरकारी अस्पतालों में 287 प्रकार की ईडीएल थी। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाईज कारपोरेशन के एमडी जगदीश त्रिपाठी ने बताया कि मरीजों की सहूलियतों के लिए शासन ने अहम कदम उठाया है। करीब 106 प्रकार की दवाओं में इजाफा किया गया है। इसके बाद 393 प्रकार की दवाएं ईडीएल सूची में हो गई हैं।

### दिल्ली सरकार की ईमानदारी पर संदेह : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** सीएजी रिपोर्ट को लेकर सोमवार को हाईकोर्ट ने आतिशी सरकार को फटकार लगाई। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने कहा- सीएजी रिपोर्ट पर विचार करने में जिस तरह से दिल्ली सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे इनकी ईमानदारी पर संदेह पैदा होता है। रिपोर्ट स्पीकर को भेजकर फौरन विधानसभा में चर्चा करानी चाहिए थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। कोर्ट भाजपा के 7 विधायकों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। उनका कहना है कि 14 मामलों पर सीएजी की रिपोर्ट पर सदन में चर्चा करवानी चाहिए। सरकार का तर्क है कि विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने वाला है, इसलिए रिपोर्ट सदन में लाने का फायदा नहीं है। अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। सूत्रों के मुताबिक सीएजी रिपोर्ट में शराब घोटाले से भी जुड़ी जानकारी है। 11 जनवरी को एइक्ककी एक रिपोर्ट लीक हुई थी, जिसे भाजपा ने दिखाया था। भाजपा नेताओं ने रिपोर्ट के हवाले से बताया था कि शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2026 करोड़ रुपए का रेवेन्यू लॉस हुआ है। दिल्ली में 2021 में नई शराब नीति लागू की गई थी। इसमें लाइसेंस आवंटन को लेकर कई सवाल खड़े हुए। नीति वापस लेनी पड़ी। अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा। दोनों जेल भी गए।सीएम और डिप्टी सीएम पद छोड़ना पड़ा। दोनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

### कांग्रेस यूपी में पंचायत अपने दम पर लड़ेगीः अविनाश पांडेय

लखनऊ। कांग्रेस उत्तर प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन का गठन करेगी। प्रदेश, मंडल, जिला, ब्लॉक, बूथ स्तर पर संगठन होगा। जिला स्तर पर समन्वय समिति भी बनाई जाएगी।

# महाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

## सनातन संस्कृति से अभिभूत हजारों विदेशी श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभनगर। दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। इस अवसर पर 1.65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर अमृत स्नान किया।

इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरुआत हो गई है। पद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला,तुलसी और जौं रोपकर एक महा व्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरुआत की। प्रथम स्नान पर्व पर सोमवार को 1.65 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन,पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें। संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में महाकुंभ में उमड़ते जनसैलाब के विहंगम दृश्य के साक्षी अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों से आये विदेशी श्रद्धालु भी बने। मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक एक करोड़ 60 लाख लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके थे। स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने का अनुमान है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क निगाहों के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते दिखे। इस दौरान देश दुनिया के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं के प्रति उनका विनम्र व्यवहार आकर्षण का केंद्र बना। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।

आस्था के महासंगम में चहुंओर सारा दिन हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत बना रहा। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा था। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन ● शेष पेज 11 पर



### महाकुंभ की शुरुआत का दिन करोड़ों लोगों के लिए खास दिनः मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को महाकुंभ की शुरुआत के दिन को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन बताया है। श्री मोदी ने 'एक्स'पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन! आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाते हुए महाकुंभ 2025 प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव मनाता है।

### योगी ने महाकुंभ के शुभारंभ की दी शुभकामनायें

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शुभकामनायें प्रेषित की हैं। श्री योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया ल्ल पौष पूर्णिमा की बधाई। विश्व के विशालतम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ' का आज से तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो रहा है। अनेकता में एकता की अनुभूति के लिए, आस्था एवं आधुनिकता के संगम में साधना एवं पवित्र स्नान के लिए पधारे सभी पूज्य सन्तों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है। माँ गंगा आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें। महाकुम्भ प्रयागराज के शुभारंभ एवं प्रथम स्नान की मंगलमय शुभकामनाएं। सनातन गर्व-महाकुम्भ पर्व।

### मुख्य स्नान पर्व के एक दिन पहले-बाद में बस में कर सकेंगे निःशुल्क यात्रा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम 350 शटल बसों में मुख्य स्नान पर्वों और इसके एक दिन पहले व बाद में निशुल्क यात्रा करायेगा। महाकुम्भ में यह यात्रा 18 दिन होगी।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रहा है। महाकुम्भ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र में परिवहन निगम द्वारा 350 शटल बसों के संचालन की तैयारी है। परिवहन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ-2025 में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कुल 06 मुख्य स्नान निर्धारित हैं। क्रमशः 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इन तिथियों को पड़ने वाले मुख्य स्नान, मुख्य स्नान के एक दिन पूर्व व एक दिन बाद तक मुफ्त यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार कुल 18 दिन तक मुफ्त यात्रा का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक निःशुल्क यात्रा करायेगी। अपर प्रबंध निदेशक श्रीराम सिंह वर्मा ने पत्र जारी कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि शटल बसों में मुख्य स्नान एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात यात्रियों को जीरो मूल्य टिकट जारी किया जायेगा।

# मार्क जकरबर्ग भी बांट रहे झूठा ज्ञान

एजेंसी



❒ एनडीए सरकार गिरने के दावे पर अश्विनी वैष्णव ने जमकर सुनाया

नई दिल्ली। मोदी सरकार गिरने के मार्क जकरबर्ग के दावे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें जमकर सुनाया है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर वैष्णव ने कहा कि मराक्ज जुकरबर्ग खुद ही झूठी जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही निराशाजनक है। उन्हें तथ्यों और विश्वसनीयता का बनाकर रखना चाहिए। दरअसल मार्क जकरबर्ग ने एक बयान में कहा था कि 2024 का साल दुनिया के लिए काफी कठिन रहा। कोविड 19 के बाद कई देशों में चुनाव हुए और भारत समेत कई देशों की सरकारें गिर गईं।

वैष्णव ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत में 2024 के चुनाव में 64 करोड़ लोगों ने भाग लिया। भारत के लोगों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया। जकरबर्ग का दावा है कि भारत समेत ज्यादातर देशों की सरकारें 2024 के चुनाव में गिर गईं जो कि पूरी तरह से गलत है।

उन्होंने कहा, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 2.2 अरब मुफ्त वैक्सीन और कोविड के दौरान भारत ने दुनियाभर के देशों की मदद की। भारत सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी का तीसरा कार्यकाल अच्छी सरकार और लोगों के भरोसे का सबूत है। मार्क जकरबर्ग द्वारा गलत जानकारी दिया जाना बहुत ही निराशाजनक है। उन्हें विश्वसनीयता बनाकर रखनी चाहिए। एक पॉडकास्ट के दौरान मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि 2024 दुनियाभर में एक ● शेष पेज 11 पर

## बांग्लादेश के शीर्ष राजदूत को विदेश मंत्रालय ने किया तलब

नई दिल्ली। ढाका के बीच तल्ख होते रिश्तों के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने आज (सोमवार, 13 जनवरी) बांग्लादेशी राजनयिक और वहां के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरुल इस्लाम को न सिर्फ तलब किया बल्कि रविवार को बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय के कदम पर ऐतराज जताते हुए पड़ोसी देश को खबरदार किया है। रविवार को ढाका ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। आरोप लगाया था कि भारत 4,156 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेशी सीमा पर पांच विशिष्ट स्थानों पर बाड़ लगाने का प्रयास कर रहा है। ढाका ने इन कार्रवाइयों को सीमा गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन बताया था। बता दें कि प्रणय वर्मा रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3:00 बजे ढाका में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय पहुंचे थे। सरकारी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) समाचार एजेंसी के अनुसार, बांग्लादेशी विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली थी। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ● शेष पेज 11 पर

# उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया की जल्द रिहाई पर विचार हो

## न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को 1993 के हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समय पूर्व रिहाई पर दो महीने के भीतर विचार करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 473 की उप-धारा (1) के तहत छूट देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया। श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रांत कैदी रिहाई परिवीक्षा अधिनियम, 1938 की धारा 2 के तहत राहत मांगी लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1938 अधिनियम की धारा 2 सीआरपीसी की धारा 432 या बीएनएसएस की धारा 473 से अधिक कठोर है। इसने कहा कि जब तक राज्य सरकार यह निष्कर्ष दर्ज नहीं कर लेती कि वह किसी दोषी के पूर्ववृत्त या जेल में उसके आचरण से संतुष्ट है और रिहाई के बाद उसके अपराध से दूर रहने तथा शांतिपूर्ण जीवन जीने की संभावना है, तब तक दोषी को रिहा नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा, ''जहां तक 1938 अधिनियम की धारा 2 के तहत राहत से इनकार करने का सवाल है, हम राज्य सरकार द्वारा पारित आदेश में गलती नहीं पा सकते। बीएनएसएस की धारा 473 का दायरा 1938 ● शेष पेज 11 पर

### क्लैट 2025ः सीएनएलयू की याचिकाओं पर सुनवायी करेगा उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय 'कंसोर्टियम आफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की याचिकाओं पर 15 जनवरी को सुनवाई करेगा, जिसमें सामान्य विधि प्रवेश परीक्षा 2025 के परिणामों के खिलाफ दायर याचिकाओं को विभिन्न उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (क्लैट), 2025 के परिणामों से संबंधित 'कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज' (सीएनएलयू) की दो अलग-अलग ● शेष पेज 11 पर

# मोदी अपने वादों को पूरा करेगा, सही समय पर सही चीजें होंगी

## पीएम ने किया सोनमर्ग में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन

एजेंसी



श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बताते हुये, क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि उन्होंने जो वायदे किये हैं, उन्हें निभाया जायेगा और राज्य के विकास के लिये हर काम समय से पूरा किया जायेगा। श्री मोदी सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा, आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। इस मौके पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विकास मंत्री नितिन गडकरी, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह, केन्द्र शासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है३भारत का ताज है। इसलिये, मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुजुर्गों, बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर के लिये एक बड़ी सौगात बताते हुये कहा, आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। यह आपकी बहुत पुरानी मांग थी। आज मुझे सोनमर्ग सुरंग देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है, यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और ल्ल मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। प्रधानमंत्री का सभा में स्वागत करते हुये, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने का वायदा भी जल्द पूरा करेंगे। श्री मोदी ने कहा कि इस टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी और इससे सोनमर्ग सहित पूरे इलाके में पर्यटन उद्योग को नये पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में रेल और सड़क सुविधाओं का और विस्तार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुड़ने वाली है। मैं देख रहा हूं कि इसको लेकर भी यहां जबरदस्त खुशी का माहौल है। आज भारत, तरक्की की नयी बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है। यह तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई भी हिस्सा, कोई भी परिवार तरक्की से पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के सफर में, बहुत बड़ा योगदान, हमारे पर्यटन क्षेत्र का है। बेहतर संपर्क सुविधाओं के कारण, जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों तक भी पर्यटक पहुंचेंगे, जो अभी तक अनछुये हैं। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में जम्मू-कश्मीर में अमन और तरक्की का जो माहौल बना है, उसका फायदा हम पहले ही पर्यटन क्षेत्र में देख रहे हैं। साल 2024 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक जम्मू-कश्मीर आये हैं। यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में छह गुना ज्यादा पर्यटक बढ़े हैं। इसका लाभ यहां की जनता को हुआ है। श्री मोदी ने अपने भाषण के प्रारंभ में कहा, आज का दिन बहुत ही खास है। आज देश के हर कोने में उत्सव का माहौल है। आज से ही प्रयागराज में महाकुंभ आरंभ हो रहा है। करोड़ों लोग वहां पवित्र स्नान के लिये उमड़ रहे हैं। आज पंजाब सहित पूरा उत्तर भारत लोहड़ी की उमंग से भरा है। उन्होंने कहा, इसके लिये ही हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से दिन-रात काम कर रही है। बीते 10 साल में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे देश के चार करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्के घर मिले। आने वाले समय में तीन करोड़ और नये घर गरीबों को मिलने ● शेष पेज 11 पर

## सैनिकों की तैनाती में कमी नहींः जनरल द्विवेदी

# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील

एजेंसी



नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी।

सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है।

जनरल द्विवेदी ने सवालों के जवाब में कहा कि अप्रैल 2020 के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में जो गतिरोध बना था। उस समय दोनों तरफ से निर्माण संबंधी गतिविधियां तथा कुछ और बदलाव किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए स्थिति पहले जैसी नहीं है। इस नये माहौल और बदलाव की स्थिति में नये सिरे से समझ विकसित करने की जरूरत है जिससे कि दोनों पक्षों ● शेष पेज 11 पर

# मकर संक्रांति के दिन शहर के प्रमुख घाटों पर श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

एजेंसी



कानपुर। मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान के लिए शहर के कई प्रमुख घाटों पर पुलिस, गोताखोर और तमाम तरह की प्रशासनिक सुविधाएं की गई हैं। इन घाटों में गंगा स्नान करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंगलवार 14 जनवरी को सिद्धनाथ घाट, सरसैया घाट, मैस्कर घाट, बिठूर घाट, गुप्तार घाट समेत तमाम घाटों पर आस्था की डुबकी लगाएंगे। मकर संक्रांति को लेकर 14 जनवरी के दिन शहर के तमाम घाटों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। स्वच्छ और पवित्र गंगा जल से श्रद्धालुओं को स्नान कराने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से गंगा में गिरने वाले सभी नालों को टैप कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए प्रशासन ने घाटों पर तमाम तरह की व्यवस्थायें की गई हैं। घाटों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। सुंदर वातावरण के लिए घाटों पर बांस बल्लियां लगाकर बिजली की झालरे भी लगाई गयी हैं। सुरक्षित स्नान करने के लिए बैरिकेडिंग भी लगाई गयीं है। घाटों पर होने वाली किसी भी तरह की अनहोनी से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। घाटों पर छोटी-छोटी कुटिया बनाई गई हैं। जहां गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु अपने कपड़े बदल सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी बल भी तैनात रहेगा। शहर के प्रमुख घाटों सरसैया घाट, सिद्धनाथ घाट, शिवराजपुर घाट, परमट घाट, अटल घाट, मिस्कर घाट, बिठूर घाट, गुप्तार घाट आदि।

# एकता का महाकुम्भः पुलिस बनी मददगार, विनम्रता से जीता दिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज महाकुम्भ नगर। के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा देखने को मिली। करोड़ों की संख्या में लोग पुण्य स्नान के लिए संगम तट की ओर उमड़ पड़े। इस दौरान जो सबसे अनूठी चीज देखने को मिली वो पुलिस का व्यवहार। यूं तो श्रद्धालुओं को राह दिखाने के लिए मेला प्रशासन की ओर से 800 के करीब साइनेजेस लगाए गए हैं, लेकिन राह दिखाने के लिए योगी सरकार की पुलिस पर लोगों ने ज्यादा भरोसा दिखाया। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए। दो महीने तक कराई गई है ट्रेनिंगमहाकुम्भ को लेकर



इस बार योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई गई है। परेड स्थित पुलिस लाइन में लगातार दो महीने तक पुलिसकर्मियों को बिहेवियर की ट्रेनिंग कराई गई है, जिसका असर सोमवार को पहले स्नान पर्व पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग पुलिसकर्मियों से पांटून ब्रिज पर आने और जाने के विषय में जानकारी लेते रहे। इसी तरह, सेक्टर की जानकारी के लिए भी पुलिसकर्मी ही श्रद्धालुओं की पहली प्राथमिकता रहे। खास बात ये थी कि पुलिसकर्मियों ने भी कुशल व्यवहार का परिचय देते हुए पूरी विनम्रता से श्रद्धालुओं की मदद की। यही नहीं, पुलिसकर्मी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों की मदद करते भी नजर आए। हर चौराहे पर पुलिस सहायता बूथों पर तैनात रहे जवान पहले स्नान पर्व पर भारी भीड़ के अनुमान को देखते हुए घाटों पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया, जबकि पांटून ब्रिज पर भी एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स का डेप्लॉयमेंट नजर आया। गंगा के दोनों तरफ सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस सहायता बूथों की स्थापना की गई थी, जहां पर पुलिस कर्मी चौकन्ने और मुस्तैद नजर आए। चौराहों पर वॉच टावर पर भी पुलिस बल सक्रिय रहे और उन्होंने हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी। एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। एक दिन पहले से ही सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

# नगर विकास मंत्री एके शर्मा कुंभ मेला में श्रधालुओं को माला पहनाकर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज । महाकुंभ अपने तीन दिवसीय दौरे पर प्रयागराज आए नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा तीसरे दिन सुबह होते ही प्रयागराज की सड़कों पर उतरकर साफ-सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और स्वयं सफाई कर्मियों से बात कर उनको प्रोत्साहित किया। बता दें कि महाकुम्भ 2025 मेला की शुरुआत हो चुकी है, पहले दिन ही लाखों श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज स्नान करने के पहुँच गया। नगर निगम प्रयागराज ऑफिस के सामने से गुजरने वाले हजारों श्रद्धालुओं को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्वयं फूलों का माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया।इस दौरान नगर आयुक्त प्रयागराज, अपर नगर आयुक्त, सहित नगर निगम के सभी स्वच्छता कर्मचारी व अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस दौरान तीर्थ यात्रियों में एक अद्भुत उत्साह व उमंग देखने को मिला।

बता दें कि महाकुम्भ स्नान के प्रथम दिन प्रयागराज आने वाले अन्य राज्यों से सभी तीर्थ यात्रियों ने यहाँ की स्वच्छता और दिव्यता देखकर खूब सराहा और यहाँ की नगर प्रशासन और नगर निगम के प्रयागराज के सभी स्वच्छता कर्मियों का धन्यवाद भी किया।

# बिजली विभाग ने चलाया जन जागरण अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार शाम को बिजली विभाग के लखनऊ सेंट्रल जोन के अंतर्गत आने वाले सभी उपखंड मे बिजली चोरी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए तथा ओटीएस में अधिकतम रजिस्ट्रेशन करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया गया। ये अभियान मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर चलाया गया था। जिसमें अधीक्षण अभियंताओं व अधिशासी अभियंताओं ने तथा उपखंड अधिकारीयों व अवर अभियंताओं सहित संविदा कर्मियों ने भाग लिया था। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की ये जन जागरण अभियान रेज़ीडेंसी डिवीज़न के राजेंद्र नगर, हुसैनगंज डिवीज़न के लालबाग़, खंदारी बाज़ार, तालकटोरा डिवीज़न, ठाकुरगंज डिवीज़न के आज़ाद नगर, बरौरा हुसैनबाड़ी, बालागंज, चौपटिया, अमीनाबाद डिवीज़न के चिकमंडी आदि इलाक़ो में चलाया गया था।

# डिजिटल प्रदर्शनी कार्यक्रम में 200 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला क्षेत्र में प्रदर्शित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर प्रदर्शनी परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एकता के महाकुम्भ में 'जन भागीदारी से जन कल्याण' और भारत सरकार की विगत 10 वर्षो में उपलब्धियों, कार्यक्रमों, नीतियों एवं योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का आज 13 जनवरी को शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ के दिन ही प्रदर्शनी में सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हुई और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

त्रिवेणी मार्ग प्रदर्शनी परिसर में आयोजित यह प्रदर्शनी मेला अवधि 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आमजन के अवलोकन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

डिजिटल प्रदर्शनी में एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलइडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हो रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से जन सामान्य को प्रधानमंत्री जन आरोग्य



योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आज़ाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ साथ नारी सशक्तिकरण की योजनाओं तथा विभिन्न अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को मिल रही है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के द्वारा डिजिटल प्रदर्शनी के अतिरिक्त महाकुंभ 2025 में 200 से अधिक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक और शास्त्रीय कार्यक्रमों को भी विभिन्न स्थलों पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से भी विकसित भारत एवं भारत सरकार की विगत 10 वर्षों में उपलब्धियों, योजनाओं कार्यक्रमों और नीतियों को जन सामान्य के बीच में प्रदर्शित किया जा रहा है।

इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक संपूर्ण महाकुंभ मेला अवधि के दौरान किया जाएगा। प्रत्येक सांस्कृतिक कार्यक्रम एक अनूठी कहानी बताते और अपने क्षेत्र के स्थानीय रीति-रिवाजों, अनुष्ठानों और आध्यात्मिकता को दर्शाता है, जो महाकुंभ में आने वाले जन सामान्य के लिए के लिए एक शानदार दृश्य और कलात्मक अनुभव बनता है।

इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सैकड़ो की संख्या में प्रतिभाशाली कलाकार भाग ले रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रीय नृत्य और गायन शैलियों का प्रतिनिधित्व कर रहे है।

## बसड्डा कोरांव का अधूरा पड़ा शौचालय जिम्मेदार बना अनजान

**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरकारी बस स्टैंड कोरांव मे यात्रियों की सुविधा के लिए लाखो रूपये की लागत सें सार्वजनिक शौचालय बनवाया जा रहा था लेकीन ठीकेदार द्वारा आधा अधूरा काम कराकर छोड़ दिया गया है समय सें पूरा निर्माण कार्य न होने सें जो बना भी है वह भी ध्वस्त होता जा रहा है आधा अधूरा निर्माण होने सें किसी उपयोग लायक नहीँ है स्थानीय लोगो ने परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृस्ट कराते हुये अधूरा पड़ा शौचालय को पूरा निर्माण कार्य कराने की माँग किए है ।

## योगीराज में भी बेख़ौफ़ भूमाफिया कर रहे हैं धड़ल्ले से जमीनों पर कब्जा


**प्रयागराज जमुनापार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र कौधियारा थाना से महज दो किलोमीटर की दूरी पर एकौनी गांव में कौधियारा करछना मार्ग की बेशकीमती जमीन को दबंगों द्वारा शोरेपुस्ती से किया जा रहा है जबरन कब्जा हो इस जमीनी कब्जे को लेकर हो सकता है खूनी संघर्ष। पीड़िता उर्मिला देवी ने बताया कि उक्त जमीन मेरे पति फूलचंद के नाम बतौर भूमिधर आधा हिस्सा दर्ज़ है। पीड़िता की सड़क से लगी जमीन पर पांच जनवरी को रात 11 बजे गांव का ही दबंग भूमाफिया राजबहादुर और उसके सहयोगियों ने मिलकर पीड़िता के खेत में सरेआम गुंडई करते हुए रात में बोए गये गेहूं के खेत में जबरन कटीले तार व खंभे गाड़कर जबरन कब्जा करने पर आमादा है और पीड़िता के पति फूलचंद प्रजापति और इकलौते लड़के संदीप को जमीन में आने पर जान से मारने की धमकी दे रहे पीड़िता ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी करछना तपन मिश्रा और थाना समाधान दिवस में मौजूद नायब मध्य अनुग्रह नारायण सिंह और इंस्पेक्टर कौधियारा राजेश सिंह से शिकायत किया गया किंतु अभी तक पीड़िता की कही कोई सुनवाई नहीं हो रही है उपरोक्त दबंगों का उक्त आराजी में कोई हक हिस्सा नहीं है केवल गुंडई के बल पर जबरन कब्जा कर रहे हैं स्थानीय थाने की पुलिस और राजस्व विभाग ने अभी तक इस प्रकरण पर कोई कार्यवाही नहीं की है जिससे उपरोक्त भूमाफिया के हौसले बुलंद हैं उक्त भूमाफिया अपराधिक प्रवृत्ति के है क्षेत्र में कई जमीनों पर इनके द्वारा जबरन कब्जा किया गया है जिससे पीड़ित परिवार डरा और सहमा हुआ है पीड़िता ने बताया कि यदि पुलिस प्रशासन मेरी सुनवाई नहीं करता तो मैं अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ में योगी जी के मठ के सामने न्याय की गुहार लगाऊंगी । खुलेआम जमीन हड़पने के इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र में इस जमीनी कब्जे को लेकर लोगों में कानून व्यवस्था को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है।

## तहसील ईकाई का हुआ गठन



**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत कोरांव स्थित नहर कालोनी में रविवार को भारतीय पत्रकार सभा की बैठक जिलाध्यक्ष कृष्णकांत मिश्रा एवं जिला मंत्री सोमधर शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के विस्तार एवं तहसील ईकाई का गठन भी किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष कृष्णकांत मिश्रा ने तहसील अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र मिश्रा का नाम घोषित किया जिस पर सभी पत्रकारों ने भी अपनी सहमति जताई और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया इसी क्रम मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रुप में अजय मिश्रा, उपाध्यक्ष शारदा प्रताप सिंह, मंत्री सिमलेश पाण्डेय, उपमंत्री राजेश सिंह, संगठन मंत्री जनेश्वर प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनीष वर्मा एवं आय व्यय निरीक्षक के रुप में मोहम्मद गौस को चुना गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष के रूप में चुने गए महेंद्र मिश्रा ने कहा कि जिस तरह उनके ऊपर सभी साथी भरोसा और विश्वास जताया है उसे वह बखूबी निभाते हुए संगठन और पत्रकार हित के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## हाल मे बनी सड़क गड्ढा मे तब्दील



**कोरांव प्रयागराजकैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के लेडियारी सें रत्योरा मुख्य संपर्क मार्ग सें डिही होकर अरुआरी गांव मुख्य नहर के पास जोड़ने वाला संपर्क मार्ग गड्ढा मे तब्दील हो गया है जबकि उक्त मार्ग का पक्का डामरीकरण पिडब्लूड़ी द्वारा कराया गया था लेकीन ठीकेदार द्वारा मानक के अनुसार काम नहीँ कराया गया था जिसके कारण उक्त मार्ग मे जगह जगह गड्ढा हो गया है जिसके कारण आयेदिन राहगीर फिसल कर चोटहिल होकर हॉस्पिटल पहुंच रहे है स्थानीय लोगो ने बताया की काम बहुत घटिया कराया गया था जिसके कारण ऐसी हालत कम दिनों मे हो गया ग्रामीणों ने जांच कार्रवाही की माँग की है।

# अखाड़ों के अमृत स्नान में पूर्व परंपरा का होगा पालन

- सुबह 6.15 पर होगा महाकुंभ का प्रथम अखाड़े का स्नान
- परम्परा का पालन करते हुए श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी करेगा सबसे पहले अमृत स्नान, सबसे आखिर में श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महाकुंभ की भव्य शुरुआत हो चुकी है। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के सकुशल समापन के बाद अब सभी को प्रतीक्षा है महाकुम्भ के महा स्नान यानी शाही स्नान की जिसे इस बार नाम मिला है अमृत स्नान का। महाकुम्भ मेला प्रशासन की तरफ से पूर्व की मान्यताओं का पूरी तरह अनुसरण करते हुए सनातन धर्म के 13 अखाड़ों को अमृत स्नान में स्नान क्रम भी जारी किया गया है।

सभी अखाड़ों को इसकी जानकारी दे दी गई है। सबसे पहले अमृत स्नान करेगा महानिर्वाणी अखाड़ा महाकुम्भ मेला 2025 में अखाड़ों के परम्परागत पूर्व से निर्धारित कम के अनुसार अमृत स्नान की तिथियों और उनके स्नान क्रम की सूचना अखाड़ों को मिल चुकी है।

श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत आचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री बताते हैं कि अखाड़ों के अमृत स्नान की तिथि , क्रम और समय की जानकारी आ चुकी है। मकर संक्रान्ति दिनांक 14 जनवरी को श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले अमृत स्नान करेगा जिसके साथ श्री शम्भू पंचायती अटल अखाड़ा भी होगा ।

यह अखाड़ा 5.15 पर शिविर से प्रस्थान करेगा और 6.15 पर घाट पहुंचेगा। इसे 40 मिनट का समय स्नान के लिए दिया गया है ।

यह 6.55 पर घाट से वापस शिविर के लिए रवाना होगा और 7.55 पर शिविर पहुंचेगा। अन्य अखाड़ों के लिए भी आवंटित हुई समय सूची दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा, एवं श्री पंचायती अखाड़ा आनन्द अमृत स्नान करेगा।

इसका शिविर से प्रस्थान का समय 06.05,घाट पर आगमन का समय 07.05,स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 7.45 शिविर में आगमन का समय 8.45 रहेगा। तीसरे स्थान पर तीन संन्यासी अखाड़े अमृत स्नान करेंगे। जिसमें श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा तथा श्री पंचाग्नि अखाड़ा शामिल हैं । इसका शिविर से प्रस्थान का समय 07.00.घाट पर आगमन का समय 08.00,स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 8.40 शिविर में आगमन का समय 9.40 होगा।

## बैरागी अखाड़ों के लिए भी जारी हुई समय सूची

तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाडा 09.40 पर शिविर से चलेगा, 10.40 पर घट पहुंचेगा और 30 मिनट स्नान के बाद 11.10 पर घाट से रवाना होकर 12.10 पर शिविर पहुंच जाएगा। इसी क्रम मेंअखिल भारतीय श्री पंच दिगम्बर अनी अखाडा 10.20 पर शिविर से निकलेगा, 11.20 पर घाट पहुंचना , 50 मिनट स्नान के बाद 12.10 पर घाट से रवाना होकर 13.10 पर शिविर वापस आ जाएगा। इसी तरह अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा 11.20 पर शिविर से चलेगा 12.20 पर घाट पहुंचेगा। 30 मिनट स्नान के बाद 12.50 पर वहां से वापस 13.50 पर शिविर आ जायेगा।

## अन्य अखाड़ों की समय सूची

शेष बचे तीन अखाड़ों में उदासीन से जुड़े अखाड़े आते हैं। इसमें उदासीन श्री पंचायती नया उदासीन अखाडा 12.15 पर अपने शिविर से रवाना होकर 13.15 पर घाट पहुंचेगा और 55 मिनट स्नान करने के बाद 14.10 पर घाट से रवाना होकर 15.10 पर शिविर पहुंच जाएगा। इसके बाद श्री पंचायती अखाड़ा, नया उदासीन, निर्वाण की बारी है जो 13.20 बजे शिविर से उठेगा और 14.20 पर घाट पहुंचेगा। यहां एक घंटे स्नान के बाद 15.20 पर घाट से रवाना होकर 16.20 पर शिविर आ जायेगा। सबसे आखिर में अमृत स्नान करेगा श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा । यह अखाड़ा 14.40 पर शिविर से चलेगा और 15.40 पर घाट पहुंचेगा। चालीस मिनट स्नान करने के बाद 16.20 पर घाट से रवाना होकर 17.20 पर शिविर आ जायेगा। यह व्यवस्था मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए जारी हुई है।

## आनन्द चन्दोला खेल महोत्सव में संदीप को तिहरा, प्रशांत को दोहरा खिताब

**वाराणसी।** संदीप गुप्त ने वर्चस्व कायम करते हुए यहां पराड़कर स्मृति भवन के ईश्वरचन्द्र सिन्हा बहुउद्देशीय सभागार में खेले जा रहे आनंद चंदोला खेल महोत्सव के दूसरे चरण में तिहरा खिताब जीत लिया। वहीं, प्रशांत मोहन ने अपनी झोली में दोहरा खिताब डाला। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित 37वीं दीनानाथ गुप्त स्मृति मीडिया बैडमिंटन, विश्वनाथ सिंह दद्दू टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। शतरंज के मुकाबले में संदीप ने अजेय रहते हुये पांच अंकों के साथ शीर्ष स्थान हांसिल किया। संतोष चौरसिया दूसरे स्थान पर रहे। मनोज राय, चंदन रूपानी ओपी राय चौधरी और नीलाम्बुज तिवारी ने क्रमशः तीसरा, चौथा, पांचवा और छठा स्थान प्राप्त किया। कैरम के एकल मुकाबले के फाइनल में संदीप ने पंकज त्रिपाठी को 9–7, 16–0 से हराया, जबकि युगल के फाइनल में आर संजय और सुनील शुक्ल की जोड़ी ने संदीप गुप्त और रवीन्द्र त्रिपाठी को 9–0, 10–2 से पराजित किया।

# गाजियाबाद में तीन कश्मीरी नागरिक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। थाना मसूरी पुलिस ने सोमवार को अपने परिवारीजन के शस्त्र लाईसेन्स पर नौकरी कर रहे तीन सिक्योरिटी गार्डो को गिरफ्तार किया है। तीनों ही मूल रूप से कश्मीर के रहने वाले हैंऔर यहां मसूरी थाना क्षेत्र स्थित मीट फ़ैक्टरी में सिक्योरिटी गार्ड थे। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि 10 जनवरी को थाना मसूरी क्षेत्र में मीट फैक्ट्रियों में संचालित सिक्योरिटी प्रदान करने वाले विभिन्न कम्पनियों की जांच की गयी। इसमें पाया गया कि सिक्योरिटी प्रदान करने वाले कम्पनियों के संचालकों ने बिना लाईसेन्स के भिन्न-भिन्न राज्यों से सिक्योरिटी गार्ड को लाकर बिना जांच सत्यापन कराये फर्जी तरीके से दस्तावेज तैयार कर लोगों के साथ धोखाधड़ी करके सिक्योरिटी कम्पनी में काम दिया जा रहा है उसी दिन बिना लाइसेंस के सिक्योरिटी एजेंसी चला रहे चार कश्मीरियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनके नाम शराफत अली, जफर इकबाल सफीर तथा मुमताज हुसैन खान थे। चारों को बी 24 सेकेण्ड फ्लोर श्याम पार्क एक्शटेंशन




साहिबाबाद से गिरफ्तार किया था। इसी क्रम में सोमवार को मीट फैक्टी अल नासिर एक्सपोर्सट प्रा.लि. व इन्टरनेशनल एग्रो फूड मीट फैक्टी ग्राम भूडगढी से तीन सिक्योरिटी गार्ड दाऊद खान, मुख्तार तथा आजाद खान को गिरफ्तार किया गया। ये सभी ग्राम माडा जनपद पुँछ जम्मू कश्मीर के रहने वाले हैं। ये तीनों ही अपने परिजन के शस्त्र लाईसेन्स व शस्त्र का प्रयोग कर मीट फैक्टरी में सिक्योटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे । इनके कब्जे से क्रमश एक रिवाल्वर 0.32 बोर मय 09 अदद कारतूस जिन्दा 0.32 बोर, एक अदद बन्दूक 12 बोर व 09 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर मय लाईसेन्स व एक अदद बन्दूक 12 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर मय लाईसेन्स बरामद हुए । जो क्रमश शरीफ, मनीर हुसैन व रफीक निवासीगण ग्राम माडा जनपद पुँछ जम्मू कश्मीर के नाम पर पंजीकृत है। शरीफ पल के लाईसेन्स का उपयोग उसके पुत्र दाऊद, मनीर हुसैन के लाईसेन्स का उपयोग उसके मुख्तार तथा रफीक पुत्र मुन्शी खान के लाईनसेन्स का उपयोग उसके भाई आजाद खान द्वारा किया जा रहा है । पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग मूल रूप से जम्मू कश्मीर राज्य के जनपद पूंछ के निवासी है तथा पैसा कमाने के उद्देश्य से हम लोग जम्मू से आकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में परिवारीजन के नाम के शस्त्र लाकर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते है । दाउद खान व आजाद उपरोक्त दोनों व्यक्ति अल नासिर एक्सपोर्ट्स मीट फैक्ट्री में गार्ड के रूप में राजपूत प्रोटेक्शन सर्विस सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा कार्य कर रहे हैं जिसका संचालन मुमताज खान के द्वारा किया जा रहा है । व मुख्तार उपरोक्त इंटरनेशनल मीट फैक्ट्री में गार्ड के रूप में अक्सा सिक्योरिटी सर्विस सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा कार्य कर रहा हैं, जिसका संचालन जफर इक़बाल के द्वारा किया जा रहा है।

# एनएसएस छात्रों को एसपी ग्रामीण ने दी महिला व बाल अधिकार सुरक्षा सम्मान की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सैफई (इटावा)। सैफई थाने में एनएसएस के छात्रों को आज अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल ने महिला एवं बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी और चर्चा की। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) निदेशालय लखनऊ और उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम सैफई थाने में आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह कॉलेज, हैंवरा के 10 एनएसएस छात्रों को पुलिस व्यवस्था और आपात सेवाओं की बुनियादी जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया गया।एनएसएस की ''नॉट मी बट यू'' थीम के तहत समाज सेवा और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इन छात्रों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को करीब से समझने, उनकी जिम्मेदारियों को जानने और आपातकालीन सेवाओं जैसे 112, 1090, महिला सुरक्षा, और बाल विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने का अवसर प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सतपाल ने छात्रों को भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों और पुलिस की भूमिका के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

छात्रों ने थाने में पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद कर यह समझा कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक आर0 के शर्मा, निरीक्षक तेज सिंह, उप निरीक्षक मोहन वीर मौजूद रहे।

## आकाशवाणी लखनऊ के लोकप्रिय कार्यक्रम लोकायतन में हुआ बिसवां के साहित्यकार सन्दीप मिश्र 'सरस' के अवधी काव्यपाठ का प्रसारण

**बिसवा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रतिष्ठित आकाशवाणी केंद्र लखनऊ में गत दिवस 'लोकायतन' कार्यक्रम में लोकभाषा कवि गोष्ठी'' की रिकॉर्डिंग हुई। जिसमें साहित्यकार सन्दीप मिश्र ''सरस'' के साथ लखनऊ के रचनाकार, भोलानाथ शर्मा पागल और बाराबंकी के जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष भी सम्मिलित रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन संदीप सरस ने किया। रेडियो के लोकप्रिय कार्यक्रम 'लोकातयन' में कल 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को शाम 6 बजकर 30 मिनट से आकाशवाणी लखनऊ पर इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। इसे मीडियम वेव 747 किलो हर्टज या द्ब्रद्गबप धद्ब थद्बन् ऐप पर सुना गया। उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप मिश्र 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और अपने चर्चित कॉलम विमर्श, संवाद, बेबाक, कलमकार, रचनाकर, सृजन के सारथी, आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। उन्होंने बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए ''साहित्य सृजन संस्थान'' द्वारा ''सृजन पुस्तकालय'' की स्थापना की है। उनके लेखन में एक और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तो की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और उनकी रचनाओं में ग्राम्य संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है। उनकी पुस्तक 'कुछ गजलें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है। न्यूज18, आकाशवाणी व दूरदर्शन लखनऊ से उनके काव्य पाठ का प्रसारण होता रहता है।

## कानपुर में सर्दी से बचाव के लिए लोई कंबल वितरण का छायाचित्र

**कानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कानपुर में सोमवार को जो पूरी शहर को साफ रखते हैं उनको समाज मे सम्मान मिलना चाहिए इसी मुहिम को लेकर आज गुरुद्वारा बाबा नामदेव में समिति द्वारा गुरु तेग बहादुर के 350 साल शताब्दी वर्ष को समर्पित लोहड़ी का त्योहार और मकर संक्रांति की शुभ बेला पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। सफाई कर्मयोगियो के साथ सहभोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी विधायक महेश त्रिवेदी के साथ सब ने मिलकर कंबल साल लोई जरूरतमंद लोगों को बाटी।

# बस का पहिया कंडक्टर के ऊपर चढ़ा, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अहिमामऊ चौराहे के निकट सवारियां बिठाते वक्त हुआ हादसा



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ चौराहे पर अवैध रूप से संचालित होने वाले अवैध स्टैंड पर बस में सवारियां बिठाते वक्त बस का पहिया उसी बस के कंडक्टर के ऊपर चढ़ गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को राम मनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि सोमवार की शाम अहिमामऊ चौराहे पर प्लासियो की ओर जाने वाले मार्ग पर जौनपुर को जाने वाले प्राइवेट बस का कंडक्टर सतीराम यादव (40) निवासी जिला अंबेडकर नगर बस में सवारियां बिठा रहा था। बस चालक मान बहादुर निवासी जौनपुर धीरे धीरे चला रहा था तभी कंडक्टर सतीराम अचानक बस की पिछली पहिया ने नीचे आ गया। पिछली पहिया ऊपर चढ़ गई। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुशांत गोल्फ सिटी इंस्पेक्टर ने बताया कि घटना के बाद बस यूपी 45 बीटी 1934 व बस चालक मान बहादुर निवासी जौनपुर को हिरासत में ले लिया गया है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने आज प्रदेश भर में काली पट्टी बांधकर विरोध सभाएं की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया निजीकरण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति करने का टेंडर आज समाचार पत्रों में प्रकाशित होने से बिजली कर्मचारियों का गुस्सा और बढ़ गया है। संघर्ष समिति ने यह निर्णय लिया है कि काली पट्टी बांधकर विरोध का अभियान पूरे सप्ताह जारी रखा जाएगा।

संघर्ष समिति ने संविदा कर्मियों की छटनी की कठोर शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन निजीकरण की जल्दी में बिजली व्यवस्था पटरी से उतार देने पर उतारू है। संविदा कर्मियों को निकाल कर भय का वातावरण बनाया जा रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि भय फैलाकर निजीकरण करने के मंसूबे किसी कीमत पर पूरे नहीं होने देंगे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पी.के.दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आर वाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, देवेन्द्र पाण्डेय, आर बी सिंह, राम कृपाल यादव, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, राम चरण सिंह, मो इलियास, श्रीचन्द, सरजू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, ए.के. श्रीवास्तव, के.एस. रावत, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जी.पी. सिंह, राम सहारे वर्मा, प्रेम नाथ राय, विशम्भर सिंह एवं राम निवास त्यागी ने कहा की ट्रांजैक्शन एडवाइजर/ कंसल्टेंट की नियुक्ति करने के विज्ञापन में साफ-साफ लिखा है की कंसल्टेंट की नियुक्ति उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को पीपीपी मॉडल पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम एवं पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु सहायता प्रदान करने के लिए की जानी है।

संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि आज ही प्रयागराज में शताब्दी का सबसे बड़ा महाकुम्भ प्रारम्भ हुआ और आज ही निजीकरण हेतु टेंडर नोटिस प्रकाशित करना, प्रबन्धन द्वारा जानबूझकर ऊर्जा निगमों में अशांति का वातावरण बनाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में शानदार सफलता की जीवन रेखा बिजली है जिसे श्रेष्ठतम बनाए रखने हेतु बिजली कर्मी लगे हुए हैं। ऐसे में प्रबन्धन की यह कोशिश पूरी तरह अनावश्यक, घोर आपत्तिजनक और अमान्य है। राजधानी लखनऊ में आज लेसा, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय, पारेषण भवन, एस एल डी सी और शक्ति भवन मुख्यालय पर अलग अलग विरोध सभाएं हुई। शक्ति भवन मुख्यालय पर बड़ी सभा हुई।

# 26 जनवरी से बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार के निर्देशानुसार जनपद लखनऊ में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के पत्र संख्या-06 वै0स0/प0आ0/2025 दिनांक 08 जनवरी 2025 के द्वारा ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति लागू करने की बात कही गई है।आपको बता दें कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटर यान नियमावली 1998 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो बी0आई0एस0द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर थान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है।इस सम्बन्ध में जनपद-लखनऊ में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये जाते हैं कि आगामी 7 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेगें, कि दिनांक 26 जनवरी 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो ।सभी पेट्रोल पम्प संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। जिलाधिकारी के इस निर्देश के बाद अब हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा क्योंकि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन पर पेट्रोल नही डलेगा 26 जनवरी के दिन से पेट्रोल पम्पों पर क्या स्थति होती है ये देखने वाली बात होगी।

# धनुष यज्ञ मेले का हुआ आयोजन, स्थानीय कलाकारों ने किया मंचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटौंजा लखनऊ। राजधानऊ के ग्राम पंचायत महिगवां में 85 वॉ धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया स्थानीय कलाकारों में मगन विहार पाण्डेय के द्वारा बाणासुर,अजय पाण्डेय राजा जनक,अमन पाण्डेय रावण,, युवराज गोस्वामी भगवान राम विशेष सैनी लक्ष्मण,जमुना मिश्रा ने परशुराम की भूमिका निभाई।वही अन्य किरदारों में जमील खान मोची,मैन बहादुर यादव घसियारा बिंद्रा गुप्ता शूद्र वही सुनील यादव ने इंस्पेक्टर के रोल को जीवंत कर दिया।वही रात में नौरैया पार्टी द्वारा रासलीला का मंचन भी किया गया,हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने रामलीला व रासलीला को देखा।वहीं आयोजित मेला कमेटी में अध्यक्ष प्रदीप सिंह प्रबंधक अनिल कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष वारिस अली उपाध्यक्ष पिंटू सिंह मेला मंत्री मिलन रावत रहे। वहीं मेले में स्थानीय विधायक योगेश शुक्ला साथ मे राहुल कृष्णा यादव प्रधान,अमित गुप्ता प्रधान प्रतिनिधि,विजय शुक्ला सहित ग्राम पंचायत महिगवां की ग्राम प्रधान पुष्पा रावत ने पहुंच कर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया।

## क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर हो गई ठगी, मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के समर विहार कॉलोनी बाग नंबर दो कानपुर रोड निवासी रवि शंकर सक्सेना ने स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है कि बीती 28 दिसंबर को उनके मोबाइल फोन पर एक्सिस बैंक कॉल सेंटर के नाम से एक फोन आया जिसमें उनको बताया गया कि आपका क्रेडिट कार्ड एक्टिव नहीं है एक्टिव करने के लिए एक एप्लीकेशन डाउनलोड करो इसके बाद जब उन्होंने 30 दिसंबर को एप्लीकेशन डाउनलोड की तो उनका मोबाइल हैंग हो गया इसी शाम 5 बजे उनके फोन पर एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से 1,42,487 रुपए की फ्लिपकार्ट से खरीदारी का मैसेज आ गया। इसके बाद उन्होंने बैंक में कस्टमर केयर पर फोन करके अपना क्रेडिट कार्ड बंद कराया व अगले दिन साइबर क्राईम सेल हजरतगंज में सूचना देकर ऑनलाइन कंप्लेंट दर्ज कराई। इसके बाद बीती 10 जनवरी को जब साइबर क्राइम सेल गया तो वहां बताया गया कि आपके कार्ड से फ्लिपकार्ट द्वारा एक मोबाइल मसूदाबाद नजफगढ़ नई दिल्ली निवासी राहुल द्वारा खरीदा गया है। मुझे राहुल का मोबाइल नंबर भी दिया गया। पीड़ित की सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू की है।

## अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** सोमवार को नगराम पुलिस ने 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि सोमवार की शाम को हरदोइया चौकी पर तैनात दरोगा सैय्यद हाशिम अली ने मुखबिर खास की सूचना पर बहरौली गांव निवासी रामखेलावन को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ लिया । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम धारा 60 के तहत कार्रवाई की गई है।

## अवैध खनन में लगे चार डंपरों को किया गया सीज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज पुलिस ने राविवार की रात को अवैध खनन में लगे चार डंपरों को सीज कर उन्हें जब्त कर लिया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अमेठी पुलिया से अवैध खनन की मिट्टी का परिवहन कर रहे चार डम्परो को रविवार की मध्य रात्रि को पुलिस चेकिंग के दौरान अमेठी पुलिया पर चार डम्पर वाहनों के आने पर उनको रोका गया और चेक किया गया तो उनमें मिट्टी लदी होना पाया गया। डम्पर चालकों से मिट्टी के परिवहन के सम्बन्ध में मौके पर पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा थाना गोसाईगंज के ग्राम घुसकर से मिट्टी खनन कर लोड करने की बात बतायी गयी। डम्पर चालकों से मिट्टी के खनन एवं परिवहन सम्बन्धी कागजात तलब करने पर कोई भी वैध कागजात नहीं दिखा सके। जिसके उपरान्त उपरोक्त चारों वाहनों को सीज कर उन्हें जब्त कर लिया गया।

## लापता व्यक्ति का मिला शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में महुरा खुर्द गांव से बीते आठ जनवरी से लापता व्यक्ति का शव गांव से कुछ दूरी पर लोनी नदी के किनारे सोमवार की दोपहर पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। एसएचओ ब्रिजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईंगंज के महुरा खुर्द गांव निवासी राजेंश कुमार (55) बीते 8 जनवरी से लापता थे। परिजनो ने खोजबीन के बाद पता न चलने पर 9 जनवरी को गोसाईंगंज थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। तभी से कुछ पता नही चल पा रहा था। सोमवार को गांव के लोग लोनी नदी के किनारे अपने मवेशी चरा रहे थे। तभी शव देख गोसाईंगंज पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजन सत्यम वर्मा ने बताया कि मृतक को मिर्गी की शिकायत थी। उसका इलाज नूरमंजिल अस्पताल से चल रहा था।

## दौलत गंज वार्ड मे पार्षद निधि से हुआ सड़क व नाली निर्माण का कार्य



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दौलत गंज वार्ड की पार्षद रानी कन्नौजिया द्वारा पार्षद निधि का उपयोग कर वार्ड के लोगों को राहत भरी सौगात दी गई है पार्षद निधि से टेढ़ी नीम मंदिर से मुकेश के घर तक आर सी सी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करा कर वहां के लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया गया है कार्य पूर्ण होने के मौके पर स्थानीय निवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री,सांसद,विधायक और महापौर का धन्यवाद किया है ।पार्षद रानी कन्नौजिया द्वारा कहा गया कि सभी की प्रेरणा से ये कार्य संभव हुआ है जो काफी समय से लंबित था उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही हमारी सरकार का मूल उद्देश्य है जिसे हम हर सम्भव प्रयास से धरातल पर उतार रहे हैं।

# गरीब परिवारों में बांटे गए कंबल और गर्म कपड़े



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सर्दी के कठोर मौसम में गरीब परिवारों की मदद के उद्देश्य से जुगौली गांव में जरूरतमंद परिवारों को कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस आयोजन में कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और समर्पण को प्रकट किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एच.ए.एल. लखनऊ स्कूल की प्रिंसिपल कैप्टन किरण मिश्रा थीं। साथ ही, क्षेत्रीय सभासद कौशल शंकर पांडे, मंडल अध्यक्ष एस.पी. कंचन, और ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष सोनू यादव ने भी इस पहल में भाग लिया।

मीरा यादव और सचिव मैत्रेयी दास के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने सभी गरीब परिवारों के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की और बच्चों के साथ खुशियों के पल साझा किए। इस मौके पर कैप्टन किरण मिश्रा ने कहा, हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने के साथ-साथ उनके जीवन में एक नई आशा जगाना है।''

मंडल अध्यक्ष एस.पी. कंचन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, समाज के गरीब और वंचित वर्ग के लिए हमारी छोटी-छोटी पहलें बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं। सोनू यादव ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, ''यह कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण है। हम सभी को ऐसे प्रयासों में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद कौशल शंकर पांडे ने ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा, ''आई फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है और समाज में समानता और समर्थन की भावना को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के दौरान, ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों और परिवारों से संवाद करते हुए उनके जीवन की कठिनाइयों को समझने की कोशिश की और सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# बहुजन क्रांति संघ की बैठक मोहनलालगंज में संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को मोहनलालगंज लखनऊ राधास्वामी सत्संग व्यास स्थिति माधव खेड़ा में बहुजन क्रांति संघ की बैठक सम्पन्न हो हुई , जिसके आयोजक संजय पासी थे जिसके मुख्य अतिथि रहे महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति व बहुजन क्रांति संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल पासी व प्रदेश अध्यक्ष डीपी रावत। बहुजन क्रांति संघ की बैठक में आए हुए सभी पदाधिकारी ने संघ को आगे बढ़ाने के लिए अपने-अपने विचार प्रकट किया। मोहनलालगंज विधानसभा कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई जिसमें नए-नए पदाधिकारी को नियुक्त कर नियुक्त पत्र दिया गया जिसमें जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार पासी, उन्नाव से अमरेश कुमार पासी, जिला उपाध्यक्ष राम प्रताप पासी, फूलचंद गौतम, राजकुमार पासी, मीडिया प्रभारी करन रावत, पत्रकार सोनेंद्र पासी सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

# महाकुंभ के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। महाकुंभ के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में निर्देश दिए गए थे की प्रयागराज और अयोध्या रूट के सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देशित किया जाए के उनके यहां जो शौचालय है उनको तत्काल अपग्रेड करना सुनिश्चित किया जाए कि उसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ शौचालय, वाशबेसिन और पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध रहे।

साथ ही निर्देश दिया कि सभी पेट्रोल पम्प संचालक शौचालयों में एक एक सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाते हुए इसकी सूचना मोबाईल नंबर सहित उपलब्ध कराए और वॉशरूम/शौचालय आदि की फोटो वीडियो सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराए। जिसका अनुपालन तत्काल सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया की हर रूट के लिए जिला प्रशासन द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा चुके है। जो अपने अपने रूट की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे। साथ ही निर्देश दिया कि उक्त रूट पर पढ़ने वाले शासकीय कार्यालयो व सामुदायिक केंद्रों पर भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सभी रूटों पर मोबाईल शौचालय की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए और सभी नोडल अधिकारी अपने अपने रूटों पर निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएंगे। उक्त बाद जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए गए की उक्त रूटों पर सतत निगरानी करते हुए फूड स्टालों, ठेला, रेस्टोरेंट आदि पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की चेकिंग स्वच्छता और गुणवत्ता मानक के अनुसार है या नहीं इसका निरीक्षण करते हुए सैंपलिंग करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त के साथ ही प्रतिष्ठानों/स्टालों पर रेट लिस्ट चस्पा कराएंगे ताकि ओवर प्राइसिंग न होने पाए। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा शहरी क्षेत्रों में नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारियों को दिन में दो बार कूड़े के निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# एलडीए ने बालू अड्डा के पास हटाया अवैध अतिक्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने हजरतगंज में बालू अड्डा के पास अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला कर 2 दर्जन अस्थायी अवैध निर्माणों को ध्वस्त करके जगह खाली करायी है। कार्यवाही के दौरान कब्जेदारों द्वारा स्वयं अवैध निर्माण हटाने की बात कहते हुए समय की मांग की गयी। जिस पर उन लोगों को तीन दिन की मोहल्लत दी गयी है। प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि हजरतगंज में बालू अड्डा के पास नैमषारण्य गेस्ट हाउस के बगल में 2 लाख 59 हजार वर्गफिट नजूल भूमि है। इस भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से टीन शेड व झुग्गी बनाकर कबाड़, फर्नीचर, टायर, हाईवेयर आदि का कारोबार किया जा रहा है। इन अवैध कब्जेदारों को कई बार जगह खाली करने के सम्बंध में हिदायत दी जा चुकी है लेकिन उन लोगों ने कब्जा खाली नहीं किया। इस पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मौके पर अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। जिसके चलते सोमवार को नजूल अधिकारी संजय सिंह ने प्राधिकरण की टीम के साथ स्थल पर अभियान चलाया। इस दौरान लगभग दो दर्जन अस्थायी अवैध निर्माणों को हटाकर जगह खाली करवायी गयी। इस बीच अवैध कब्जेदारों ने अपने स्तर से कब्जा खाली करने की बात कहते हुए सामान हटाने के लिए समय देने की मांग की। जिस पर उन लोगों को कब्जा खाली करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। इस अवधि में अवैध कब्जा खाली न करने पर प्राधिकरण द्वारा स्थल पर पुनः अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

# नूरबाड़ी में चला बिजली विभाग का ड्रोन, पकड़ी गयी आठ चोरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को मुख्य अभियन्ता लेसा सिस गोमती रवि कुमार अग्रवाल व तालकटोरा सर्किल 3 के अधीक्षण अभियन्ता मुकेश त्यागी के निर्देश पर अधिशाषी अभियन्ता कुलदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अखिलेश यादव, अवर अभियन्ता राजेश कुमार ने अन्य कर्मचारियो के साथ नूरबाड़ी उपकेन्द्र से सम्बन्धित विभिन्न क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 110 कनेक्शनों को चेक किया गया टीम द्वारा अभियान के दौरान ड्रोन चला कर भी कई कनेक्शनों को चेक किया गया। इस दौरान 8 उपभोक्ताओ को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। जिसमे मौला नगरी निवासी भूरे, व यूसुफ, मुन्नी, ताज आलम, असलम व मुगल साहब इमामबाड़ा रूस्तम नगर निवासी रौनक अली, रूस्तम नगर मौला नगरी निवासी हुमायू बेगम, असलम, हाता नूर बेगम का नाम शामिल है। अधिशाषी अभियंता ने बताया सभी आठ उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता को बढ़ाते हुए जिलाधिकारी ने शत्रु सम्पत्ति पर गौशाला बनाने का लिया निर्णय

❐ भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली/सीतापुर। तहसील सिधौली के ऐतिहासिक ग्राम बाड़ी में शत्रु सम्पत्ति घोषित भूमि पर गौशाला बनाये जाने के शासन के निर्णय की सराहना करते हुए भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश (अवध प्रान्त) के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर आभार प्रगट किया है। संगठन के ब्लॉक मंत्री रामनाथ रावत ने मुख्यमंत्री को लिखे गये आभारपत्र में बताया कि शत्रु सम्पत्ति घोषित भूमि पर लम्बे समय से गांव के भूमाफिया ने कब्जा कर रखा था और उक्त भूमि पर कब्जा करने के लिए तरह तरह के मंसूबे बनाये जा रहे थे।

गोमाता की रक्षा और गौवंश के संवर्धन के प्रति शासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जनपद के जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त भूमि पर गौशाला का निर्माण करवाने का जो निर्णय लिया गया है उससे क्षेत्र के कृषकों और गोवंश के प्रति आस्था रखने वाले हिन्दू समाज में प्रसन्नता व्याप्त है। इससे क्षेत्रीय कृषकों को आवारा गोवंश से अपनी फसलों को बचाने में मदद मिलेगी तथा खाली पड़ी भूमि का भी अत्यन्त सराहनीय प्रयोग होगा।

उन्होंने मांग की कि गौशाला का निर्माण अतिशीघ्र करवाया जाये। किसान संघ कार्यकर्ता विजय रावत, प्रेम, बब्लू , चन्द्र, राजेश, यतेन्द्र, रमाकांत ,अशोक ,भग्गू आदि ने भी सरकार के गौशाला निर्माण के निर्णय पर हर्ष व्यक्त किया है।

# दिल्ली गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होंगे खीरी जिले के दो ग्राम प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। यूपी के लखीमपुर-खीरी जिले में एक ऐसा गांव है जहां गलियों की स्वच्छता से लेकर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को आमजनता तक पहुंचाकर बेहतरीन विकास कार्य किए है प्रधान ने अपने गांव की तस्वीर को इस तरह बदलने का प्रयास किया है कि उनके काम की चर्चा जिले में ही नहीं बल्कि लखनऊ तक होने लगी है।

इतना ही नहीं ग्राम प्रधान को इस बार गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली से बुलावा भी आया है।



नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित परेड में खीरी जिले के दो प्रधानों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। पूरे प्रदेश के 106 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने से पहले इन प्रधानों के बारे में सभी सूचनाएं सरकार ने मांगी है 26 जनवरी को आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में खीरी जिले की ग्राम पंचायत मियांपुर मोहम्मदी प्रधान मिथुन कुमार डाली और मितौली के रेवाना के प्रधान वीरेन्द्र कुमार को आमंत्रित किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि यह दोनों प्रधान गणतंत्र दिवस परेड में विशेषज्ञ अतिथि के रूप में शामिल होकर परेड देखेंगे।

इसको लेकर प्रधानों में खुशी है। हालांकि सरकार ने उन ग्राम पंचायतों के प्रधानों को आमंत्रित किया है जिनमें सरकार की छह योजनाओं से संतृप्त किया गया हो, राष्ट्रीय या राज्य पुरस्कार मिला हो इसके अलावा कई योजनाओं में बेहतर काम किया हो। खीरी जिले की 1164 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ दो ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को ही आमंत्रण मिला है।

# फरार वारंटियों की अब खैर नही फरार वारंट हैदराबाद पुलिस की गिरफ्त में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा एक नफर वारन्टी अभियुक्त को हिरासत में लिया है पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे।

अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवा जी दुबे के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर हैदराबाद पुलिस टीम ने एक फरार वारंटी रामपाल पुत्र।

छोटान उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जिला खीरी को हिरासत में लिया है विधिक कार्यवाई सुनिश्चित करते हुए वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में वारंटी को हिरासत में लेने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक सतीश चन्द्र,का0 अरविन्द कुमार,का0 सचिन कुमार शामिल रहे।

# बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवां का वार्षिकोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवां का वार्षिकोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह तहसील प्रांगण मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष लालजी वर्मा ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप मे बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल एडवोकेट एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे एमएलसी पवन सिंह चौहान व क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके उपरांत एसोसिएशन के पूर्व दिवंगत अध्यक्षों भोला नाथ बाजपेई, सुनील पांडेय, रामप्रकाश शुक्ला, चंद्र कुमार वैश्य, दिनेश प्रकाश शुक्ला, सतेंद्र बाजपेई के चित्रों का अनावरण किया गया एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह अटल ने नव निर्वाचित अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई एवं सचिव सत्य प्रकाश सिंह सहित नव कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। निवर्तमान सचिव सुशील कुमार



शुक्ला ने बीते वर्ष की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने अधिवक्ता संरक्षण की मांग को लेकर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इसपर विचार कर रही है और इसपर प्रारूप बनाकर प्रदेश सरकार को भेजा गया है। उन्होंने दावा किया कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम सबसे उत्तर प्रदेश मे लागू किया जायेगा।

उन्होंने वकीलों से एकजुट होने की अपील करते हुए नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि भगवान की विशेष दृष्टि से ही अधिवक्ता बनते हैं क्योंकि अधिवक्ता दूसरों का दर्द व्यवस्थापित करते हैं। विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि तहसील बिसवां मे आपसी असमंजस के कारण वकीलों के दो संगठन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वो दोनों संगठनो को एक करने का प्रयास करेंगे। अंत मे अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेई ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार विनोद शर्मा, कुँवर दिनकर प्रताप सिंह, आराध्य शुक्ला, मोहित जायसवाल, लालजी वर्मा पदम कंात शर्मा, आनंद मेहरोत्रा, आर एन सिंह, ऋतुराज सिंह, अश्वनी त्रिपाठी, नीरज सिंह, सुशील शुक्ला, उमर अंसारी, रेनु राजपूत, नवेद सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, इंतिखाब आलम समेत बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

## शहीद चंद्रभान चौरसिया की पांचवी पुण्यतिथिआज,तैयारियां पूरी

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही निवासी शहीद चंद्रभान चौरसिया की पुण्यतिथि पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हैं। मंगलवार को शिद्दत से शहीद की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। शहीद के पिता राजबलम चौरसिया व पत्नी पिंकी चौरसिया ने संयुक्त रूप से बताया कि पैतृक गांव में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा, मशाल दौड़ व अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। मंगलवार को प्रातः नौ बजे से तुर्कपट्टी सूर्यमंदिर से बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा खेल मैदान तक 51 धावकों की टीम मशाल दौड़ में शामिल रहेगी। खेल मैदान से समाधिस्थल तक मशाल दौड़ में 21 धाविकाएं जुड़ जाएंगी। समाधिस्थल पर दोपहर 12 बजे आयोजित सभा में स्व. चंद्रभान के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाल शहीद को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# ओवर हाइट गन्ना ट्रक से एल टी लाइन क्षतिग्रस्त

❐ आये दिन होते हैं हादसे, जिम्मेदार मौन

❐ जिम्मेदारों की अनदेखी से धड़ल्ले से फर्राटा भरते हैं ऐसे वाहन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहंगीराबाद (सीतापुर)। सीतापुर - बहराइच मार्ग पर दिन रात धड़ल्ले से ओवरलोड तथा ओवरहाइट वाहन दौड़ लगाते रहते हैं लेकिन जानबूझ कर जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण आये दिन भयंकर हादसे होते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सोमवार को सदरपुर थाना क्षेत्र के फरदापुर चौराहे पर देखने को मिला जहां ओवर हाइट गन्ना लादकर बिसवां चीनी मिल जा रहे ट्रक संख्या यू पी 34 टी 4775 ने मुख्य मार्ग पर होकर निकली हाईटेंशन बिजली लाइन के तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ओवरहाइट गन्ना में फंसकर तार आपस में चिपक गये जिन्हें चौराहे पर मौजूद ग्रामीणों ने सूखे बांस से



अलग किया। लगभग आधा दर्जन घरों में गये एल टी लाइन के केबल टूटकर गिर गये।गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय बिजली की रोस्टिंग चल रही थी वरना किसी बड़ी घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था। गत 23 दिसम्बर को भी जहांगीराबाद क्रय केन्द्र से गन्ना लदा ओवरहाइट ट्रक बिसवां सेक्सरिया सुगर फैक्ट्री जा रहा था।वह रोड पर दाहिनी ओर को झुका झुका कुछ दूर तक तो गया फिर सेंटर से दूसरे खाली ट्रक को भेजकर दाहिनी ओर लगाकर गन्ना अनलोड कराया गया। इस बीच तीन किलोमीटर तक रोड पर अफरातफरी बनी रही फिर भी जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। इससे पहले शुरुआत में ही ओवरहाइट ट्रक द्वारा बिजली के केबल तार टूट चुके हैं। फरदापुर चौराहे पर एल टी लाइन क्षतिग्रस्त होने से लगभग आधा दर्जन घरों की आपूर्ति ठप हो गई। ग्रामीणों ने लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर ओवरहाइट ट्रक को रोक कर विरोध जताया। चालक आसिफ ने कहा कि मालिकान कहते हैं कि कम-से-कम 14 गाड़ी गन्ना लादकर लाओ नहीं तो डीजल पूरा नहीं पड़ेगा तथा तुमको नौकरी का पैसा कहां से देंगे।

# श्री पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

❐ श्री पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन-खीरी। जिले की निघासन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरोठा में श्री पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं कथा आयोजन किया गया जिसमें गांव के सैकड़ों भक्तों ने यज्ञदेव के प्रसन्नार्थ आहुतियां प्रदान की। ग्राम पंचायत बरोठा में जन कल्याणार्थ श्री पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित टोली नायक बृजेंद्र त्रिपाठी के साथ जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय , रामसजीवन, जयसिंह आदि ने मुख्य श्री नेकीराम शुक्ला, कमलेश विश्वकर्मा, रामनरेश जायसवाल, वीरेंद्र तिवारी, मुनेश जायसवाल, के.के.विश्वकर्मा, मोनू जायसवाल, राकेश जायसवाल, अमर प्रकाश शुक्ला, रामजीवन लोधी, पवन गिरी, हेमंत शुक्ला आदि के द्वारा, सर्व प्रथम, देवपूजन, वेदी पूजन , करवा करके यज्ञाहुति प्रदान करवाया, इस मौके पर यज्ञ समिति के



परिजनों के साथ गांव के सैकड़ों भक्त जन उपस्थित रहे महायज्ञ का उद्देश्य जन कल्याण और शांति की प्राप्ति था। आयोजन में भाग लेने वाले भक्तों ने यज्ञदेव के प्रसन्नार्थ आहुतियां प्रदान की और पवित्र गायत्री मंत्र का जाप किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व का था, बल्कि यह समुदाय के लिए एकता और सद्भावना का प्रतीक भी था। आयोजन के दौरान, भक्तों ने एक दूसरे के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और यज्ञ की सफलता के लिए प्रार्थना की।

इस प्रकार, श्री पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं कथा आयोजन ने न केवल धार्मिक महत्व को बढ़ावा दिया, बल्कि यह समुदाय के लिए एकता और सद्भावना का प्रतीक भी बन गया।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के द्वारा सिर्फ़ हिंदुओं को भू माफिया घोषित करना और अपनो रहम कहां का न्याय है: विकास हिन्दू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के केंद्रीय कार्यालय सिविल लाइन सीतापुर में आयोजित प्रेस वार्ता मे राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस सांसद पर निशाना साधते हुए कहा की क्या एक धर्म के केवल भू माफिया है क्यों आप उन दूसरे भू माफियाओं के खिलाफ बोलने से डरते है या कोई मोटी सुविधा मिल रही है विकास हिन्दू ने नाम लेते हुए शहर के उन तमाम भू माफियाओं के नाम उजागर किये जो कांग्रेस के वोट बैंक से आते है विकास हिन्दू ने कांग्रेस सांसद से प्रश्न करते हुए कहा कि जो आपके भाई अनुपम प्रॉपर्टी डीलिंग करते है वह सब नियमानुसार हीं होती है आपकी भी जाँच होनी चाहिए क्या आपने जो अपने घर के पड़ोस मे जो नजूल की जमीन पर कब्जा करके गाड़िया खड़ी करते है वो जायज है. जिस दिन आप सांसद का चुनाव जीते थे उसी दिन मतगड़ना स्थल पर कुछ भू माफिया का नाम लिए थे उनको कौन सी नदी मे स्नान



करवा कर पवित्र कर दिया जो अब चुप हो गए या मोटी सुविधा प्राप्त हो गयी इसलिए सांसद जी आपसे अनुरोध है की जो करे सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें अगर हिन्दू भू माफिया के खिलाफ आप प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते तो जो मुस्लिम भू माफिया के भी नाम लेना चाहिए था वो इसलिए नहीं ले सकते क्योंकि पहली बात आपका वोट बैंक नाराज हो जायगा दूसरे आपकी कमाई बन्द हो जाएगी मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी भू माफिया की सूची दे रहा हूं अगर जाँच करवानी है तो सभी की करवाइये केवल व्यक्तिगत जलन भावना से किसी को टारगेट मत कीजिये अगर जाँच इन सबकी करवाए कुछ मशहूर भू माफिया के नाम इस प्रकार है .. नवी रसूल, शराफत प्रधान, शकील ट्रडर्स, शकील टुंडा, कमल अंसारी, एलसिया नासरु आदि इन सब की सम्पति और कमाई की न्यायिक जाँच होनी चाहिए

## चर्चित चिकित्सा अधीक्षक का उसी स्वास्थ्य केंद्र पर पुनः किया स्थानांतरण, विधायक रामकृष्ण भार्गव ने लिखा पत्र

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को ईमेल पत्र लिखकर अवगत कराया है कि वर्तमान कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश चन्द्रा द्वारा आपके आदेशानुसार तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिधौली के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डॉ राकेश वर्मा को चिकित्सा अधीक्षक के पद से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर में चिकित्सा अधिकारी के पद पर विगत पांच माह पहले भेजा गया था। वर्तमान कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कमलेश चन्द्रा द्वारा डा राकेश कुमार वर्मा को चिकित्सा अधिकारी के पद पर पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में नियुक्ति कर दिया गया है। बताते चलें कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को केवल सरकारी दफ्तरों का कार्य संचालन होता रहें इतना कार्यभार का चार्ज दिया जाता है। परन्तु वर्तमान कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्थानांतरण आदि कार्यों को संचालित किये जाने के आरोप लग रहे हैं। जबकि कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यकाल 31-1-2025 को समाप्त होने जा रहा है। इनके कार्यों की जांच हेतु मिश्रिख विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकृष्ण भार्गव ने शासन एवं जिला अधिकारी को पत्र लिखकर मांग की गई है।

## तलाब में तैरती मिली थी युवक की लाश, पिता ने हत्या का आरोप लगाकर लगाई गुहार

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चपरतला गांव में बीते 13 दिसंबर को अपने घर से लगभग 100 मीटर दूरी पर गुरुचरण की लाश एक तालाब में पाई गई थी पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए गुरचरण को लखीमपुर भिजवाया पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में गुरुचरण की मौत डूबने के कारण हुई इसकी पुष्टि हुई गुरचरण के पिता बलकार सिंह ने आरोप लगाया है कि हमारे लड़के की साजिशन हत्या कराई गई है हत्या का आरोप गोपाल पुत्र शरद चंद पर लगाया है बलकार सिंह का कहना है कि मैं काफी दिनों से पुलिस के चक्कर लगा रहा हूं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है जमीनी विवाद को लेकर हमारी और गोपाल की कई सालो से मुकदमे बाजी चल रही है हमको कई बार उन्होंने मौखिक धमकी भी दी थी कि तुम्हारे लड़के की हत्या करवा देंगे बलकार सिंह ने बताया कि हमको आए दिन गोपाल के द्वारा प्रताड़ित किया जाता था हमारे लड़की की हत्या गोपाल ने ही करवाई है अगर मामले की जांच पुलिस सही से करेगी तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## बिजली कटौती से नहीं मिल पा रही निजात, उपभोक्ता परेशान

**औरंगाबाद-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** औरंगाबाद पावर हाउस से संचालित लिंक लाइन फीडर के दर्जनों गांवों की बिजली एक सप्ताह में 40 घण्टे भी नही मिली बिजली।इन दिनों भीषण सर्दी पड़ रही है। भीषण सर्दी के बीच बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से गैंहू, सरसों,आलू की फसलों की सिचाई नही हो पा रही है। जिससे फसलों में काफी नुकसान हो रहा है।लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।तमाम प्रयासों के बावजूद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा। ग्रामीण अंचलों में बिना रोस्टर के आपूर्ति की जा रही है। दिन में भी घंटों कटौती की जा रही। इससे इलेक्ट्रानिक मरम्मत की दुकानों में कार्य प्रभावित हो रहा। शाम के वक्त कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। इससे इलाकाई लोग भयभीत हैं।ट्रिपिंग व लोकल फाल्ट से मुश्किलें और बढ़ जातीं। शिकायत के बाद भी महकमे के इंजीनियर चुप्पी साधे हुए हैं।ग्रामीण क्षेत्रो में 18 घंटे बिजली देने का शेडयूल है। यह शेडयूल कागजों में सिमट कर रह गया है। इछना व टाउन फीडर में जहां उपभोक्ताओं की बिजली कटौती के साथ ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं,लिंक लाइन फीडर के गाँव हरदमा, जहाननगर, फरिया पिपरिया, ढखौरा,वीरमपुर, बाईं कुआं, पिपरी अजीज, कोटरी,निजामपुर, आदि क्षेत्रों में महज बीते एक सप्ताह में 40 घण्टे भी नही मिली बिजली यहां 24 घण्टे में 3 से 5 घंटे ही बिजली आपूर्ति मिल रही है। क्षेत्र के गांव ढखौरा निवासी नवनीत कुमार ने बताया कि आए दिन लाइन में फॉल्ट बना रहता है। एक सप्ताह में तीन दिन बिजली गायब ही रहती है।

## आजमगढ़-लखनऊ की टीमों ने अपने मैच जीते

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज सोमवार को क्षेत्र के बसडीला पाण्डेय में राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा आयोजित अन्तर्राजीय वालीबाल प्रतियोगिता में कुल पाँच मैच हुए।रोमांचक मुकाबलों में आजमगढ़ व लखनऊ ने अपने-अपने मैच जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। सुबह सबसे पहला मुकाबला शक्ति क्लब बस्ती व महाराणा प्रताप एकेडमी लखनऊ के बीच हुआ जिसमें लखनऊ की टीम 15-8 व 15-7 से विजेता बनी।दूसरे मैच में स्थानीय आजाद क्लब बतरौली बाजार ने बिहार के बेगूसराय को 15-3 व 151-14 से पराजित किया।तीसरे मैच में महाराणा प्रताप लखनऊ की टीम ने राजपूत क्लब छपरा को 15-14 व 15-4 से लगातार दोनों सेट में मात दिया।चौथे मैच में नेहरू क्लब आजमगढ़ की टीम ने शक्ति क्लब बस्ती 15-8 व 15-14को पराजित किया।सबसे रोमांचक मुकाबले में आजमगढ़ ने छपरा को 15-8 व 16-15 से पराजित किया।आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक उमाशंकर नायक और जिपंस प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का शुभारम्भ किया।प्रतियोगिता के आयोजक डा0 सत्येन्द्र पाण्डेय ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस अवसर पर काफी संख्या में उपस्थित खेल प्रेमी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

# स्वामी जी के विचारों को युवा पीढ़ी को आत्मसात कर ऊर्ज़ा प्राप्त करनी चाहिए: संत बृजमोहनदास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बहादुरपुर में श्री राम कृष्ण विवेकानंद मिशन, बहादुरपुर के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दशरथ गद्दी, अयोध्या के पीठाधीश्वर युवा संत बृजमोहनदास जी महाराज ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचारों को युवा पीढ़ी को आत्मसात कर ऊर्ज़ा प्राप्त करनी चाहिए जिससे भावी भारत का नव निर्माण हो सके और भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर आरूढ़ होकर न केवल भारत का वल्कि विश्व का कल्याण कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने विचार प्रकट करते हुए मिशन के सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता निलय सिंह ने कहा कि स्वामी जी का जीवन और उनका उपदेश हजारों साल तक युवकों को देशवासियों के लिए इस वसुधा के लिए समर्पण एवं त्याग, सेवा का संदेश देता रहेगा। सेवानिवृत अध्यापक सूर्यदेव कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी अद्भुत संत थे जिन्होंने विदेश में जाकर भारत को



सम्मान दिलाया। धर्म के प्रति उन्होंने जिज्ञासा जगाने का कार्य किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं मिशन के सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी ने शिकागो में अपनी वाणी से भारतवर्ष के संदेश को विश्व के पटल पर पहली बार प्रस्तुत किया। वे अपने महान् गुरु के महान शिष्य थे। श्री राम कृष्ण विवेकानंद मिशन, बहादुरपुर के अध्यक्ष भाजपा नेता जयंत कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी का भव्य दिव्य जीवन ही उनका संदेश है। उनके विचार जन जन तक पहुंच सके इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आने का उन्होंने आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि अभय बनो उनका उपदेश था, जागो उनका संदेश, अपने को पहचानो उनका मंत्र था। श्री राम कृष्ण मिशन का संगठन खड़ा कर उन्होंने दरिद्र नारायण की सेवा एक अभियान चलाया जो आज भी जारी है। उन्होंने घोषणा की कि मैं उस प्रभु का सेवक हूं जिसे अग्यानी लोग मनुष्य कहते हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सीबीआई अधिकारी सेवा निवृत सुरेंद्र राय, भाजपा नेता धनंजय राय, अतुल श्रीवास्तव, त्रिभुवन जायसवाल आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इस अवसर पर मोहन गुप्ता, राकेश गुप्ता, मोती जायसवाल, बृजभूषण मिश्र बड़का बाबू, चिरंजीवी तिवारी, नंदलाल कुशवाहा, राजन मिश्र आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत कुमार सिंह ने एवं संचालन मिथिलेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने मिठाइयां खाई। कार्यक्रम को लोगों ने काफी सराहा।

# महाराणा प्रताप औद्योगिक आईटीआई कॉलेज में छात्रों को हुआ टेबलेट वितरण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। आज दिन सोमवार को महाराणा प्रताप औद्योगिक आरटीआई कॉलेज में मुख्य अतिथि के हाथों 77 टेबलेट वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी रतनपाल सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विधायक मदन गोविन्द राव, ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय लक्ष्मण के हाथों से टैबलेट बांटे गए। तथा ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने सभी अतिथियों को स्वागत किया । एमएलसी रतनपाल सिंह ने कहा की यह टैबलेट छात्रों को डिजिटल के रूप में सशक्त बनाने और नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद करेगा।

टैबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे। ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने कहा कि यह टैबलेट छात्रों को डिजिटल के रूप में सशक्त बनाने के लिए मदद करेंगी और उनके लिए नौकरी के अवसर भी पैदा करेंगे योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने राज्य के गरीब कॉलेज के स्टूडेंट को फ्री में मोबाइल और टैबलेट बांटने की योजना बनाई है। यह सरकार तकनीकी चिकित्सा और नर्सिंग संस्थान ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट को फ्री टेबलेट और स्मार्टफोन दे रही है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय यादव लक्ष्मीगंज केन यूनियन के अध्यक्ष धनंजय गोविन्द राव आलोक गोविन्द राव रिंकू बाबू,वरुण राय महामंत्री अमित गोविन्द राव जितेश गोविन्द राव प्रधान राजेश सिंह प्रधान शत्रुंजय सिंह भाजपा नेता अजय गोविन्द राव शिशु बाबू रितेश प्रताप सिंह, लोग भी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नारकोटिक्स की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहाँपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण समिति कानून व्यवस्था एवं नारकोटिक्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने नारकोटिक्स एवं आबकारी विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गत माह में पुलिस विभाग, आबकारी एवं औषधि निरीक्षक द्वारा की गयी कार्यवाही की जानकारी ली। सीएम डैशबोर्ड पर आबकारी विभाग की 28वीं रैंक होने पर जिलाधिकारी ने आपित्त व्यक्त की।

आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनवरी 2025 में 56 शराब के अभियोग पंजीकृत किये गये कुल 1030 ली. शराब अपहृत की गयी तथा 1180 किग्रा. लहन पकड़ी गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा ठीक ढंग से कार्य नही किया गया। जिलाधिकारी ने एनएच के किनारे मदिरा की दुकानों को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये आबकारी अधिकारी को सख्त निर्देश दिये कि एनएच किनारे 200मी. तक किसी भी दशा में मदिरा/शराब की दुकान संचालित न हो यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होने एनएच पर पूर्व से संचालित दुकानों को हटाए जाने के सख्त निर्देश दिये। नारकोटिक्स के अन्तर्गत जानकारी देते हुये बताया गया कि 01.01.2024 से 31.12.2024 तक कुल 79 अभियोग पंजीकृत किये गये है।

225.59918 किग्रा मादक पदार्थो की बरामदगी की गयी। जिसमें कुल नामजद अभियोग व गिरफ्तार 133 है।

जिलाधिकारी ने टीम बनाकर गंभीरता से छापेमारी कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। औषधी निरीक्षक द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि टीम द्वारा निरन्तर छापेमारी कर कार्यवाही की जा रही है।

माह दिसम्बर में 08 स्थानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गयी जिसमें से 01 में लाइसेंस निरस्त की प्रक्रिया चल रही है। जिलाधिकारी ने संघन अभियान चलाकर चेंकिग तथा छापेमारी कर नशीली दवाईयां बेचने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अवैध रूप से नशे की बिक्री रोके जाने तथा व्यापक अभियान चलाकर इसके परिवहन, बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश एस, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी उत्सव आनन्द, डीआईओएस हरिवंश कुमार, आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश, आषिधि निरीक्षक शालिनी मित्रा सहित संबधित अधिकारी मौजूद रहै।

# जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता एक : सीएम योगी

**❐ महायोगी गोरखनाथ विवि में आयुर्वेद, योग और नाथपंथ पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले मुख्यमंत्री**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा मानती है कि 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'। अर्थात धर्म की साधना के लिए शरीर ही माध्यम है। धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। धर्मपरक जीवन से ही अर्थ, कामनाओं की सिद्धि और फिर मोक्ष प्राप्ति संभव है। इस परिप्रेक्ष्य में धर्म साधना से जुड़े जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता के समान है। सीएम योगी सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान दे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 'आयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदान' विषय पर केंद्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की मान्यता है कि चराचर जगत पंचभूतों से बना है। इन्हीं पंचभूतों से हमारा शरीर भी बना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ ने भी कहा है कि पिंड में ही ब्रह्मांड समाया है। जो तत्व ब्रह्मांड में है वही हमारे शरीर में भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा में हर व्यक्ति के जीवन का एक अभीष्ट होता है, धर्म के पथ पर चलते हुए मोक्ष की प्राप्ति करना प्रति करना। धर्म की साधना के लिए स्वस्थ शरीर की अपरिहर्ता हमारे ऋषियों, मुनियों ने बताई है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद, योग और नाथपंथ, तीनों नियम-संयम पर जोर देते हैं। आयुर्वेद में जहां व्याधियों को दूर करने के लिए औषधियों और पंचकर्म की पद्धतियां हैं तो वही योग में भी हठयोग, राजयोग, ज्ञानयोग, लययोग और क्रियायोग की विशिष्ट विधियां हैं। इसी क्रम में शरीर की आरोग्यता के लिए नाथपंथ का हठयोगी योग को खट्कर्म से जोड़ता है। आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की पद्धतियां, तीनों ही वात, पित्त और कफ से जनित रोगों के निदान के लिए एक मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं और वह मार्ग है नियम-संयम। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद, योग और नाथपंथ तीनों ही व्यवहारिकता के स्तर पर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। तीनों ने ही शरीर को पंचभौतिक माना है।

**संगोष्ठी की स्मारिका और दो पुस्तकों का सीएम ने किया विमोचन, स्टालों का किया अवलोकन,**

मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका और डॉ. के. रामचंद्र रेड्डी व डॉ. शांतिभूषण हांदुर द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया। मंच पर आगमन से पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माताओं डाबर, वैद्यनाथ, श्रीधुतपापेश्वर, ऐमिल, हिमालया और वैद्यरत्नम की तरफ से लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया।

# चौक कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मांझे के साथ तीन आरोपी किए गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। चौक थाना कोतवाली पुलिस ने 03 प्लास्टिक के कट्टो मे 33 चकरी प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में जहांगीर पुत्र शौकत अली, निवासी मौहल्ला मौहम्मद जई, इजहार पुत्र शौकल अली, निवासी मौहल्ला मौहम्मद जई, मौहम्मद इरशाद पुत्र स्व आगाज हुसैन, निवासी मौहल्ला खलीलगर्वी को समय 02.40 बजे मोहल्ला नगर निगम कार्यालय ककरा पुल के पास रोड पर से 03 प्लास्टिक के कट्टो में 33 चकरी प्रतिबन्धित मांझा वजन करीब 46 किलो 750 ग्राम ,03 प्लास्टिक के डिब्बे प्रतिबन्धित माझा व जामा तलाशी से बरामद 03 सफ़ेद कागजो में अभियुक्त वार मिले रूपये कुल 2710/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर, उ.नि. रोहित कुमार, अरविन्द कुमार कनौजिया, उ.नि. प्रशिक्षु विनय कुमार, का. मोहित, दुष्यन्त मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय पर शोक सभा का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। सपा पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने स्वर्गीय राजपाल सिंह जी के चित्र पर पदाधिकारियों के साथ पुष्प माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि अप्रत्यक्ष रूप से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं की सदैव मदद करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के चाचा एवं माननीय अभिषेक यादव (अंशुल )अध्यक्ष जिला पंचायत इटावा के पूजनीय पिताजी राजपाल सिंह यादव के असमय निधन से समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है।

जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं हैद्य 2 मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना की गई। शोकसभा में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू जी, जिला महासचिव वीरू भदोरिया जी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला चच्चु, उत्तम सिंह प्रजापति, अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र यादव, के के यादव, राजीव दुबे नफीसुल हसन अंसारी, राजपाल यादव, उपदेश मिश्रा जिला सचिव सत्यवती यादव जी, प्रदेश सचिव मीरा गुप्ता, नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, व्रजवीर सिंह लाला, जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की , शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, जिला सचिव मालती यादव, शशि यादव, मनीषा यादव, सीमा पाल, रेनु यादव, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नरेंद्र पाल, जिला अध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद , जिला सचिव डा ध संतोष राठौर, प्रवीन कुशवाह, राजकुमार यादव, सीताराम कश्यप, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, एडवोकेट राजू यादव, उपेंद्र यादव, शिवकिशोर निषाद, रविंद्र यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र निराला, अमित कठेरिया, अनुरुध यादव, धीरेंद्र यादव, सुबोध कुमार , रामनरेश यादव, सफी अहमद बालक , राम लखन सिंह, राम तेज सिंह यादव अवधेश सविता, बृजेंद्र यादव , डा ध जयसिंह चौहान ,अमन यादव सौरभ यादव, सुनील यादव ,राजू शाक्य , सतपाल यादव, महेश चंद्र शर्मा , दीपू कुशवाहदीपक सिंह पाल , जयवीर सिंह कठेरिया ,विजय यादव, राजवीर सिंह राजपूत, विनय यादव, मोनू अग्निहोत्री, गिरेंद्र यादव, मनोज राणा वालमिक, रेशु चौधरी , कमलेश यादव, अंकुर यादव, लवलेश कठेरिया, बीके यादव , दिनेश कुमार ,मुस्तकीम राइन ,अनुज यादव, हुकुम सिंह यादव गोरखनाथ वर्मा सुखवीर यादव आदि ने शोक सम्बेदना व्यक्त की।

# सरकारी मिट्टी और वाहनों का दुरुपयोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहंापुर । के बंडा थाना क्षेत्र में नगर पंचायत द्वारा नाले की खुदाई से निकली मिट्टी को सरकारी वाहनों से चेयरमैन मोहम्मद इसहाक के निजी प्लॉट पर डाला जा रहा है। सामने आए वीडियो में चेयरमैन खुद मौके पर मौजूद दिखाई दे रहे हैं, और कर्मचारियों को निर्देश देते नजर आ रहे हैं। गुरुनानक कॉलोनी स्थित प्लॉट पर नगर पंचायत की ट्रालियों से मिट्टी डाली जा रही है। चेयरमैन का कहना है कि नाले के पास जगह की कमी और दुकानदारों की आपत्ति के कारण ठेकेदारों ने उनके प्लॉट पर अस्थायी रूप से मिट्टी स्टोर करने की अनुमति मांगी थी। उन्होंने किसी निजी फायदे के लिए मिट्टी डलवाने से इनकार किया है। नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि सरकारी मिट्टी को निजी प्लॉट पर डालना गलत है और मिट्टी के लिए शुल्क जमा करना आवश्यक है। वहीं एडीएम प्रशासन संजय पांडेय ने मामले की जानकारी से इनकार कर दिया है। यह घटना सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है। नगर पंचायत के कार्यकारी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि सरकारी मिट्टी को निजी प्लॉट पर डालना गलत है और मिट्टी के लिए शुल्क जमा करना आवश्यक है। वहीं एडीएम प्रशासन संजय पांडेय ने मामले की जानकारी से इनकार कर दिया है। यह घटना सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है।

## नकली कॉलेज के नाम पर बड़ी ठगी का खुलासा

**शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** में एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां एक कथित कॉलेज संचालक ने जीएनएम, डी फार्मा और एएनएम कोर्स में प्रवेश दिलाने के नाम पर दर्जनों छात्र-छात्राओं से 45 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुवायां थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छात्रों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शास्त्रीनगर के एक व्यक्ति ने 2023 में प्रवेश दिलाने का वादा किया था, लेकिन न तो छात्रों को प्रवेश मिला और न ही कोई कोर्स शुरू हुआ। पीड़ित छात्रों का आरोप है कि जिस कॉलेज के नाम पर उनसे पैसे लिए गए, वह कॉलेज वास्तव में कहीं मौजूद ही नहीं है। जब छात्र अपने पैसे वापस मांग रहे हैं, तो आरोपी उन्हें धमकियां दे रहा है। इस मामले में पहले भी एक व्यक्ति कमलदीप शुक्ला ने कोर्ट के आदेश पर बरेली मोड़ स्थित वीके सिंह पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज के मैनेजर पद के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी हरपाल सिंह बालियान के अनुसार, इस नए मामले को पहले से दर्ज एफआईआर की जांच में शामिल किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा दिए गए साक्ष्यों और प्रार्थना पत्रों को भी विवेचना में सम्मिलित किया जाएगा।

## अरूण को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, प्रदीप बने मीडिया प्रभारी



**बंडा शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के पुवायां रोड स्थित क्राउन फूड प्लाजा पर हिन्दू युवा संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसमें नगर के युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य किया गया। बैठक में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और समाज में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर गहन चर्चा की गई। बैठक में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा, युवाओं के उत्साह और ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करके हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, हिन्दू युवा संगठन धर्म और संस्कृति की रक्षा के साथ साथ युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का भी मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा युवा समाज की रीढ़ है, जिनके जुड़ने से संगठन व समाज को मजबूती मिलेगी। संगठन की नगर व ब्लाक इकाई का विस्तार करते हुए धीरज शुक्ला को उपाध्यक्ष , प्रदीप कुमार को मीडिया प्रभारी,अरूण गंगवार को उपाध्यक्ष, रमेश पटेल को मंत्री, हरिओम राठौर को मंत्री , कृष्णा गंगवार , मयंक गिरि को उपाध्यक्ष,हर्ष गुप्ता को वारिष्ठ उपाध्यक्ष, ऊधम सिंह को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित,विधि सलाहकार एडवोकेट निर्भय मिश्र, जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु शुक्ला ब्लाक अध्यक्ष अजय द्विदी शामिल रहे।

## जीआरपी ने लूट की मोबाइल के साथ एक को गिरफ्तार किया

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक रेलवे संदीप कुमार मीना के निर्देशन में महा कुंभ -2025 व खिचड़ी मेला के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनो में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध शराब की तस्करी के रोकथाम व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे सर्किल गोरखपुर विनोद कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी थाना गोरखपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज रात्रि में रेलवे स्टेशन गोरखपुर के गेट न0 4 रेल इंजन के पास से 01 नफर अभियुक्त दीपक शाह पुत्र स्व0 बुद्धू शाह सा0 कैलाश नगर थाना पटखौली जिला प0 चम्पारण बिहार को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से लूट की दो मोबाईल बरामद की गई ।

## चिलौली चौराहे पर भीषण ठंड को देखते निरंतर जलवाए जा रहे हैं अलाव

**कानपुर देहात कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड और हल्की बारिश व शीतलहर के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है किसी खास काम के लिए ही लोगों का बाहर आना जाना हो रहा है जिसके चलते तहसील प्रशासन द्वारा अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था की गई है डेरापुर क्षेत्र के चिलौली चौराहे पर प्रतिदिन अलाव जलवाए जा रहे हैं जिससे आने-जाने वाले राहगीरों व व्यापारियों को बड़ी राहत मिलती है ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा प्रतिदिन निगरानी कर अलाव जलाए जाने हेतु लकड़ी की आपूर्ति बराबर की जा रही है

## चिलौली में श्रीमद् भागवत एवं महाभारत कथा का आयोजन

**रूरा (कानपुर देहात) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम चिलौली स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत एवं महाभारत कथा का भव्य आयोजन आज मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाल शुरू किया जाएगा जिसमें गांव के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए महिलाएं सर पर कलश रख डेरापुर सेगुर नदी से जल भरने जाएगी वहीं सायं कालीन बेला में परम पूज्य आचार्य पंडित अरुणेश शुक्ला जी महाराज(औरैया )के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जाएगी वहीं पंडित अमरदीप अवस्थी जी महाराज( रनिया )कानपुर देहात के मुखारविंद से श्री राम कथा सुनाई जाएगी व रात्रि कालीन बेला में श्री विजय शंकर कौशल मुन्ना भैया(मंगटा कुरारी) के मुखारविंद से महाभारत की कथा सुनाई जाएगी।

# सहकारी समिति की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंडा (शाहजहांपुर)। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ददिउरी में रविवार को वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव गंगवार की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ ओमप्रकाश रहें। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव गंगवार ने बताया कि बैठक में वार्षिक आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत करने के साथ, किसानों की समस्यायों पर चर्चा सहित सुझाव लिए गए। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर कृष्ण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, क्रय विक्रय समिति पुवायां के डायरेक्टर अनूप द्विवेदी, नेतराम वर्मा रामभजन वर्मा, शिव शंकर वर्मा, सत्यपाल कुशवाहा, पूर्व प्रधान बृजेश सिंह, युवा मोर्चा भाजपा के मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ला, भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष अनूप वर्मा, सौरभ अवस्थी, राम सिंह यादव, देव प्रकाश कुशवाहा, राम अवतार, अरुण गंगवार एवं समिति के सभी सम्मानित संचालक गण एवं क्षेत्रीय सम्मानित किसान बंधु उपस्थित रहे। समिति के सचिव विनीत त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं अध्यक्ष ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

# इंजीनियर की हत्या में पत्नी को किया गिरफ्तार

**❐ इटावा पुलिस ने हत्या का किया खुलासा, पत्नी को किया गिरफ्तार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। इटावा पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, 11 जनवरी, 2025 को वृंदावन कालोनी थाना सिविल लाइन इलाके में राघवेंद्र यादव के घर में आग लगने की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि राघवेंद्र की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने किया 4 टीमों का गठनःइस मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा, श्री संजय कुमार ने घटना का खुलासा करने के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया।

पुलिस टीमों ने लगातार प्रयास करते हुए 12 जनवरी को मृतक के पुत्र प्रिन्स यादव की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। प्रिन्स ने आरोप लगाया कि उसकी मां ने ही उसके पिता की हत्या की है। पुलिस ने पत्नी को किया गिरफ्तारःपुलिस ने प्रिन्स की शिकायत के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 13 जनवरी को मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया लोहे का मूसल भी बरामद किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन और पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में हुई कार्रवाईःयह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन और पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के कुशल मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नगर इटावा के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में अहम भूमिका निभाई। पुलिस टीमःइस मामले में गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक यशवंत सिंह प्रभारी थाना सिविल लाइन, उ0नि0 सिपाहीलाल, का0 मोहित और म0का0 प्रतीक्षा शामिल थे।पुलिस ने दर्ज किया मुकदमाःपुलिस ने इस मामले में मुकदमा संख्या 05/2025 धारा 103(1) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा के तहत दर्ज किया है।

पुलिस की सफलताःइस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गहन जांच के कारण हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले को सफलतापूर्वक निपटाकर जनता में विश्वास कायम किया है।

# प्रदर्शनी के मंच पर हुआ स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। जनपद प्रदर्शनी के तत्वावधान में स्वच्छ सर्वेक्षण - 2024 के तहत स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ हरीशंकर पटेल के संयोजन में स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग करने वाले स्वच्छता प्रहरियों तथा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर पालिका परिषद इटावा के अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि इटावा में इस तरह का स्वच्छता कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है, जो बहुत ही सराहनीय और प्रेरक है। मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि आने वाले वर्षों में प्रदर्शनी में होने वाले विभिन्न सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रमों में यह कार्यक्रम भी शामिल होगा।

हमारी पालिका के ब्रांड एंबेसडर हरीशंकर पटेलजी और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है कि उन्होंने हमारे स्वच्छता प्रहरियों के सम्मान का बीड़ा उठाया। इससे पूर्व अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा के बच्चों अग्रिमा पटेल, सिद्धि वर्मा, अनिका वर्मा, अनुश्री वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा जश्वी पटेल ने ''स्वच्छता की ज्योति जागी रे'' की थीम पर एकल सोलो एवं समृद्धि वर्मा ने ''गाड़ी वाला आया, घर से कचरा लेगा'' थीम पर एकल सोलो गीत पर नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।

इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन नगरीय - 2.0 के परियोजना विश्लेषक जयवीर सिंह ने पीपीटी के माध्यम से कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया को स्क्रीन पर समझाया। जबकि आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कॉर्डिनेटर सुजीत कुमार ने कूड़ा से कम्पोस्टिंग बनाने की जानकारी दी। युवा गायक प्रखर गौड़ ने गीत तथा शिक्षक भगवानदास शर्मा ने स्वच्छता पर छंद सुनाकर खूब तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर पूरे वर्ष नियमित रूप से अपने सफाई कर्म को निष्ठापूर्वक निभाने वाले दो सफाई कर्मचारियों, किशन कुमार एवं श्रीमती निशा देवी का अंग वस्त्र, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया गया।

इसके अलावा सभी वार्डों के सफाई नायकों तथा पालिका के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार , सफाई एवं खाद्य निरीक्षक - नथ्थी लाल कुशवाहा तथा सफाई नायक - रजनीश राठौर सहित समस्त सफाई नायाकों को तथा स्वच्छता मिशन को प्रोत्साहित करने वाले एक दर्जन से ज्यादा शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# किसान यूनियन टिकैत गुट ने नई कृषि नीति मसौदे की प्रतियों को जलाकर जताया विरोध



कैनविज टाइम्स संवाददाता

इटावा जसवंतनगर। संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर किसान यूनियन टिकेत गुट के किसान नेताओं ने जिला अध्यक्ष संजीव किसान के निर्देश पर तहसील परिसर में केंद्र सरकार द्वारा नई कृषि नीति मसौदे के रूप में बनाई गई नीतियों का विरोध प्रदर्शन कर प्रतियाँ जलायी।

नई कृषि नीति का विरोध करते हुए तहसील अध्यक्ष किसान नेता रामअवतार यादव आदि ने कहा कि केंद्र सरकार की नई कृषि नीति किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जिन कृषि कानूनों को किसानों पर जबरन थोपने का प्रयास किया जा रहा है, वे पूरी तरह किसान हित में नहीं हैं।नई कृषि नीति लागू होने से किसान वर्ग पूरी तरह से तबाह और बर्बाद होकर अपनी आजीविका चलाने को लेकर मजदूरी करने के लिए विवश हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी नई कृषि नीति को किसी भी दशा में देश के अंदर लागू नहीं होने दिया जाएगा। इसके विरोध में भाकियू टिकैत गुट हर संभव प्रयास जारी रखेगा।इस दौरान धरना देने वालों में मुंनेश यादव, सुनील यादव, पूर्व सभासद सुनील कुमार, सत्यवीर सिंह, मुकेश यादव, शैलम यादव, अविनाश यादव जॉजी, नरोत्तम सिंह पाल, सियाराम, चंद्रदीप, डॉ. शिवनाथ समेत बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहें।

# हिन्दू महासभा ने की चाइनीज मांझे पर रोक लगाने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा की युवा टीम के नेतृत्व में सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को चाइनीज मांझा बेचने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने के संबंध में ज्ञापन दिया गया।हिन्दू महासभा ने ज्ञापन में कहा है कि जिले में मकर संक्रांति, 26 जनवरी एवं विशेषतः बसंत पंचमी पर बड़े स्तर पर पतंगबाजी की जाती है जिसके चलते पतंगबाजी शुरू हो चुकी है जिले में पतंगबाजी के दौरान धड़ल्ले से चाइनीज मांझे का प्रयोग किया जाता है। हर वर्ष जानलेवा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा इंसानों से लेकर पशु पक्षियों तक पर कहर बरपाता है। दोपहिया वाहन चालक एवं पैदल चलने वाले चोटिल होते हैं और कई बार इससे कटकर पक्षी भी मर जाते हैं लेकिन प्रतिबंध के बावजूद जिले में धड़ल्ले से चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है जबकि एनजीटी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चाइनीज मांझे के निर्माण व प्रयोग पर बैन लगा रखा है। वर्ष 2023 में जिले में सुनगढ़ी थाना क्षेत्र की असम चौकी प्रभारी कमलेश सिंह यादव नौगवां ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस वर्ष अभी विगत शनिवार को शाहजहांपुर में एक सिपाही की चाइनीज मांझे से गला कटने से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी जो कि बेहद दुखद है। इसके अतिरिक्त भी जिले में कई बार चाइनीज मांझे से घटनाएं हो चुकी हैं। ज्ञापन में अखिल भारत हिन्दू महासभा के द्वारा चाइनीज मांझा बेचने पर सख्ती से रोक लगाने एवं बेचने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। साथ ही कहा गया है कि इस मांझे पर रोक लगाने के लिए संगठन भी जिला प्रशासन के साथ अभियान चलाकर इस मांझे पर रोक लगाने का प्रयास करेगा।ज्ञापन में कहा है कि पिछले वर्ष भी संगठन द्वारा इस संबंध में जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की गई थी जिस पर जिला प्रशासन एवं संगठन की टीम द्वारा मिलकर इसके खिलाफ अभियान चलाया गया था तथा बड़ी मात्रा में चाइनीज मांझे के बिक्री पर रोक लगाने में सफलता प्राप्त की थी।ज्ञापन देने वालों में युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, युवा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, हरिओम मिश्रा, सर्वेश कुमार, अनिल वंशवाल, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, नरेंद्र श्रीवास्तव, अजय शर्मा, अर्जुन ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष बिन्दु सिंह, महिला महामंत्री कविता वंशवाल आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने नगरीय निकायों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु नये वाहनों को किया रवाना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड लखनऊ की अध्यक्षता में सोमवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों (सीएम डैशबोर्ड), राजस्व कार्यों, निर्माण कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने सर्वप्रथम पूर्वदशम दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा किया योजना के तहत लंबित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी पात्र बच्चों का आवेदन कराया जाय कोई भी बच्चा छात्रवृत्ति से छूटने न पाये। शासन स्तर से छात्रवृत्ति को लेकर जो भी अंतिम तिथि निर्धारित की गई है उससे पूर्व सभी आवेदन पत्रों को फॉरवर्ड कर दिया जाय किसी भी स्तर पर कोई भी आवेदन पत्र लंबित न रहने पाये। इसके उपरांत उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा किया इसमें उन्होंने आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली साथ ही ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में शासन के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त बैठक में नोडल अधिकारी ने उद्यान विभाग, एनआरएलएम, कृषि, मनरेगा, आरईएस, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, शिक्षा, मत्स्य पालन, लोक निर्माण विभाग, समाज कल्याण, सहित अन्य विभागों में संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं कार्यदायी संस्थावार सभी निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा किया तथा सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्माण कार्यों को लेकर नोडल अधिकारी ने जनपदीय अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने को भी कहा। बैठक में नोडल अधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को तहसीलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार भी नियमित रूप से अपनी अपनी तहसीलों का निरीक्षण करते रहें जिससे तहसील स्तर पर लंबित कार्यों की जानकारी हो सके तथा उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा सके।बैठक में नोडल अधिकारी पंकज कुमार ने पुलिस विभाग की समीक्षा किया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा महिला उत्पीड़न, एससी एसटी एक्ट, गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य अपराधों की रोकथाम को लेकर की गई कार्यवाही के बारे में नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया।बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी और जीरो पॉवर्टी की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, अधीक्षण अभियंता विद्युत रविकांत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास अधिकारी ने जालसाज के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शुकुल बाजार अमेठी। विकास खण्ड शुकुल बाजार की तीन ग्राम पंचायतों के खातों से सत्रह लाख इक्यानबे हजार नौ सौ रुपया एक बहुचर्चित फर्म में ट्रांसफर किये जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने कई दिनों के बाद ग्राम विकास अधिकारी की तहरीर पर बाबा इण्टर प्राइजेज तेंदुआ नामक फर्म के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने कई दिन पूर्व शुकुल बाजार पुलिस को तहरीर सौंपी थी कि बाबा इण्टर प्राइजेज द्वारा जालसाजी कर करीब सत्रह लाख इक्यानबे हजार नौ सौ पचास रूपये की धनराशि तीन ग्राम पंचायतों के खाते से बिना डोंगल लगाये धनराशि निकाल लिया गया था।जिसकी सूचना खण्ड विकास अधिकारी,बैंक शाखा प्रबंधक व थानाध्यक्ष को दी गई थी। इस हाई प्रोफाइल मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवालिया निशान लगते रहे और पुलिस ने कई दिनों तक तक तहरीर को दबाये रखा और जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी करती रही लेकिन जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर पुलिस ने शुक्रवार को जालसाज आरोपी बाबा इण्टर प्राइजेज के प्रोपाइटर अमरीश गिरी पुत्र राम नाथ गिरी निवासी ग्राम तेंदुआ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि माह अक्टूबर से लेकर जनवरी तक का भुगतान जब बाबा इण्टर प्राइजेज पर हो रहा था। तब सचिव और ग्राम प्रधान ने इसकी जानकारी क्यों नही उपलब्ध कराई जबकि माह के अंत में सभी ग्राम पंचायत का बैंक स्टेटमेंट का विवरण होता है तो ऐसे में अलग अलग तिथियों में सत्रह लाख इक्यानबे हजार नौ सौ पचास रुपये का भुगतान हो गया ये बहुत बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने बताया कि ग्राम पंचायत ख़ेममऊ,तेंदुआ और संसारपुर के ग्राम प्रधान के साथ ही सचिव और एडीओ पंचायत को बुलाया गया है जिसको लेकर जांच चल रही है अभी जिला स्तरीय टीम कमेटी मुख्यालय को रिपोर्ट के जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर दोषियों के खिलाफ भी जल्द ही मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी जितेन्द्र बहादुर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है और आरोपी युवक की तलाश जारी है।

## भाकियू ने कृषि नीति का विरोध कर मसौदे की प्रतियों को पुलिस के सामने जलाया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। तहसील परिसर में सोमवार समय 12:30 पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने राष्ट्रीय आवाहन पर केन्द्र सरकार के द्वारा बनाई गई। नई कृषि नीति का मसौदा को बताया कि वह किसानों के हित में नहीं है।

किसानों का आरोप है कि सरकार किसानों को अनदेखा करते हुए अपनी मर्जी से उसमें बदलाव करना चाह रही है। जबकि किसानों की समस्याओं और उनकी ज़रूरतों को केन्द्र सरकार अनदेखा कर रही है। ऐसे ही पहले सरकार ने अपनी मनमर्जी से तीन कृषि कानून लागू करने की तैयारी की थी और अब नई कृषि नीति का मसौदा बनाया गया। इसका संयुक्त किसान मोर्चा ने विरोध कर सभी तहसील मुख्यालय पर 13 जनवरी को विरोध प्रदर्शन कर कृषि नीति के मसौदे की प्रतियां जलाने आवाहन किया था।

जिसके चलते तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने पुलिस की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन करते हुए। कृषि नीति मसौदे की प्रतियों को जलाया गया है।

# दिव्य महाकुंभ स्वच्छ महाकुंभ पर नगर पालिका पीलीभीत ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। प्रयागराज में महाकुंभ के प्रथम स्नान के उपलक्ष में नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा दिव्य महाकुंभ स्वच्छ महाकुंभ थीम पर कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के स्कूली छात्र-छात्राओं के चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में लव कुमार प्रथम,श्रेया वर्मा द्वितीय, निहारिका कुमारी तृतीय स्थान पर रही। दिव्यांशी शर्मा और काजल राठौर ने सनातन पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर हॉबीज हेरिटेज इंडिया सोसाइटी की ओर से महाकुंभ पर जारी किए गए डाक टिकट की प्रदर्शनी लगाई गई।छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाकर महाकुंभ के दृश्य को बनाया।गांधी स्टेडियम में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 185 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, एसडीएम प्रभारी अधिशासी अधिकारी आशुतोष गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल विद्या मंदिर के लव कुमार प्रथम,अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर की श्रेया वर्मा द्वितीय,पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज खमरिया पुल की निहारिका कुमारी तृतीय स्थान पर रही। आर्य कन्या इंटर कॉलेज पीलीभीत की दिव्यांशी शर्मा और काजल राठौर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस मौके पर एचआरके इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सुंदर रंगोली के माध्यम से महाकुंभ के दृश्य को प्रदर्शित किया। हॉबीज हेरिटेज इंडिया सोसाइटी के विक्रम सेन सक्सेना और रमाकांत शर्मा ने भारतीय डाक द्वारा जारी किए गए।महाकुंभ पर आधारित डाक टिकट और डाक लिफाफों की प्रदर्शनी लगाकर महाकुंभ के इतिहास और संस्कृति की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया।इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान,भाजयुमो जिलाध्यक्ष चेतन शर्मा,सभासद रत्ना शुक्ला,वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह,साकेत सक्सेना, शिखा वर्मा,शिवम श्रीवास्तव, विपिन त्यागी,सुरेश लोधी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर

पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ के प्रथम स्नान के दिन पालिका द्वारा दिव्य महाकुंभ स्वच्छ महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी उपलक्ष्य में शहर में शुद्ध पेयजल सप्लाई हो और लोगों को पेयजल की समस्या न उत्पन्न होने पाए इसलिए दूधिया मंदिर रोड स्थित एसटीपी केंद्र पर स्थापित किए जाने वाले नलकूप का शिलान्यास कर कर आज से ही कार्य आरंभ करा दिया गया है। शहर में सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई हेतु तीन स्थानों पर नलकूप के रीबोर का काम शुरू करवा दिया गया है।

# पूरे धनई की टीम ने पटैला को हराकर फाईनल मैच जीता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बलदीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के स्थानीय कस्बे में सुन्दरलाल स्टेडियम औघड़ बाबा क्रिकेट क्लब बलदीराय के तत्वावधान में आयोजित ग्यारह दिवसीय कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैंच 'धनई सिंह का पुरवा की क्रिकेट टीम व पटैला क्रिकेट टीम के बीच खेला गया।

कड़े मुकाबले में धनई सिंह का पुरवा क्रिकेट टीम ने फाइनल मुकाबला बड़े ही रोमाचंक ढंग से अपने नाम कर लिया। बलदीराय के सुन्दर लाल स्टेडियम के मैदान में हो रहे।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में पहले टास जीतकर धनई का पुरवा क्रिकेट टीम ने पहले फिल्डिंग करने का फ़ैसला लिया।

पहले बल्ले बाजी करते हुए पटैला क्रिकेट टीम ने निर्धारित 15 ओवर के खेल में सात विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। वही धनई सिंह का पूरवा क्रिकेट टीम ने अपने लक्ष्य पीछा करते हुए चार विकेट के नुकसान पर मैच अपने नाम कर लिया।

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच तेज तर्रार क्रिकेटर सागर को मिला।

तथा मैच ऑफ द सीरीज खिलाड़ी सत्यम के नाम रहा।

मैच के समापन पर मुख्य अतिथि ने विजेता तथा उप विजेता टीम को पुरस्कार का वितरण किया। अंपायर की भूमिका में विनोद अग्रहरि, शिबू जायसवाल, संजय सिंह , आयुष अग्रहरि तथा स्कोर में आदर्श अग्रहरि, हरि गोपाल अग्रहरि, अभिषेक अग्रहरी, कमेंटेटर नवीन कौशल, हिमांशु जायसवाल रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र की 405 सड़कों की जल्द होगी मरम्मत, मिलेगी राहत

**सुल्तानपुर।** जिले की ग्रामीण क्षेत्रों की 405 सड़कों को दुरुस्त करवाया जाएगा,जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड इन सड़कों को 43 करोड़ रुपये से नवीनीकरण कराएगा। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। शासन की ओर से मार्च तक चालू वित्तीय वर्ष के कार्य पूरा करने के दिए गए निर्देश को देखते हुए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने जर्जर हो चुकी सड़कों को चयनित कर लिया है। चयनित सड़कों के प्रस्ताव पर शासन ने कुल धनराशि की 20 फीसदी राशि करीब आठ करोड़ रुपये आवंटित कर दिया है।धनराशि मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्य की समयसीमा को देखते हुए टेंडर आमंत्रित कर लिया है। 405 सड़कों के टेंडर में विभाग ने दो माह में कार्य पूरा करने की शर्त रखी है। विभाग से आमंत्रित टेंडर 23 जनवरी तक डाले जाएंगे और उसी दिन खोले जाएंगे। टेंडर की पूरी प्रक्रिया जनवरी के अंत तक पूरी कर ली जाएगी।प्रक्रिया पूरी होते ही सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू होगा। विभागीय इंजीनियरों के मुताबिक इसमें छोटी व बड़ी दोनों सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शामिल है। 405 सड़कों के नवीनीकरण से लाखों लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सकेगी।

# जामो में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का ब्लाक प्रमुख ने किया शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद में विकास खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जामों के खेल मैदान सेंटमेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में पुरुष तथा महिला की एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबाल, फुटबाल, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पूनम कुमारी द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया तथा कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई गई। ब्लाक प्रमुख पूनम कुमारी ने अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये जिले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भी अपील की।प्रतियोगिता की समाप्ति पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार सिंह द्वारा विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के खेलों में सुरेंद्र प्रताप सिंह, ऋषि वर्मा,सीपी सिंह यादव, रविंद्र कुमार, अर्जुन साहू निर्णायक के रूप में कार्य किया तथा मंच का संचालन चंद्रपाल यादव के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता रागिनी पांडे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड जामों की देखरेख में संपन्न कराई गई। खेल प्रतियोगिता में सौ मीटर की बालक दौड़ में अभय द्विवेदी प्रथम, लवकुश द्वितीय, सत्यम को तृतीय, आठ सौ मीटर की बालक दौड़ में सूरज पाल प्रथम, अभय चौरसिया द्वितीय, शान मोहम्मद तृतीय, सौ मीटर बालिका दौड़ में नैंसी प्रथम, दिव्या द्वितीय, बेबी चौरसिया तृतीय, चार सौ मीटर बालिका दौड़ में सुहासिनी प्रथम, अनामिका द्वितीय, दिव्या तृतीय, वॉलीबॉल जूनियर वर्ग बालक में पूरे चौधरी विजेता केआर टीम उपविजेता तथा वॉलीबॉल बालक सीनियर वर्ग में लोरिक पुर विजेता एवं श्री गंगा बक्श इंटर कॉलेज उपविजेता रहे।

## हरदोई ब्रांच नहर में ससुराल से डेढ़ सप्ताह पूर्व गायब हुए युवक का उतराता मिला शव

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पलिया थाना क्षेत्र के चौकड़ा फार्म निवासी दिवन्दर सिंह 5 जनवरी को पत्नी कुलविंदर कौर और पुत्र मंगल,करनप्रीत सिंह के साथ घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर माधोपुर निवासी बाबा सिंह के यहां ससुराल में आए हुए थे। 5 जनवरी को देर रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग सो गए।दिवन्दर रात में अचानक गायब हो गया। संभावित जगह खोजबीन करने के बाद भी गायब युवक का कोई सुराग नहीं लगा। लापता युवक के पिता मक्खन सिंह ने 7 जनवरी को थाना घुंघचाई में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार दस बजे राहगीरों ने हरदोई ब्रांच नहर में शव उतराता देखा। शिनाख्त कर शव नहर से बाहर निकाला। सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज की गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पिज्जा सेंटर में छेड़छाड़ के बाद होटल में ले जाकर युवती के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती पूरनपुर नगर के एक कालेज में बीए की छात्रा है। छात्रा कस्बे के एक मोहल्ले में अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई करती है। छात्रा 24 अक्टूबर 2024 को कालेज से घर बापस आ रही थी। तभी बाइक सवार आरोपी अभिषेक और अजय छात्रा को।पिज्जा सेंटर ले गए। जहां छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर कोर्ट मैरिज करने का दबाव बनाया। पिज्जा सेंटर से निकलने के बाद मौसा के घर जा रही छात्रा को आरोपित बाइक से पीलीभीत के एक होटल में ले गए।जहां दोनों आरोपियों ने छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी अभिषेक और अजय को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया है। क्राइम इस्पेक्टर ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सदस्य राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय गोमती सभागार में 15 जनवरी को सुनेंगी पीड़ित महिलाओं की समस्याएं

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सदस्या उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं के साथ यौन उत्पीड़न,कन्या भ्रूण हत्या, लिंग भेदभाव,दुर्व्यवहार के साथ मानव तस्करी में पड़ने की संभावनाएं जैसी घटनाओं से पीड़ित महिलाओं को उनके संरक्षण तथा उन्नयन हेतु आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़े जाने के साथ साथ जीवन यापन हेतु नवीन अवसर प्रदान किये जाने हेतु व किसी समस्या से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की शिकायत हेतु महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन जनपद पीलीभीत के विकास भवन में स्थित गोमती सभागार में समय पूर्वान्ह 11:00 बजे किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि बालिकाओं व महिलाओं से अपील है कि वह उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सदस्या महिला आयोग के समक्ष अपनी समस्या को रख सकती हैं।किसी भी प्रकार की सहायता व परामर्श के लिए कार्यालय दिवसों सोमवार से शुक्रवार कार्यालय समय के मध्य नीचे दिए हुए दूरभाष नंबर कार्यालय दूरभाष नंबर 05222306403 व्हाट्सऐप नंबर 6306511708 पर संपर्क करें।

## व्यापारी भयमुक्त होकर व्यापार करें –पुलिस अधीक्षक



**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काउंसिल आफ उद्योग व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में मंच का प्रतिनिधि मंडल नवागत पुलिस अधीक्षक अनुपम सिंह को पुष्पगुच्छ एवं अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया। इस परिचयात्मक भेंट में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्यापारी भयमुक्त होकर अपना व्यापार करें। पुलिस 24 घंटे आपकी सुरक्षा हेतु उपलब्ध है और रहेगी। इस प्रतिनिधि मंडल में मण्डल अध्यक्ष अशोक कसौधन, जिला उपाध्यक्ष बृजेश खत्री, ज़िला महामंत्री राजेश माहेश्वरी, ज़िला कोषाध्यक्ष अरविंद द्विवेदी, नगर अध्यक्ष रवि सोनी, नगर उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता, नगर महामंत्री हरिशंकर, नगर सचिव मानिक लाल मौजूद रहें।

# राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुल्तानपुर । अधिवक्ता सभागार दीवानी में स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता परिषद अवध के प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रेम चंद्र राय एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ रहे । कार्यक्रम की अध्यता हरिश्चन्द्र दुबे एडवोकेट अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद अवध सुल्तानपुर ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सर्वेश कुमार मिश्रा ने किया कार्यक्रम को मुख्य रूप से इंद्रमनी दुबे एडवोकेट, समरबाहदुर सिंह एडवोकेट, अशोक शुक्ला एडवोकेट, सूर्य मनी मिश्रा एडवोकेट, देवेंद्र पाठक एडवोकेट आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में, पुष्पलता मौर्य एडवोकेट, विवेक त्रिपाठी एडवोकेट, संगीता जायसवाल एडवोकेट, विपिन मिश्रा एडवोकेट,आदि उपस्थित रहें सभी लोगो ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला।अंत में अध्यक्ष महोदय ने कार्यक्रम में आए हुये अधिवताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया. और स्वामी जी के बताये हुवे रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा पखवाड़ा के तहत स्वामी विवेकानन्द की बनाई गई जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पीलीभीत द्वारा सोमवार को युवा पखवाड़ा के तहत स्वामी विवेकानंद की जयंती पूरनपुर इकाई के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज प्राचार्य संजय मिश्रा एवं आगरा विद्यार्थी प्रचारक कपिल व अभाविप के जिला संयोजक अरुण पाण्डेय रहे उन्होंने कहा कि भारत के आत्मनिर्भर होने का सपना हमारी युवा पीढ़ी ही साकार कर सकती है। जरूरत है कि युवा सकारात्मक सोच के साथ देश के साथ कदम से कदम मिलाकर बढ़ते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा गया कि विद्यालयी शिक्षा में छात्रों को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिये।नये भारत के निर्माण के लिए आज की युवा पीढ़ी की स्किल व कार्य-कौशल्य को विकसित कर राष्ट्र के उत्थान हेतु समर्पित करने की आवश्यकता है, आगरा प्रचारक कपिल द्वारा राष्ट्र की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक मजबूत आधार स्तंभ के रूप में संकल्प पूर्वक आगे आने की आवश्यकता है।जिससे उनमें अपार आत्मबल बढ़ेगा तभी वे सशक्त व आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर पायेंगे। मुख्य वक्ता संजय मिश्रा ने स्वामी विवेकानन्द की जीवनी पर प्रकाश डाला, उनके द्वारा दिया गया अविस्मरणीय भाषण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया व कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार प्रकट किया, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव मोहन अग्रवाल ने किया इस अवसर पर शिवम, सावन व अन्य शिक्षक, कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**सुल्तानपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता।** पांच लाख रुपये की ठगी के मामले में अनी बुलियन कंपनी के एजेंट के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने गबन,धोखाधड़ी और मारपीट व गाली-गलौज का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। मामला बल्दीराय थाने के इसौली गांव का है। पीड़ित अब्दुल कय्यूम के अनुसार गांव निवासी आलोक श्रीवास्तव अनी बुलियन कंपनी में एजेंट का काम करता था। आलोक ने कंपनी में पांच लाख रुपये निवेश करने पर छह माह में उसे छह लाख वापस देने की बात कही थी। एजेंट के झांसे में आकर उसने 30 जनवरी 2019 को उसे पांच लाख रुपये दे दिए।

# भौतिकवाद का परचम अदृश्य नैतिक सिद्धांत

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींस यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैस और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैस प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैस भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैस व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैस समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का र्स्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं।

# माघ मकर गत रबि जब होई...

**मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे दो कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है। सूर्य की एक पत्नी का नाम छायादेवी है। सूर्यपुत्र शनि का जन्म छाया देवी से ही हुआ था। शनि का शरीर जन्म से ही कृष्णवर्ण का था। सूर्य के कृष्णवर्ण को देखते ही भगवान् भास्कर ने सुस्पष्ट कर दिया था कि शनि उनका पुत्र नहीं है। इतना ही नहीं, इस आरोप को मढ़ते हुए, सूर्य ने शनि को माता सहित घर से निष्कासित कर दिया था। शनि और छाया 'कुम्भ' घर मे रहते थे। जब माता छाया को ज्ञात हुआ कि उनके पति सूर्य ने माता-पुत्र के लिए अभद्र शब्द-व्यवहार किये थे तब छाया ने उस असह्य वाक्य के कारण कुपित होकर अपने पतिदेव सूर्य को शाप दे दिया थाऽ आप कुष्ठरोग से ग्रस्त हो जाइए। उसके पश्चात् सूर्य के क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने शनिदेव और माता छाया का घर 'कुम्भ' को अपने तेज से जला डाला। कालान्तर में, शनिदेव ने अपने पिता के कुष्ठरोग का उपचार कर दिया था; साथ ही उनसे यह भी कहा था कि वे माता छाया के साथ उचित व्यवहार करें। सूर्यदेव अपने पुत्र शनि के आचरण से प्रभावित होकर उनके घर पहुंचे; परन्तु वहां तो सूर्य के प्रकोप से जलाये गये घर की राख के ढेर ही मिला। शनि ने अपने पिता का अभिनन्दन काले तिल भेंट करके किया था। सूर्यदेव अपने पुत्र-द्वारा स्वागत-सत्कार देखकर अति प्रसन्न हुए थे। उन्होंने शनि को 'मकर' नामक दूसरा घर दिया था। यही कारण है कि ज्योतिर्विज्ञान के आधार पर शनिदेव को 'मकर' और 'कुम्भ' का स्वामी माना गया है। सूर्य ने वहां से लौटते समय कहा था : मै प्रतिवर्ष इस घर (मकर) मे प्रवेश करूंगा, फिर यह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जायेगा। यही कारण है कि जनसामान्य अपने घर को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति का आयोजन करता है।**

एक स्थान से दूजे स्थान में पहुंचना व एक-दूसरे का मिलना 'संक्रान्ति' कहलाती है। 'संक्रान्ति' की व्युत्पत्ति पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि यह 'क्रम' धातु का शब्द है, जिसका अर्थ 'गति करना' है। इस धातु के पूर्व में 'सम्यक/उत्तम/श्रेष्ठ रूप से' के अर्थ में 'सम्' उपसर्ग युक्त है। इस धातु में 'क्तिन' प्रत्यय के जुड़ते ही 'संक्रान्ति' शब्द की रचना होती है। यहां इसका अर्थ है, 'कोई ऐसा बड़ा परिवर्तन, जिससे किसी वस्तु का स्वरूप बिलकुल बदल जाये। जैसे- मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति पर्व के मूल मे रवि अर्थात 'सूर्य' की गति है। ज्ञातव्य है कि सूर्य मास में एक बार अपनी राशि को छोड़कर किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है। वह जैसे ही किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है वैसा ही वह उस राशि की संक्रान्ति कहलाने लगती है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति को सूर्य के संक्रमणकाल का भी पर्व माना गया है। गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई पर ध्यान केन्द्रित करें- ''माघ मास मकर गत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।'' इस चौपाई के अर्थ से ही सुस्पष्ट हो जाता है कि माघ-मास मे जब सूर्य मकर-राशि पर जाता है तब सबलोग तीर्थराज प्रयाग में आते हैं, फिर 'मकर संक्रान्ति' के आयोजन के साक्षी बनते हैं। इसका आशय है कि सूर्य के राशि-परिवर्तन को 'संक्रान्ति' का नाम दिया गया है, जोकि मास में एक बार होता है। पहले सूर्य धनुराशि पर होता है, फिर वह जैसे ही मकर राशि पर पहुंचता है वैसे ही सूर्य 'दक्षिणायन' से 'उत्तरायण' हो जाता है। देवताओं के अयन को 'उत्तरायण' की संज्ञा दी गयी है, जोकि मंगल का प्रतीक होता है; मंगलकारी होता है, इसीलिए इसे 'पुण्य-पर्व' कहा गया है। अनुश्रुति है कि इससे शुभ कर्मों का समारम्भ होता है। यदि किसी की उत्तरायण मे मृत्यु होती है तो वह गमनागमन के बन्धन से मुक्त हो जाता है; अर्थात उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इतना ही नहीं, जब तुलसीदास कहते हैं :ऽ देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।'' तो इससे ज्ञात होता है कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर देव, दैत्य, किन्नर तथा मानव-समूहऽ सब आदरसहित त्रिवेणी मे स्नान करते हैं। इससे सुस्पष्ट हो जाता है कि मकर संक्रान्ति की कितनी महत्ता है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति का पर्व सूर्य को समर्पित होता है। सूर्य को आत्मबल और आत्मविश्वास का कारक माना गया है। इस अवसर पर सूर्य का दर्शन करके उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। ऐसा विधान है कि तांबे के लोटे में रक्त (लाल) चन्दन, लाल पुष्प आदिक मिश्रित जल से पूर्वमुखी होकर तीन बार भगवान् भास्कर को जल दिया जाये, तत्पश्चात् अपने स्थान पर ही खड़े होकर सात बार सूर्य की परिक्रमा की जाये। उसके बाद सूर्याष्टक और गायत्री मन्त्र का पाठ किया जाये। इस अवसर पर वर्जना भी है। जैसे मैथुन करना, भैंस का दूध दूहना, फसल और वृक्ष काटना, कठोर वाणी का व्यवहार करना निषिद्ध है।

'महाभारत' के वनपर्व के अध्याय 43 मे मकर संक्रान्ति के विषय मे उल्लेख है :

''मकरे संक्रमणे पुण्ये यः सूर्यं पूजयेत्ततः।
तस्य पापं न विद्यते स्वर्गे मार्गः स च विज्ञेयः।''

अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है।

मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे दो कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है। सूर्य की एक पत्नी का नाम छायादेवी है। सूर्यपुत्र शनि का जन्म छाया देवी से ही हुआ था। शनि का शरीर जन्म से ही कृष्णवर्ण का था। सूर्य के कृष्णवर्ण को देखते ही भगवान् भास्कर ने सुस्पष्ट कर दिया था कि शनि उनका पुत्र नहीं है। इतना ही नहीं, इस आरोप को मढ़ते हुए, सूर्य ने शनि को माता सहित घर से निष्कासित कर दिया था। शनि और छाया 'कुम्भ' घर मे रहते थे। जब माता छाया को ज्ञात हुआ कि उनके पति सूर्य ने माता-पुत्र के लिए अभद्र शब्द-व्यवहार किये थे तब छाया ने उस असह्य वाक्य के कारण कुपित होकर अपने पतिदेव सूर्य को शाप दे दिया थाऽ आप कुष्ठरोग से ग्रस्त हो जाइए। उसके पश्चात् सूर्य के क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने शनिदेव और माता छाया का घर 'कुम्भ' को अपने तेज से जला डाला। कालान्तर में, शनिदेव ने अपने पिता के कुष्ठरोग का उपचार कर दिया था; साथ ही उनसे यह भी कहा था कि वे माता छाया के साथ उचित व्यवहार करें। सूर्यदेव अपने पुत्र शनि के आचरण से प्रभावित होकर उनके घर पहुंचे; परन्तु वहां तो सूर्य के प्रकोप से जलाये गये घर की राख के ढेर ही मिला। शनि ने अपने पिता का अभिनन्दन काले तिल भेंट करके किया था। सूर्यदेव अपने पुत्र-द्वारा स्वागत-सत्कार देखकर अति प्रसन्न हुए थे। उन्होंने शनि को 'मकर' नामक दूसरा घर दिया था। यही कारण है कि ज्योतिर्विज्ञान के आधार पर शनिदेव को 'मकर' और 'कुम्भ' का स्वामी माना गया है। सूर्य ने वहां से लौटते समय कहा था :ऽ मै प्रतिवर्ष इस घर (मकर) मे प्रवेश करूंगा, फिर यह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जायेगा। यही कारण है कि जनसामान्य अपने घर को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति का आयोजन करता है। अब दूसरी कथा को समझें: यह कथा मां गंगा और भगीरथ के साथ जुड़ी हुई है। एक बार की बात है, राजा सगर ने अपने राज्य मे अश्वमेध यज्ञ किया था। यज्ञ मे छोड़े गये घोड़े की देख-रेख करने का दायित्व अंशुमान को सौंपा गया था। उस यज्ञ के प्रभाव से देवलोक का आसन डोलने लगा था; दूसरी ओर, पाताललोक मे कठोर तपस्या कर रहे कपिल मुनि के तेज से देवराज इन्द्र भयभीत हो चुका था। इन्द्र ने ''एक पन्थ-दो काज'' को सिद्ध करने के उद्देश्य से एक षड्यन्त्र रच डाला। उसने एक दैत्य का वेश धारण कर उस घोड़े को चुरा लिया। वह उस घोड़े को लेकर पाताललोक के उस पूर्वोत्तर-भाग में गया, जहां कपिल मुनि तपस्या मे लीन थे। इन्द्र चुपके से उस घोड़े को मुनि के आश्रम में बांधकर चला गया। उधर, घोड़े को न देखकर खलबली मच गयी। राजा सगर ने अपने साठ हजार पुत्रों से उस खोये हुए घोड़े का पता लगाने का आदेश किया था। उन्होंने पृथ्वीलोक को छान मारा; मगर घोड़ा कहीं दिखा नहीं, फिर उन्होंने पृथ्वी को खोदकर पाताललोक मे प्रवेश किया, जहां तपस्या में रत एक मुनि के आश्रम में वह घोड़ा बंधा दिखा था। ऐसा देखकर, सागर के उन पुत्रों ने अपना धैर्य खो दिया था। वे सब चीखते हुए, अभद्र भाषा का व्यवहार कर, कपिल मुनि को आरोपित करने लगे। उस चीख से उनकी तपस्या भंग हो गयी। मुनि ने क्रोधावेग मे जैसे ही आंखें खोलीं, राजा सगर के साठ हजार पुत्र भस्म हो गये। कहा जाता है कि सगर के वंशज महाराजा दिलीप के पुत्र भगीरथ ने कपिल मुनि के क्रोध से भस्म हुए अपने पूर्वजों को तारने के लिए एक पैर पर खड़े रहकर मां गंगा की कठोर तपस्या की थी, जिससे प्रसन्न होकर गंगा ने उनसे वर मांगने के लिए कहा था। भगीरथ ने उनसे मृत्युलोक मे अवतरित होने का वरदान मांगा था, फिर क्या थाऽ उसी क्षण मां गंगा का पूरे वेग के साथ धरती पर अवतरण हुआ था। गंगाधारा कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई गंगासागर पहुंची थी। इस प्रकार भगीरथ के साठ हजार पूर्वज तर गये। मकर संक्रान्ति के दिन ही मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं, जिनका संस्पर्श पाकर राजा सगर के समस्त पुत्रों को मुक्ति प्राप्त हुई थी। इससे मकर संक्रान्ति मे गंगास्नान का महत्व बढ़ जाता है। मकर संक्रान्ति भारत-सहित नेपाल में भी आयोजित किया जाता है। इसका आयोजन भारत के कई राज्यों मे भिन्न-भिन्न नामों से किया जाता रहा है। इसे केरल-राज्य मे 'मकर विलक्कु' कहा जाता है। वहां के श्रद्धालुजन दिव्य मकर-ज्योति के दर्शनार्थ सबरीमाला मन्दिर मे जाते हैं। तमिलनाडु में इसे 'पोंगल' नामक उत्सव के रूप मे आयोजित किया जाता है। कर्नाटक में 'एलु-बिरोधु', पंजाब-हरियाणा मे 'माघी-लोहड़ी', उत्तराखण्ड और गुजरात मे 'उत्तरायण' के नाम मे मनाया जाता है। इस प्रकार भगवान् भास्कर से ज्ञान, ऊर्जा, ऊष्मा ग्रहण करने के उद्देश्य से 'मकर संक्रान्ति' पर्व-विशेष की महत्ता शीर्ष पर दिखती है। **–आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

# किसानों के प्रति दरियादिली दिखानी होगी

**प्रेम शर्मा**

हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर प्रर्दशन कर रहे एक किसान रेशम सिंह ने आत्म हत्या कर ली। 4 दिसंबर 2023 को नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो द्वारा जारी किये गए आँकड़ों के अनुसार साल 2022 में 11290 किसानों ने आत्महत्या की. किसानों की आत्महत्या के ये आंकड़े काफी हैरानी भरे हैं। लगभग यही हाल 24 में भी रहा। यह किसानों की आत्महत्या का एक बड़ा कारण है। इसी असंतोष के चलते 2020 में किसानों ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने के साथ किसानों की मांगों पर सहमति बनाने के लिए एक कमेटी बनाने की बात कही।कई दौर की मीटिंग के बाद भी आज तक उस कमेटी की रिपोर्ट का अता-पता नहीं है। अलबत्ता सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय कमेटी के कुछ निष्कर्ष अवश्य प्रकाश में आए हैं, जिसके अनुसार किसानों की लागत और कृषि हेतु लिए गए कर्ज का बोझ बढ़ रहा है।समिति ने उन्हें इस संकट से मुक्ति दिलाने के लिए एमएसपी को कानूनी मान्यता सहित 11 मुद्दे चिह्नित किए हैं। हाल में कृषि उत्पादकता में गिरावट, बढ़ती कृषि लागत, अपर्याप्त मार्केटिंग सिस्टम और सिकुड़ते कृषि रोजगार से कृषि आय में गिरावट आई है।घटता जलस्तर, बार-बार सूखा पड़ना, कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा का पैटर्न, भीषण गर्मी आदि जलवायु आपदाएं भी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रही हैं। किसान अपनी आजीविका को बनाए रखने से संबंधित चुनौतियों से जूझ रहे हैं।इसी आर्थिक असुरक्षा के चलते पंजाब के किसान संगठनों ने स्वामीनाथन फार्मूले के अनुसार सभी फसलों पर एमएसपी के कानूनी अधिकार की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें बाजार की ताकतों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। देश के किसी ना किसी राज्य या फिर केन्द्र सरकार के खिलाफ दिल्ली तक होने वाले किसान आन्दोलन इस बॉत का प्रमाण है कि सरकार एवं सरकारे किसानों के प्रति न्याय नही कर पा रही है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकार को मिलकर किसानों के प्रति दरियादिली दिखानी चाहिए। कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसान अपने आप को आर्थिक रूप से सबसे कमजोर मान रहा है। समाज के हर वर्ग की आय साल-दर-साल बढ़ रही है लेकिन किसान कर्ज के जंजाल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य अभी कई चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। भारत के अधिकांश किसान अब अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते हैं। भारतीय कृषि व्यवस्था में अपनी पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान आज खेती को घाटे का सौदा बताते हैं। आखिर क्या कारण है कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है। इस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है।बड़ी विडंबना का विषय है कि किसानों का आंदोलन लंबे समय से जारी है। लेकिन सरकार कोई भी ऐसा ठोस कदम उठाने के प्रति उदासीन दिख रही है। क्या यह साफतौर पर सरकार के भीतर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव को प्रदर्शित नहीं करता कि वह किसानों की मांग को लेकर इस हद तक अगंभीर दिख रही है कि आंदोलन के एक नेता की सेहत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है, उनके जीवन पर खतरा बढ़ता जा रहा है और वह हल के लिए सहमति बनाने के बजाय समस्या की अनदेखी करने में लगी है। सवाल है कि आखिर किन वजहों से वह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानूनी गारंटी पर स्थिति स्पष्ट नहीं करना चाहती है और उसका यह रुख किसके हित में है। गौरतलब है कि एक ओर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले लम्बे अरसे से अनशन पर हैं और उनकी हालत लगातार नाजुक बनी हुई है, दूसरी ओर, इसी मसले पर सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने की वजह से बीते तीन हफ्ते के भीतर दो किसानों ने आत्महत्या कर ली।किसानों की आय चार गुना बढ़ाने का दावा करने के बीच यह समझना मुश्किल है कि एक लोकतांत्रिक सरकार इस हद तक उदासीन कैसे हो सकती है कि अपनी समस्याओं की अनदेखी किए जाने की वजह से किसानों के जान देने की खबरें आ रही है। डल्लेवाल के अनशन और उनकी सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जाहिर कर चुका है। मगर इसके बावजूद सरकार कोई ऐसी राह तलाशने को लेकर उत्सुक नहीं दिख रही है, जिससे

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में गाजर को अवश्य करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त लाभ

सर्दी का मौसम आते ही बाजार में लाल-लाल गाजर बेहद सस्ते दाम में मिलने लगती हैं। इतना ही नहीं, इस मौसम में लोग गाजर की सब्जी से लेकर उसका जूस तक पीना पसंद करते हैं। यूं तो गाजर को कई तहर से खाया जाता है लेकिन क्या आप इससे मिलने वाले फायदों से वाकिफ हैं। नहीं न, तो चलिए जानते हैं गाजर से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में? गाजर में कई तरह के पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। खासतौर से इसमें बीटा कैरोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी 1, कई तरह के खनिज लवण व एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। गाजर का सेवन आंखों के लिए विशेष रूप से लाभदायी माना गया है। ऐसा इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन व विटामिन ए की वजह से होता है। इसलिए जो लोग गाजर का सेवन पर्याप्त मात्रा में करते हैं, उनकी आंखों की रोशनी लंबे समय तक दुरूस्त तो रहती है ही, साथ ही रतौंधी व मोतियाबिंद जैसी बीमारियां होने की आशंका भी कम हो जाती है। समय के पहिए को रोक पाना भले ही किसी के लिए संभव न हो लेकिन लंबे समय तक जवां बने रहने के लिए कुछ उपाय तो किए ही जा सकते हैं। इन्हीं में से एक है गाजर का सेवन करना। दरअसल, इसमें बीटा?कैरोटीन और एंटी?ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। जो विभिन्न कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं और एजिंग के साइन्स को लंबे समय तक आने से रोकते हैं। इतना ही नहीं, गाजर का सेवन रूखी त्वचा, पिंपल्स, पिगमेंटेशन आदि समस्या से भी निजात दिलाते हैं। गाजर हृदय के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। दरअसल, इसमें कैरोटीनॉयड्स पाए जाते हैं जो किसी भी तरह के हृदय रोग की आशंका को कम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें बीटा?कैरोटीन के साथ?साथ अल्फा कैरोटीन और ल्यूटिन भी पाया जाता है। गाजर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मदद करता है। गाजर प्लैक और खाद्य कणों को मुंह से निकालकर दांतों व पूरे मुंहे की सफाई करने का काम करता है। ठीक उसी तरह, जिस प्रकार एक टूथब्रश व टूथपेस्ट अपना काम करता है। गाजर में पाए जाने वाले मिनरल्स दांतों को किसी भी तरह की क्षति से बखूबी बचाते हैं।

## धर्म मंत्र

# मकर संक्रांति पर तिल से पूजा भी करें और तिल खाएं भी, होगा बड़ा लाभ

हिन्दू धर्म का एक विशेष पर्व माने जाने वाले मकर संक्रांति के अवसर पर लोग सिर्फ पूजा-पाठ, स्नान या दान ही नहीं करते। बल्कि इस दिन तिल खाने और उसे दान करने का एक विशेष महत्व है। यूं तो इस दिन तिल के अतिरिक्त चावल, उड़द की दाल, मूंगफली या गुड़ आदि का भी सेवन किया जाता है परंतु तिल का एक अलग ही महत्व है। लोग अन्य कोई चीज खाएं या न खाएं, लेकिन तिल को किसी न किसी रूप में शामिल अवश्य करते हैं। मकर संक्रांति के दिन तिल की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर्व को ''तिल संक्रांति'' के नाम से भी पुकारा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तव में इस दिन तिल को इतना महत्व क्यों दिया जाता है। नहीं न, तो चलिए आज हम आपको इस बारे में बताते हैं? मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, इसलिए इस पर्व को मकर संक्रांति कहकर पुकारा जाता है और मकर के स्वामी शनि देव हैं। सूर्य और शनि देव भले ही पिता?पुत्र हैं लेकिन फिर भी वे आपस में बैर भाव रखते हैं। ऐसे में जब सूर्य देव शनि के घर प्रवेश करते हैं तो तिल की उपस्थिति के कारण शनि उन्हें किसी प्रकार का कष्ट नहीं देते। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तिल शनि प्रिय वस्तु है। शनि व्यक्ति के पूर्व जन्म के पापों का प्रायश्चित करवाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन अगर तिल का दान व उसका सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं और उनका कुप्रभाव कम होता है। जो लोग इस दिन तिल का सेवन व दान करते हैं, उनका राहु व शनि दोष निवारण बेहद आसानी से हो जाता है।

## पर्यटन



# अंडमान निकोबार के खूबसूरत बीच, छुट्टियों में जरूर जाएं

दुनिया में घूमने के लिए बहुत से खूबसूरत बीच हैं जहां पर आप अपनी छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। अगर आप भी वेकेशन में बीच पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो अंडमान निकोबार आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां पर बहुत सारे बीच हैं जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे। अंडमान जाने के लिए अक्टूबर से मार्च तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। गर्मियों के उमस भरे मौस में यहां पर जाना ठीक नही रहेगा। यात्रा कष्टमयी हो सकती है। राधानगर बीच- हैवलॉक का राधानगर बीच अंडमान निकोबार के बेस्ट बीचेस में से एक है। यह एक मैगजीन द्वारा दुनिया के 7 वें बेस्ट बीच के रैंक में शामिल हो चुका है। यहां की रेत स्पार्क जैसी है जो सनसेट में चमकती है। इसके अलावा यहां पर स्नोर्कलिंग, फिसिंग गेम, स्वीमिंग और स्कूबा डाइविंग आदि काफी फ़ेमस है। इसका आप खूब आनंद ले सकते हैं। एलीफेंट बीच- एलीफेंट बीच भी अंडमान और निकोबार समुद्र तट पर स्थित है। यह भी इन खूबसूरत बीच में से एक है। हैवलॉक द्वीप से इस बीच में जानें के लिए आप नाव से या फिर जंगल के रास्ते से जा सकते हैं। आपको 30 मिनट की दूरी तय करनी पड़ेगी। यहां के समुद्र तट का पानी नेवी है। यहां पर आपको अलग तरह के समुद्री जीव और स्नॉर्कलिंग देखने को मिलेंगे। विजयनगर बीच- हैवलॉक का विजयनगर बीच भी काफी शानदार है। यहां पर आप पानी को हवा में उछलने का अच्छा नजारा देख सकते हैं। यह तैराकी, नौकायन, फोटोग्राफी और वाटर सर्फिंग के लिए यह बीच बहुत परफ़ेक्ट माना जाता है। इस बीच में समुद्र के नीले पानी के किनारे, पेड़ों की छाव का नजारा आप देख सकते हैं। यह जगह बहुत ही खूबसूरत है जो लोगों को अपनी तरफ खिंचता है। काला पत्थर बीच-काला पत्थर बीच का नाम सुनने में थोड़ा अटपटा है लेकिन इसका नजारा बेहद ही खूबसूरत है हैवलॉक आईलैंड में आने वाले पर्यटक यहां पर खूब मस्ती करते हैं।

# युग प्रवर्तक थे स्वामी विवेकानंद : राकेश कर्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर स्थित स्वामी विवेकानंद का स्मरण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने स्वामी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने अपने जीवनकाल के दौरान युवाओं में जोश भरने का कार्य किया। और विवेकानंद जी ने कहा था कि करुणा और दया ही आप को आध्यात्मिक उन्नति दिलाते है अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निडर होकर आगे बढ़ना चाहिए।इस दौरान भाजपा नेता ने परिसर में लगी स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का और बेहतर ढंग से सौंदर्यीकरण कराने को कहा इस मौके पर आयोजक दिनेश श्रीवास्तव,डॉ टी.एन. वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा मँचू राकेश शुक्ला दीपक,गोविन्द वर्मा, सरदार चरणजीत सिंह,चरणजीत गाबा,राम सरन मौर्या,अतुल शर्मा,नित्यानंद तिवारी,मनीष सिंह,हिमांशू वर्मा,प्रेम वर्मा,उमा प्रसाद कश्यप, बुद्धिलाल गौतम सहित दर्जनों नारी शक्ति शामिल हुई।

## फल, शाकभाजी प्रदर्शनी में नवीनतम तकनीकी के बारे में जागरुक किया जाए : मुख्य सचिव

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर नवीनतम तकनीकी के बारे में जागरुक किया जाए। इससे प्रदर्शनी में आने वाले किसानों एवं अन्य लोगों का ज्ञान और उत्साह बढ़ेगा।

मुख्य सचिव ने सोमवार को इस प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के मुख्य लॉन एवं कॉमर्शियल स्टालों की समुचित साफ-सफाई और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। प्रदर्शनी स्थल पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था रहे और स्वच्छता के लिए पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान एवं अच्छी गुणवत्ता के हाईजेनिक मोबाइल ट्वायलेट स्थापित किये जाएं। प्रदर्शनी में जो भी स्टाल लगाए जाएं, उनकी गुणवत्ता अच्छी हो। प्रदर्शनी में शाकभाजी, फल एवं कट फ्लावर पण्डाल में समुचित वेन्टीलेशन की व्यवस्था करायी जाए, जिससे प्रदेशों की गुणवत्ता प्रभावित न हो। प्रदर्शनी में स्टाल लगाने को सीमैप, एनबीआरआई, सीआईएसएच, आईआईवीआर-वाराणसी, प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों आदि का सहयोग लिया जाए।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर मोटर साइकिल सवार की मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जनपद में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है गोंडा बहराइच हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी की बाइक बस के बोनट में चिपक गया जिसकी मौके पर मौत हो गई ।

पूरा मामला जनपद बाराबंकी मसौली थाना क्षेत्र के गोंडा बहराइच हाईवे का है जहां पर तेज रफ्तार बस यूपी 33 ए टी 3094 कैसरबाग डिपो ने सड़क पार कर रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास लोग भी सहम गए हादसे के बाद गोंडा बहराइच हाईवे पर भीषण जाम लग गया मृतक की पहचान ओमप्रकाश पुत्र श्रीपाल निवासी जेरुवा थाना जहांगीराबाद के रूप में हुई है जो अपनी ससुराल फतेहपुरवा आए थे भरा मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गए मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तो वही बस चालक मौके से फरार हो गया तो यही इस मामले में जब मसौली थाना प्रभारी यशकांत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया हादसे की जानकारी है मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बस को कब्जे में लेकर अन्य कार्रवाई की जा रही है

# गोष्ठी में साकेंद्र ने किया सरकारी कृषि योजनाओं का बखान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेलहरा बाराबंकी। राजकीय औद्योगिक परिक्षेत्र बेलहरा में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई. डी. एच.)योजनांतर्गत दो दिवसीय गोष्ठी/मेला कृषि कार्यक्रम भव्य आयोजन हुआ। क्षेत्रीय विधायक सा केंद्र प्रताप ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि विकास की योजनाओं से लाभ उठाने का आवाहन भी किया।कार्यक्रम में आए हुए किसानों को टमाटर और प्याज का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि विशेषज्ञ ए .के मिश्रा ने किया। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर किसानों का पंजीकरण कराया गया।इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव ,पलक त्रिपाठी उप कृषि निदेशक अयोध्या,गीता द्विवेदी,डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, प्रगतिशील किसानों में रामचंद्र वर्मा,अमरेंद्र सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष करुणा शंकर शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# नई कृषि नीति के विरोध में भाकियू का जोरदार विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को यूनियन कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार की नई कृषि नीति के विरोध में आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।रामनगर प्रतिलिपि के मुताबिक तहसील रामनगर परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष शारदा बख्श सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नई कृषि नीति के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।किसान कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर नई कृषि नीति की प्रतियाँ जलाकर अपना रोष विरोध जताया।इस दौरान पुलिस टीम के साथ थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी सुरक्षा व्यवस्था में तैनातउ रहे।उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने किसान नेताओं के बीच पहुंचकर तहसील अध्यक्ष को समझाकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया।

सिरौलीगौसपुर से सचिन गुप्ता ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर किसानों ने केंद्र सरकार की नई कृषि नीति का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाकियू टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष रामसजीवन वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कृषि नीति की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।रामसजीवन वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा 2025 के लिए प्रस्तावित कृषि रणनीति में किसानों को खुली मंडी में अपनी उपज बेचने पर रोक लगाई गई है, जो किसानों के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आवश्यकताओं और समस्याओं की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से नीतियों में बदलाव कर रही है।इस मौके ब्लाक अध्यक्ष रामप्रताप वर्मा, रामउदेश गुप्ता, राम बहादुर, रामपाल, उमेश राम सिंह, जगजीवन प्रसाद, अनुराग सिंह, राजित राम, जगदंबिका सरण, रमेश चंद, डॉक्टर ओम प्रकाश, सुरेश यादव, नियाज अहमद, संदीप सिंह और संदीप कुमार तिवारी सहित अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।

## सरकारी स्कूल का सौर ऊर्ज़ा पैनल फिर चोरी

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड के राजकीय हाईस्कूल से आठ माह के मध्य बीती रात दूसरी बार सौर उर्ज़ा पैनल अज्ञात बदमाश उड़ा ले गए। प्रधानाचार्या ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के समरदा स्थित राजकीय हाईस्कूल की छत पर लगे सौर ऊर्ज़ा पैनल को रविवार रात अज्ञात चोरो ने चोरी कर लिया।सोमवार सुबह स्कूल खुलने पर सौर ऊर्ज़ा पैनल चोरी होने की जानकारी हुई। प्रधानाचार्य नीलिमा मिश्रा ने बड्डूपुर पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। प्रधानाचार्य नीलिमा मिश्रा ने बताया कि आठ माह पहले भी कालेज से सौर ऊर्ज़ा पैनल चोरी हो चुके हैं। रविवार को यह दूसरी घटना हुई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पहले हुई चोरी की घटना का खुलासा हो गया है। अभियुक्त जेल में है आज हुई घटना की तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी निंदूरा बाराबंकी। ग्राम भनमतिया स्थित कुटी प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का अवसान सोमवार को विशाल भंडारा के साथ के आयोजन के साथ संपूर्ण हुआ।कथा के अंतिम दिवस पर सदर विधायक सुरेश यादव ने पहुंचकर आरती की और प्रसाद ग्रहण किया। सायं काल में गायत्री दीप यज्ञ में ग्यारह सौ दीप जलाए गए।फूलों की होली खेली गई।भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता पर एसडीएम का जोर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील के पारिजात सभागार में सोमवार शाम को आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह द्वारा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान सम्मिलित हुए।एसडीएम सुश्री सिंह ने बताया कि किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। उन्होंने चिंता जताई कि वर्तमान में बहुत कम किसान इस प्रक्रिया के प्रति जागरूक हैं। जिसके कारण रजिस्ट्रेशन की संख्या कम है। ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए गए कि वे किसानों को सेल्फ मोड में मोबाइल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में लेखपाल सुरेंद्र अवस्थी ने ग्राम प्रधानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन की विस्तृत प्रक्रिया समझाई। एसडीएम ने सर्दी के मौसम को देखते हुए गौशालाओं की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया और गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित करने को कहा।ग्राम प्रधानों ने चक मार्ग की पैमाइश समय पर करवाने की मांग रखी, जिस पर एसडीएम ने लेखपालों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार नरसिंह नरायण वर्मा, विकेश वर्मा, बेनी प्रसाद वर्मा, ओमकार मौर्या,रविंद्र अवस्थी,ओन मियां, दयाशंकर शुक्ल, नियाज अंसारी, मोहम्मद रिजवान, सहित अन्य ग्राम प्रधान और लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी, महेंद्र जायसवाल,सन्दीप वर्मा उपस्थित रहे।

## कुर्सी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कुर्सी थाना प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह व उमरा चौकी इंचार्ज रनवीर सिंह को किया लाइन हाजिर कर दिया। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर समुचित नियंत्रण अभाव तथा कुशल पर्ववेक्षण में असफल रहने पर यह कार्यवाही हुई।इसी के साथ उमरा चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह को भी प्रशासनिक कार्यों में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर किया गया ।एसपी द्वारा जारी आदेश में आदेशित किया गया है कि दोनों अधिकारियों को तत्काल पुलिस लाइन में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गये हैं ।फिलहाल अभी तक किसी की नियुक्त नहीं हुई ।सूत्रों की माने तो उमरा चौकी इंचार्ज रनवीर सिंह के अनुशासनहीन रवैये के लपेटे में कोतवाल पर भी गाज गिरी। सोमवार को थाना प्रभारी के स्थानांतरण पर क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने उनका माल्यार्पण कर विदाई दी ।विदाई के दौरान कोतवाल ने सभी चौकीदारो को कंबल वितरण किया । क्षेत्र से अमित गुप्ता, मुकेश सिंह, प्रदीप मौर्या,दीपक यादव सहित पूरा थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## टीम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कायाकल्प की टीम ने रामसनेहीघाट सीएचसी का निरीक्षण किया। एक-एक वार्ड,लेबर रूम,ओटी,इमरजेंसी वार्ड,ईटीसी वार्ड,ओपीडी,का डाक्टरों ने बारीकी से निरीक्षण किया।डॉक्टर हेतराम फतेहपुर, डॉक्टर आरिफ वेग कानपुर देहात, डॉक्टर दिलीप वर्मा कानपुर देहात,डॉक्टर पंकज मौर्या जिला सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस बाराबंकी आदि निरीक्षण टीम में शामिल रहे। नोडल अधिकारी डॉक्टर रईस खान ने टीम को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ अनूप सैनी,डॉ रमेश चंद्र, डा नगमा, मोहम्मद आरिज,अनुराग पाठक,नवीन मिश्रा,अजय शुक्ला,इजराइल,राहुल प्रजापति,बालमुकुंद,नूतनराय,शालिनी चौधरी,प्रभा यादव,रामराज सहित कर्मचारी लोग मौजूद रहे।

## परिजनों की शिकायत पर 20 महीने बाद होगा पोस्टमार्टम

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 85 वर्षीय बुजुर्ग की संदिग्ध मौत के 20 महीने बाद न्यायालय के आदेश पर उनकी कब्र खोदकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।मामला गुलचप्पा कलां गांव का है, जहां बुजुर्ग भागीरथ यादव अपने बड़े भतीजे बंधु यादव के साथ अयोध्या जनपद के पटरंगा कोतवाली क्षेत्र के रानीमऊ गांव में रहते थे। अविवाहित भागीरथ की मृत्यु रानीमऊ में हुई थी और उनका अंतिम संस्कार गुलचप्पा कलां गांव में किया गया था। हाल ही में, मृतक के छोटे भतीजे रमेश यादव ने न्यायालय में एक चौंकाने वाली शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपने बड़े भाई बंधु यादव पर जमीन हड़पने के लिए चाचा की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया। सोमवार को नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर के नेतृत्व में पुलिस और राजस्व टीम ने ग्राम प्रधान हामिद अंसारी और लेखपाल बृजेश अवस्थी की मौजूदगी में कब्र से शव को निकालने की कार्रवाई की। अब मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आएगी।

## पौष पूर्णिमा: सांचे दरबार की जय जयकार से गूंजा वातावरण

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोटवाधाम में पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में स्नान कर अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने स्वामी जी की समाधि पर चादर और प्रसाद चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना के साथ अपनी मनोकामनाएं मांगी। मेले में श्रद्धालुओं ने मिठाई, लाई, गंज, तिल और चाय-पान की दुकानों पर जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर बड़ी गद्दी के महंत निलेंद्र बक्स दास, छोटी गद्दी के महंत विशाल दास, अमन दास, सोनी दास और कमलेश दास साहेब फलाहारी बाबा से श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। संतों ने भक्तों को सत्य मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बड़ी गद्दी के महंत नीलेन्द्र बख्स दास ने बताया कि बड़े बाबा के दरबार मे गोंडा बहराइच श्रावस्ती सीतापुर सहित कई जनपदों से श्रद्धालु आते हैं और मंदिर में माथा टेकते हैं और अपनी मनोकामनाएं मानते हैं बड़े बाबा उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

# एक मुस्त योजना में 1,65,463 राजस्व वसूली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विद्युत विभाग ने एकमुश्त समाधान योजना के तहत सोमवार को अधिशासी अभियन्ता अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में उपकेन्द्र अंतर्गत भीखरपुर फीडर के गांव गढ़ी बठौली में शिविर लगाया गया।

जिसमें 48 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया। लगभग 1,65,463 राजस्व वसूली की गई। भुगतान ना करने वाले 42 उपभोक्ताओं का विद्युत संयोजन विच्छेदित किया गया। कैम्प में अवर अभियंता अमन सिंह टीजीटू,शैलेन्द्र कुमार रामसुंदर, धर्मराज वर्मा लल्लन प्रसाद,देव शर्मा पाण्डेय, रामकुमार लाइनमैन,मीटर रीडर अभय शुक्ला , अमित वर्मा सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योजना : 57 किसानों को मिले पंपसेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत क्षेत्र के 57 किसानो को पम्पसेट दिया गया। पम्पसेट पाकर किसानों के चेहरे पर खुशियां छा गईं।

विकास खण्ड मसौली के विभिन्न गाँवो से आये किसानो को पम्पसेट का वितरण करते हुए अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास ने कहा कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने और उनकी कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा यह योजना किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने और कृषि उत्पादन में वृद्धि करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डीजल पम्पसेट की सहायता से किसान अपनी फसल के लिए समय पर सिंचाई कर सकेंगे, जिससे कृषि क्षेत्र में सुधार होगा।



पम्पसेट इंजन पाने वाले किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे कृषि क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम मे सामान्य एव अनुसूचित जाति के दस दस किसानो को हौज पम्पसेट व सामान्य जाति के 20 व अनुसूचित जाति के 17 किसानो को मात्र पम्पसेट दिया गया। इस मौक़े पर बीटी प्रमोद कुमार, संतोष कुमार सहित कृषक मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट का फरमान, सिविल कोर्ट आज बंद

**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा मकर संक्रांति की घोषित छुट्टी सम्बंधी निर्णय को उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है।इस सम्बंध में उच्च न्यायालय द्वारा जनपद न्यायाधीश/प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय में 14 जनवरी को अवकाश रहेगा। जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर 14 जनवरी को अवकाश घोषित किया है। 15 जनवरी को न्यायालय नियत समय पर खुलेगा।

## नशीले पदार्थो से होने वाले नुकसान के प्रति छात्रों को किया जाए जागरूक : सत्येंद्र कुमार

बाराबंकी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नारकोटिक्स के सम्बन्ध में जिलास्तरीय मीटिंग कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जूम एप के माध्यम से आयोजित मीटिंग में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि दवा की दुकानों, मेडिकल स्टोर की नियमित जांच की जाए और अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि कहीं पर भी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवाएं न दी जाए। साथ ही यह भी देखे की किसी दवा की दुकान या मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित नशे की दवाएं पाई जाए तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। पुलिस व नारकोटिक्स विभाग के लोग अभियान चलाकर मार्फिन, चरस, कोकीन और गांजा पकड़ने की कार्यवाही करें। इसकी प्रोसेसिंग, बिक्री आदि करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने समाजकल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों और इंजीनियरिंग कालेजों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को नशे से होने वाले नुकशान के विषय में जागरुक किया जाए। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित नारकोटिक्स विभाग और सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक लुटेरा गिरफ्तार, एक फरार

**2 दिन के अंदर पश्चिमी जोन पुलिस ने दो किए एनकाउंटर, अपराधियों पर कस रही शिकंजा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पश्चिमी जोन के अंतर्गत बीते 21 दिसंबर की शाम को माल गोदाम तिराहा पर पल्सर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा की गई लूट का पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा खुलासा,सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे लुटेरे, कोतवाली वजीरगंज व क्राइम ब्रांच लखनऊ द्वारा संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस ने किया घटना का खुलासा, मुठभेड़ में 10,000 का इनामियां लुटेरा करन यादव उर्फ कल्लू पुत्र लल्लन यादव निवासी नया टोला जुराबगंज थाना कोडा जनपद कटिहार (बिहार)गिरफ्तार, अंधेरे का फायदा उठाकर एक लुटेरे हुआ फरार, गिरफ्तार हुए लुटेरे को पैर में लगी गोली, अस्पताल में इलाज हेतु कराया गया भर्ती, लूटी गई रकम में से 25,000 रुपए बरामद, लूट में प्रयुक्त चोरी की एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद, एक अवैध असलहा , एक कारतूस के साथ बरामद, बिहार के कटिहार जिले के रहने वाला हैं लुटेरा। पहले से लुटेरे पर लगभग दो दर्जन से अधिक मुकदमे है दर्ज, 21 दिसंबर 2024 को मुनीम मनीष तिवारी द्वारा वसूली करके लौटते समय बदमाशों पैसा छीने जाने का अभियोग हुआ था पंजीकृत।

# इंडिया ओपन : भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा, नजरें सात्विक और चिराग पर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी । दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक , डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है। सिंधू अपने विवाह के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा । वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे। यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूर्नामेंट में ओलंपिक चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं। टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं ।भारतीयों में प्रियांशु राजावतको पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नाराओका से जबकि मालविका बंसोड को तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की युइ हान से खेलना है।

# कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदसयीय टीम की घोषणा की


एजेंसी



सिडनी। दो बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय की टीम की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने 2023 का एकदिवसीय विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीन बदलाव करते हुए इस टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन किया है। मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है तथा तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने भी टीम में जगह बनाई है। हालांकि अभी चोटिल पैट कमिंस के टखने का स्कैन होना है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पैतृक अवकाश पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया कि चोटिल खिलाड़ियों कमिंस और हेजलवुड के स्कैन के परिणामों का इंतजार हैं। अगर आवश्यकता हुई तो वे नियमों के अनुसार अगले चार सप्ताह के भीतर टीम में बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों के चैंपियंस ट्रॉफी तक उनके फिट होने की पूरी संभावना है। बेली ने कहा, यह एक बेहद संतुलित टीम है, जिनके मुख्य खिलाड़ी पिछले एकदिवसीय विश्व कप में खेल चुके है। इसके अलावा इस टीम में कई विविधताएं और विकल्प हैं, जिनका परिस्थितियों और विपक्षी टीम के अनुसार इस्तेमाल किया जा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार हैः- पैट कमिंस (कप्तान), ऐलेक्स कैरी, नेथन एलिस, ऐरन हार्डी, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा।

# आस्ट्रेलिया ओपन : सिनेर, कोको गाफ जीते , सिटसिपास उलटफ़ेर का शिकार

एजेंसी



मेलबर्न। दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में निकोलस जैरी को 7-6, 7-6, 6-1 से हराया। टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया। शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर ने 35वीं रैंकिंग वाले चिली के जैरी के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा कि पहला सेट काफी करीबी था और कोई भी जीत सकता था। तीसरे सेट में मैने दबाव बनाया और खुश हूं कि कठिन हालात से निकलकर जीत दर्ज की। सिनेर ने यहां पिछले साल फाइनल में दानिल मेदवेदेव को हराकर पहला ग्रैंडस्लैम जीता था जबकि सेमीफाइनल में 10 बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को मात दी थी। महिला वर्ग में पोलैंड की स्वियातेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने 2020 की चैम्पियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। गाफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की। अमेरिका के ही 20 बरस के एलेक्स मिचेलसेन ने 2023 आस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता स्टेफानोस सिटसिपास को पहले ही दौर में 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराकर उलटफ़ेर कर दिया।

# देवजीत सैकिया, प्रभतेज सिंह ने बीसीसीआई के नए सचिव, कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला

एजेंसी

नई दिल्ली। देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का मानद सचिव और मानद कोषाध्यक्ष चुना गया है। रविवार को बीसीसीआई मुख्यालय में विशेष आम बैठक के दौरान हुए उपचुनाव के बाद उनकी नियुक्तियाँ की गईं। इस प्रक्रिया की देखरेख 2024 के उपचुनाव के लिए चुनाव अधिकारी ए.के. जोती ने की। सैकिया और भाटिया दोनों ही तत्काल प्रभाव से अपनी भूमिकाएँ संभालेंगे।



बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने बीसीसीआई की ओर से सोमवार को जारी एक मीडिया एडवाइजरी में कहा, ''मैं देवजीत सैकिया और श्री प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः मानद सचिव और मानद कोषाध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देता हूं। वे जय शाह और आशीष शेलार की असाधारण विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जिन्होंने इन भूमिकाओं में अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी सिद्ध प्रशासनिक कुशलता और वित्तीय संचालन की गहरी समझ हमें शासन और वित्तीय प्रबंधन दोनों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगी। मैं इस अवसर पर हमारे राज्य संघों को उनके सर्वसम्मत समर्थन और भारतीय क्रिकेट के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण में उनके विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया की नियुक्तियाँ बीसीसीआई के प्रशासनिक ढांचे के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है। वे जय शाह और आशीष शेलार की जगह लेंगे, जिन्होंने अपनी-अपनी भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया। सैकिया और भाटिया, क्रिकेट प्रशासन और पेशेवर विशेषज्ञता में अपने ट्रैक रिकॉर्ड के साथ आदर्श विकल्प हैं और मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूँ। हमारे राज्य संघों से मिले भारी समर्थन ने खेल को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। हम देश भर में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे का विकास करना जारी रखेंगे और हमारे खूबसूरत खेल में सभी को शामिल करने के लिए और अधिक अवसर पैदा करेंगे।

# दिग्गज तीरंदाज मंगल सिंह चंपिया, राहुल बनर्जी ने राष्ट्रव्यापी 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का किया नेतृत्व

नई दिल्ली/कोलकाता। प्रसिद्ध भारतीय तीरंदाज मंगल सिंह चंपिया और राहुल बनर्जी राष्ट्रव्यापी 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के चौथे सप्ताह में नेतृत्व कर रहे हैं, जिसे पिछले महीने केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने लॉन्च किया था। दोहरे एशियाई खेलों के पदक विजेता चंपिया, 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता बनर्जी ने द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच पूर्णिमा महतो के साथ कोलकाता में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में साइकिलिंग कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई, जिसमें 100 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया गया, जिसमें फिट इंडिया के राजदूत अपूर्व ओम के नेतृत्व में साई के 200 राइडर्स शामिल हुए।

# ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी की प्रारंभिक टीम में कमिंस, हेजलवुड को किया शामिल

एजेंसी



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड को टीम में शामिल किया गया है, हालांकि इन दोनों को श्रीलंका के आगामी दौरे से आराम दिया गया है। कमिंस, जो इस समय पितृत्व अवकाश पर हैं, को टखने की समस्या का आकलन करने के लिए स्कैन से गुजरना होगा, जिसे उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान झेला था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीता था। इस बीच, हेज़लवुड अभी तक पिंडली की चोट से उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उनकी भागीदारी समय से पहले समाप्त हो गई थी। चयनकर्ताओं के प्रमुख, जॉर्ज बेली ने कहा, यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले एक दिवसीय विश्व कप, वेस्टइंडीज श्रृंखला, पिछले साल यूके के सफल दौरे और हाल ही में पाकिस्तान की घरेलू श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी शामिल हैं। नाथन एलिस, मिचेल स्टार्क के साथ, तेज आक्रमण को आगे बढ़ाते हैं जबकि एडम ज़म्पा टीम में चुने गए एकमात्र फ्रंटलाइन स्पिनर हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी और मैथ्यू शॉर्ट को भी टीम में शामिल किया गया है, जबकि एलेक्स कैरी ने विश्व कप चयन से चूकने के बाद पिछले सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ 50 ओवरों की टीम में सफल वापसी के बाद से अपना स्थान बरकरार रखा है। कैरी एक बैक-अप विकेटकीपिंग विकल्प भी प्रदान करते हैं, यह देखते हुए कि जोश इंगलिस भी वर्तमान में पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। नियमों के अनुसार टूर्नामेंट शुरू होने तक प्रारंभिक टीम में संशोधन किया जा सकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर किए जाने पर लिटन दास ने कहा मुझे किसी को कुछ भी साबित करने में कोई दिलचस्पी नहीं

एजेंसी

ढाका। चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर किए जाने के कुछ घंटों बाद, बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन कुमार दास ने मौजूदा बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में धमाकेदार शतक लगाने के बाद कहा कि उन्हें किसी को कुछ भी साबित करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने सिर्फ 44 गेंदों पर 8 चौकों और 7 छक्कों की मदद से अपना पहला बीपीएल शतक बनाया और ढाका कैपिटल्स की सीजन की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई। इसने फ्रेंचाइज़ी के लिए छह मैचों की हार का सिलसिला भी तोड़ दिया। अपनी पारी के दौरान, लिटन परवेज हुसैन इमोन के बाद बीपीएल इतिहास में दूसरे सबसे तेज बांग्लादेशी शतकवीर बन गए, जिन्होंने 2020 बंगबंधु बीपीएल सीज़न में 42 गेंदों पर शतक बनाया था। संयोग से, यह इमोन ही हैं जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी टीम में बैक अप ओपनर के रूप में लिटन की जगह ली है। लिटन कुछ समय से सफ़ेद गेंद के प्रारूप में संघर्ष कर रहे थे क्योंकि वनडे में उनका आखिरी अर्धशतक भारत में 2023 विश्व कप में आया था, अपने आखिरी पांच वनडे में उन्होंने केवल छह रन बनाए जिसमें तीन शून्य शामिल थे। ऐसे परिदृश्य में, बाहर निकाला जाना लिटन सहित सभी के लिए पूरी तरह से आश्चर्य की बात नहीं थी और जब उनसे अपने 'आलोचकों' को जवाब देने के बारे में पूछा गया, तो विकेटकीपर बल्लेबाज ने एक अलग जवाब दिया। उन्होंने खेल के बाद संवाददाताओं से कहा, ''नहीं भाई, किसी को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है और मुझे किसी को कुछ भी साबित करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरे दिमाग में हमेशा चलता है कि मैं अपने क्रिकेट को कैसे बेहतर बना सकता हूं। मुझे लगता है कि हाल ही में मेरा समय अच्छा नहीं गुजर रहा था। मैंने आज जो प्रदर्शन किया, मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं अगले गेम में भी वैसा ही कर पाऊंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीबीआई बैंक ने की चिरंजीवी-सुपर सीनियर सिटिजन एफडी की शुरुआत

**नयी दिल्ली।** भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) ने 'आईडीबीआई चिरंजीवी-सुपर सीनियर सिटिजन सावधि जमा (एफडी) की शुरुआत की है। बैंक की विज्ञप्ति के अनुसार यह एफडी सुविधा 80 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये पेश की गयी है। इस एफडी में बैंक की स्टैंडर्ड फिक्स्ड डिपॉज़िट दरों के ऊपर अतिरिक्त 65 बेसिस पॉइट्स (बीपीएस) और सीनियर सिटिजन दरों के ऊपर 15 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) मिलेंगे। एफडी पर ब्याज दरें 555 दिन की अवधि के लिये अधिकतम ब्याज दर 8.05 प्रतिशत प्रति वर्ष, 375 दिन के लिए 7.90 प्रतिशत प्रति वर्ष, 444 दिन के लिए 8.00 प्रतिशत प्रति वर्ष, 700 दिन के लिए 7.85 प्रतिशत प्रति वर्ष मिलेंगी। इस सुविधा की शुरुआत के बारे में आईडीडीआई बैंक के उप प्रबंध निदेशक सुमित फक्का ने कहा , ल्ल हमें 'आईडीबीआई चिरंजीवी-सुपर सीनियर सिटिजन एफडी' लॉन्च करने की खुशी है। यह एफडी सुपर सीनियर सिटिजंस के लिये पेश की गयी है। यह उन्हें निवेश का सुरक्षित विकल्प प्रदान करेगी, तथा उन्हें वित्तीय सुरक्षा के साथ मानसिक सुकून देगी।

### स्टालिन ने तमिलनाडु में डिजाइन व विकसित इलेक्ट्रिक एसयूवी की 'टेस्ट ड्राइव' को दिखाई हरी झंडी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राज्य में डिजाइन व और विकसित महिंद्रा की इलेक्ट्रिक एसयूवी की 'टेस्ट ड्राइव' को सोमवार को सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई। महिंद्रा ने नवंबर, 2024 में चेय्यार तथा चेंगलपट्टू में अपनी बीई6ई को 26.9 लाख रुपये (शोरूम कीमत) और एक्सईवी 9ई को 30.5 लाख रुपये (शोरूम कीमत) की कीमत पर पेश किया था। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अध्यक्ष (मोटर वाहन उत्पाद विकास) एवं महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक आर. वेलुसामी ने कहा कि ये एसयूवी 14 जनवरी से 'टेस्ट ड्राइव' के लिए उपलब्ध होगी। वेलुसामी ने पत्रकारों से कहा, '' ३बीई 6ई और एक्सईवी 9ई का निर्माण हमारी जमीन पर किया गया है। इनमें कई विशेषताएं हैं जिनमें 'इनबिल्ट सेंसर' शामिल हैं जो किसी भी वस्तु से टकराने से बचाने में सहायता करता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यदि कार चलाते समय चालक की नजर सड़क से हट जाती है तो यह उसे सचेत कर देता है। एसयूवी में 12 अल्ट्रासोनिक सेंसर, छह कैमरे और पांच रडार लगे हैं। बैटरी 20 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। एक बार चार्ज करने पर यह 500 किलोमीटर तक चल सकती है।

### भारतीय रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश अप्रैल-दिसंबर 2024 में छह प्रतिशत बढ़ाः एनारॉक

**नयी दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के दौरान निजी इक्विटी (पीई) निवेश सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2.82 अरब डॉलर हो गया। औद्योगिक तथा लॉजिस्टिक्स पार्कों में पूंजी प्रवाह में तेजी से इसको बढ़ावा मिला। रियल एस्टेट परामर्शदाता एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान निजी इक्विटी (पीई) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 30 से घटकर 24 रह गई। हालांकि आलोच्य अवधि में कुल निवेश मूल्य 2.66 अरब अमेरिकी डॉलर से छह प्रतिशत बढ़कर 2.82 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल-दिसंबर 2024 के दौरान कुल पीई निवेश में विदेशी वित्त का योगदान 82 प्रतिशत रहा। परिसंपत्ति वर्ग में, औद्योगिक तथा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की कुल निवेश में 62 प्रतिशत, आवास की 15 प्रतिशत, कार्यालय की 14 प्रतिशत तथा मिश्रित उपयोग परियोजनाओं की नौ प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

### वीवर्क इंडिया ने राइट्स इश्यू के जरिये जुटाये 500 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** काम करने की साझा जगह प्रदान करने वाली कंपनी वीवर्क इंडिया ने कर्ज कम करने और भविष्य में वृद्धि हासिल करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाये हैं। वीवर्क इंडिया में रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी ग्रुप की 73 प्रतिशत, जबकि वीवर्क ग्लोबल की 27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह एक गैर-सूचीबद्ध कंपनी है। बेंगलुरू स्थित वीवर्क इंडिया ने बयान में कहा कि उसने '' राइट्स इश्यू के जरिये सफलतापूर्वक 500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बयान के अनुसार, एम्बेसी ग्रुप और वीवर्क ग्लोबल ने 500 करोड़ रुपये का निवेश किया है।


# देश में पिछले साल 2,200 एकड़ से अधिक जमीन के सौदे हुए: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में बढ़ती मांग पूरी करने के लिए रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा पिछले साल 2,200 एकड़ से अधिक के जमीन के सौदे किए। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म सीबीआरई की रिपोर्ट से पता चलता है कि वर्ष 2024 में 2,200 एकड़ से अधिक भूमि सौदे हुए जबकि इससे पहले वर्ष 2023 में लगभग 1,900 एकड़ जमीन के सौदे हुए थे। पिछले साल हुए कुल भूमि सौदों में से लगभग 2,000 एकड़ के सौदे देश के आठ प्रमुख बाजारों- दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता एवं अहमदाबाद में हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2024 में खरीदी गई जमीन में से लगभग 1,200 एकड़ भूमि आवासीय परियोजनाओं, लगभग 580 एकड़ भूमि औद्योगिक एवं गोदाम पार्कों के लिए और 200 एकड़ भूमि डेटा केंद्रों के लिए है। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका खंड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमान मैगजीन ने कहा, ''विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में भूमि सौदों में उल्लेखनीय वृद्धि भारत के रियल एस्टेट बाजार में निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण, अनुकूल नीतियों और घर खरीद पाने की बढ़ती क्षमता के कारण आवासीय क्षेत्र में तेजी आ रही है। इसके अलावा डेटा केंद्रों और कार्यालय स्थानों में वृद्धि डिजिटल एवं कॉरपोरेट बुनियादी ढांचे के केंद्र के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित करती है। सौदों की संख्या के मामले में दिल्ली-एनसीआर करीब 40 सौदों के साथ सबसे आगे रहा। आठ प्रमुख आवासीय बाजारों में करीब 135 जमीन सौदे हुए।

# भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वित्त पोषण के लिहाज से विश्व में तीसरे स्थान पर: रिपोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली, 13 जनवरी (भाषा) भारत वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हासिल वित्त पोषण के लिहाज से वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है। हालांकि, 2024 में वित्त पोषण सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.9 अरब डॉलर रह गया। 'मार्केट इंटेलिजेंस' कंपनी ट्रैक्सन की भारत की वित्तीय प्रौद्योगिकी वार्षिक रिपोर्ट 2024 के अनुसार, मांग में व्यापक मंदी और भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं के कारण इस क्षेत्र में वित्त पोषण में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया, '' वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 2024 में वित्त पोषण में काफी गिरावट आई। 2024 में इसने कुल 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए। यह 2023 में प्राप्त 2.8 अरब डॉलर से 33 प्रतिशत की कमी दर्शाता है। भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र 2024 में केवल अमेरिका और ब्रिटेन से पीछे रहा। इस क्षेत्र ने 2022 में 5.6 अरब डॉलर जुटाए थे। ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, '' वैश्विक वित्त पोषण में मंदी के बावजूद भारत का वित्तीय प्रौद्योगिकी परिदृश्य मजबूत बना है। चुनौतियों के बीच 2024 में दो नए 'यूनिकॉर्न' उभरना तथा रिकॉर्ड आठ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) आईपीओ का आना इस क्षेत्र की फलने-फूलने की क्षमता को रेखांकित करता है। 'यूनिकॉर्न' से तात्पर्य उन कंपनियों से है जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर है और वे शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं हैं। इस क्षेत्र में 2024 में आठ आईपीओ आए जो 2023 के दो आईपीओ की तुलना में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# मोदी राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा पूरा करेंगे, उमर ने जताया विश्वास

एजेंसी

श्रीनगर/सोनमर्ग। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रशासित प्रदेश के राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे का सम्मान करेंगे, जैसे उन्होंने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। प्रधानमंत्री के मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद सोनमर्ग में रैली को संबोधित करते हुए श्री अब्दुल्ला ने 'दिल्ली से दूरी' और 'दिलों से दूरी' दोनों को कम करने के लिए श्री मोदी की पूर्व में व्यक्त प्रतिबद्धता पर विचार किया। श्री अब्दुल्ला ने कहा, ल्लप्रधानमंत्री साहब, जब आप अपनी तीसरी चुनावी जीत के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दौरान श्रीनगर गए थे, तो आपने जम्मू-कश्मीर के लोगों से कुछ वादे किए, जिससे आपके शब्दों पर उनका विश्वास मजबूत हुआ। आपने तीन प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने की बात की: अविश्वास की खाई को पाटना और दिल्ली और लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करना। आपने कार्यों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हालिया विकासात्मक प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पंद्रह दिनों के भीतर, आपने (श्री मोदी) जम्मू-कश्मीर के विकास पर केंद्रित दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए। आपने जम्मू रेल डिवीजन का उद्घाटन किया, और अब, आप यहां सोनमर्ग में हैं, इस परिवर्तनकारी सुरंग का उद्घाटन कर रहे हैं। इस तरह की परियोजनाएँ न केवल लोगों को दिलों के करीब लाती हैं बल्कि भौगोलिक विभाजन को भी कम करती हैं। चुनाव के संबंध में प्रधानमंत्री के वादे का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, ''आपकी बात के अनुसार, चार महीने के भीतर चुनाव हुए, जिससे लोगों को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने का मौका मिला। आज मैं मुख्यमंत्री के रूप में यहां इस सभा को उन चुनावों के कारण संबोधित कर रहा हूं, जो पारदर्शी तरीके से हुए थे। इसका श्रेय आपको, आपकी टीम और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर जम्मू-कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करने के बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा , ल्लजिस तरह आपने चुनाव में अपने वादे का सम्मान किया, उसी तरह मेरा दृढ़ विश्वास है कि आप जल्द ही अपने तीसरे वादे का सम्मान करेंगे, यह सुनिश्चित करेंगे कि जम्मू-कश्मीर को एक राज्य के रूप में अपना दर्जा वापस मिले। श्री अब्दुल्ला ने कड़ाके की ठंड के बावजूद इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री को हार्दिक धन्यवाद दिया। श्री अब्दुल्ला ने कहा, आज इस खुशी के मौके पर मैं प्रधानमंत्री को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं कि भीषण ठंड के बावजूद आप सोनमर्ग पहुंचे और सुरंग का उद्घाटन किया। आसमान में एक भी बादल दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि मौसम ने भी आपका साथ दिया है... ठंड का मौसम है लेकिन धूप अच्छी आयी है। मुख्यमंत्री ने कहा, बेशक, बाहर ठंड है लेकिन हमारे दिलों में गर्मी की कोई कमी नहीं है। वह यहां कितनी बार रुके... हम आशा करेंगे कि आप बार-बार यहां आएं और हमारे बीच रहें और हमारे साथ खुशी के पलों में शामिल हों।''

# खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं केजरीवाल: सुधांशु

एजेंसी


नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किये जाने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है और कहा कि क्या वह (श्री केजरीवाल) संविधान से ऊपर हैं कि कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर नहीं रख रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुये आप पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री हैं भी और नहीं भी हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में यहां अस्थायी मुख्यमंत्री और वास्तविक मुख्यमंत्री के बीच द्वंद है, जिसे लेकर जनता के मन में कई प्रश्न तो उठ ही रहे थे। अब प्रश्न संवैधानिक व्यवस्थाओं और कानूनी दृष्टिकोण से भी उठने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि आप नेता रोज एक सवाल खड़ा करते हैं, लेकिन दिल्ली सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन के पटल नहीं रखती है। यह समझ से परे हैं कि आप सरकार कैग की रिपोर्ट को पर क्यों नहीं रख रही है? उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद भी आप सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन में नहीं रख रही है। भाजपा नेता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 11 जनवरी 2025 को कहा था कि कैग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, इससे यह साफ है कि ये आर्थिक और राजनीति के साथ-साथ संवैधानिक आपदा भी है। आप सरकार अपने आय व्यय की समीक्षा को सार्वजनिक भी नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले आप वाले कांग्रेस के साथ गये, अब साथ नहीं है, लेकिन उसका (कांग्रेस) वायरस तो लेकर आये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि 100 जवाबों से बेहतर है मेरी एक खामोशी, श्री केजरीवाल भी शायद ये कहने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन श्री मनमोहन सिंह के ठीक उल्टे अंदाज में। श्री केजरीवाल कहना चाहते हैं कि 100 जवाबों से अच्छा है, मेरा ये बवाल। भाजपा प्रवक्ता ने आप और श्री केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा, ल्ल 100 जवाबों से अच्छा है मेरा ये बवाल, ताकि आर्थिक घोटाले के हर पहलू से बचते रहें केजरीवाल।ङ्क उन्होंने कहा, ल्ल हम उनसे पूछना चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी जवाब दे कि उसने कैग की रिपोर्ट सदन के पटल पर क्यों नहीं रखी। उनके सचिव ने लिख कर दिया है इसका कोई फायदा नहीं है, तो वह आकर साफ़ स्पष्ट करे कि संवैधानिक अपरिहार्यता को पूरा न करने के पीछे क्या मकसद है। क्या अपने को संविधान से ऊपर समझते हैं या नहीं।

# निर्वाचन आयोग ने वैश्विक स्तर पर अर्जित की प्रशंसा: उपराष्ट्रपति

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित करने वाले चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग की सोमवार को सराहना करते हुए कहा कि सर्वश्रेष्ठ हासिल करने के लिए इसकी आलोचना करने की गुंजाइश हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया गया क्योंकि नौकरशाही काफी प्रशिक्षित है और चुनाव प्रणाली सक्रिय और ऊर्जावान है। उनकी टिप्पणी मतदाता सूची में कथित विसंगतियों, मतदाताओं के मतदान डेटा में हेराफ़ेरी के आरोपों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रभावकारिता को लेकर निर्वाचन आयोग पर किये जा रहे विपक्ष के हमलों की पृष्ठभूमि में आई है। यहां एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, ''हमारे पास एक निर्वाचन आयोग है जिसने काम किया है। और इसने इस तरह से काम किया है कि इसे वैश्विक मान्यता मिल रही है। दुनिया के कई देश चाहते हैं कि उनके चुनावों की निगरानी हमारे चुनाव आयोग द्वारा की जाए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि निर्वाचन आयोग का सर्वोत्तम प्राप्त करने के लिहाज से इसकी आलोचना करने की ललक हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ''लेकिन हम सभी निश्चिंत हैं क्योंकि हमारी नौकरशाही बहुत प्रशिक्षित है। हमारी चुनाव मशीनरी बहुत अधिक सक्रिय और ऊर्जावान है। किसी भी हालात में स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए सक्रिय संसद का होना बेहद आवश्यक है क्योंकि संसद ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की शक्ति प्रदान करती है।

# भाजपा धांधली और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती : केजरीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धांधली करके और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है।

श्री केजरीवाल ने आज कहा कि पटपड़गंज से हमारे उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। चुनाव आयोग के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश निकालकर कहा है कि फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख है लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह दूसरा आदेश क्यों निकाला गया? यह कानून के खिलाफ है। यह चुनाव आयोग की दिशानिर्देश और मैनुअल के खिलाफ है। क्या यह आदेश जानबूझकर अवध ओझा को चुनाव से बाहर करने के लिए निकाला गया? श्री केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग का मैनुअल कहता है कि अगर कोई फॉर्म 8 यानी वोट ट्रांसफर कराने की एप्लिकेशन आखिरी तारीख के बाद भी आती है तो चुनाव आयोग उस पर गौर कर सकता है। लेकिन हमारे लिए यह उम्मीदवार के उम्मीदवारी का सवाल है और इसमें किसी भी तरह की कोई गड़बड़ नहीं है। अवध ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा से दिल्ली ट्रांसफर होना है इसलिए आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेंगे और उनसे निवेदन करेंगे कि अवध ओझा के वोट को ट्रांसफर कराया जाए ताकि वह अपना नामांकन दाखिल कर सकें।

# पेज एक का शेष

## महाकुंभ में 1.65...

हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया। वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही थी। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे थे। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई। संगम तट पर पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवास की शुरूआत हो गई। महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इसलिये इस वर्ष अनुमान के मुताबिक 10 लाख से अधिक लोग संगम तट पर पूरे एक माह का कल्पवास करेंगे। कल्पवास के विधान और महात्म के बारे में तीर्थपुरोहित श्याम सुंदर पाण्डेय कहते हैं कि कल्पवास का शाब्दिक अर्थ है कि एक कल्प अर्थात एक निश्चित समयावधि में संगम तट पर निवास करना। पौराणिक मान्यता के अनुसार माघ मास में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास करने का विधान है। श्रद्धालु अपनी शारीरिक और मानसिक स्थित के अनुरूप तीन दिन, पांच दिन, ग्यारह दिन आदि का संकल्प लेकर भी कल्पवास करते हैं। पूरी तरह विधि-विधान से कल्पवास करने वाले साधक बारह वर्ष लगातार कल्पवास कर महाकुम्भ के अवसर पर इसका पारण करते हैं, जो कि शास्त्रों में विशेष फलदायी और मोक्षदायक माना गया है। पौराणिक मान्यता और शास्त्रों के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में संगम स्नान कर, भगवान शालिग्रमा और तुलसी की स्थापना कर, उनका पूजन किया। सभी कल्पवासियों को उनके तीर्थपुरोहितों ने पूजन करवा कर हाथ में गंगा जल और कुशा लेकर कल्पवास का संकल्प करवाया। इसके साथ ही कल्पवासियों ने अपने टेंट के पास विधिपूर्वक जौं और केला को भी रोंपा। सनातन परंपरा में केले को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है। कल्पवासी पूरे माघ मास केला और तुलसी का पूजन करेंगे। तीनों काल में सभी कल्पवासी नियम पूर्वक गंगा स्नान, जप, तप, ध्यान, सत्संग और पूजन करेंगे। कल्पवास के काल में साधु-संन्यसियों के सत्संग और भजन-कीर्तन करने का विधान है। कल्पवासी अपने मन को सांसरिक मोह से विरक्त कर आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग की ओर ले जाता है। महाकुम्भ का संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना गया है।अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आए और सभी ने संगम में डुबकी लगाई और माथे पर तिलक लगाकर संगम की रेती पर निकल पड़े। इस दौरान स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में जय श्री राम और हर हर गंगे के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बताया है। अमेरिका के न्यू मैक्सिको में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने पवित्र संगम पर अपनी उपस्थिति से सभी का ध्यान खींचा। कभी अमेरिकी सेना में सैनिक रहे माइकल अब बाबा मोक्षपुरी बन गये हैं। उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा और सनातन धर्म से जुड़ने की कहानी साझा की। उन्होने कहा ल्ल मैं भी कभी साधारण व्यक्ति था। परिवार और पत्नी के साथ समय बिताना और घूमना मुझे पसंद था। सेना में भी शामिल हुआ। लेकिन एक समय ऐसा आया जब मैंने महसूस किया कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। तभी मैंने मोक्ष की तलाश में इस अनंत यात्रा की शुरुआत की।ङ्क आज वे जूना अखाड़े से जुड़े हैं और अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर चुके हैं। अमेरिका में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने साल 2000 में पहली बार अपने परिवार (पत्नी और बेटे) के साथ भारत यात्रा की। वह बताते हैं, ल्ल वह यात्रा मेरे जीवन की सबसे यादगार घटना थी। इसी दौरान मैंने ध्यान और योग को जाना और पहली बार सनातन धर्म के बारे में समझा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह मेरी आध्यात्मिक जागृति का प्रारंभ था, जिसे मैं अब ईश्वर का आह्वान मानता हूं। जर्मनी की रहने वाली क्रिस्टीना ने कहा ल्ल यहां आकर आत्मा को शांति मिलती है। मैंने महाकुम्भ के बारे में सुना जरूर था, लेकिन यहां आकर ऐसा लगा कि यह अनुभव अविस्मरणीय है।ङ्क क्रिस्टीना का जन्म इक्वाडोर में हुआ था। बाद में इनके माता पिता जर्मनी में बस गए। इक्वाडोर के निवासी उनके साथी भी भारत की आध्यात्मिकता से अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि गंगा में डुबकी लगाकर ऐसा महसूस हुआ, जैसे सभी पाप धुल गए हों। न्यूयॉर्क से आए फैशन डिजाइनर कॉबी हेल्परिन ने कहा, भारत की संस्कृति और परंपराओं को इतने भव्य रूप में देखना मेरे लिए एक नया अनुभव है। महाकुम्भ ने मुझे भारतीय संस्कृति को गहराई से समझने का अवसर दिया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी प्रेरणादायक है। यहां आकर उन्हें गौरव का अहसास हो रहा है। रूस से आए मिखाइल और उनके दोस्तों ने संगम घाट पर गंगा स्नान कर हर हर गंगे के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा, मैंने महाकुम्भ के बारे में पढ़ा था, लेकिन यहां आकर इसकी विशालता और दिव्यता को महसूस करना मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत अनुभव है। यह हम सभी के लिए कभी न भूलने वाला क्षण है।

## मार्क जकरबर्ग ...

चुनावी साल था। भारत जैसे कई देशों में चुनाव हुए और मौजूदा सरकारें गिर गईं। वैश्विक स्तर पर कोई तो बड़ी वजह थी चाहें वह महंगाई रही हो या फिर आर्थिक संकट। सरकारों के कोविड से लड़ने के तरीके की वजह से भी काफी प्रभाव पड़ा। उन्होंने दावा किया कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास में भी कमी आई है।

## बांग्लादेश के शीर्ष ...

ने एक बयान में कहा, ''बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन ने रविवार को विदेश मंत्रालय में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के समक्ष बांग्लादेश-भारत सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल की हाल की गतिविधियों पर बांग्लादेश सरकार की गहरी चिंता पर प्रकाश डाला।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी गतिविधियों, खासकर कंटेदार तार की बाड़ लगाने और बीएसएफ द्वारा संबंधित परिचालन कार्रवाइयों ने दोनों देशों की सीमा पर तनाव और अशांति पैदा की है।

## उम्रकैद की सजा...

अधिनियम की धारा 2 से पूरी तरह से अलग है। शीर्ष अदालत ने 8 जनवरी को एक आदेश में राज्य सरकार को बीएनएसएस की धारा 473 की उप-धारा (1) के तहत छूट देने के लिए याचिकाकर्ता के मामले पर ''जल्द से जल्द'' विचार करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया, ''चूंकि याचिकाकर्ता 28 साल से अधिक की वास्तविक सजा काट चुका है, इसलिए याचिकाकर्ता के मामले पर विचार किया जाए और अधिकतम दो महीने की अवधि के भीतर उचित आदेश पारित किया जाए। बरेली केंद्रीय कारागार में बंद श्रीवास्तव ने समय-पूर्व रिहाई के निर्देश के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया। वह कभी कथित तौर पर माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम का सहयोगी था और बाद में उसका दुश्मन बन गया। जांच एजेंसियों ने हत्या और अपहरण सहित 42 मामलों में वांछित श्रीवास्तव को सिंगापुर में गिरफ्तार किया था और 1995 में उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया था। उसे 1993 में इलाहाबाद में सीमाशुल्क अधिकारी एल डी अरोड़ा की हत्या के मामले में कानपुर की एक विशेष टाडा अदालत ने 30 सितंबर 2008 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी गई थी। शुरु में, उन्हें नैनी केंद्रीय कागार में रखा गया, और फिर 11 जून, 1999 को बरेली केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित कर दिया गया। श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि वह 26 साल से अधिक समय जेल में बिता चुका है और जेल में उसका आचरण अच्छा रहा है, इसलिए वह राज्य की नीति के अनुसार समय-पूर्व रिहाई का हकदार है।

## क्लैट 2025: सीएनएलयू...

याचिकाओं को सूचीबद्ध किया। ये याचिकाएं एक प्रामाणिक फैसले और विभिन्न उच्च न्यायालयों में अभ्यर्थियों द्वारा अलग-अलग याचिकाएं दायर करने से बचने के लिए दायर की गई हैं। सीएनएलयू ने अधिवक्ता प्रीता श्रीकुमार अय्यर के माध्यम से याचिका दायर की। एक अभ्यर्थी ने हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ को सूचित किया था कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में कई याचिकाएं लंबित हैं और उन्हें स्थानांतरित करने के लिए याचिकाएं शीर्ष अदालत के समक्ष दायर की जाएंगी। इसके बाद उच्च न्यायालय ने एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई 30 जनवरी को करना निर्धारित किया था। बीस दिसंबर, 2024 को दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने उत्तर कुंजी में त्रुटियों को लेकर कंसोर्टियम को क्लैट-2025 के परिणाम को संशोधित करने का निर्देश दिया था। एकल न्यायाधीश ने एक क्लैट अभ्यर्थी की याचिका पर उक्त फैसला सुनाते हुए कहा था कि प्रवेश परीक्षा में दो प्रश्नों के उत्तर गलत थे। याचिका में कंसोर्टियम द्वारा 7 दिसंबर, 2024 को प्रकाशित उत्तर कुंजी को चुनौती दी गई थी, तथा कुछ प्रश्नों के सही उत्तर घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। एकल न्यायाधीश ने कहा था कि त्रुटियां 'स्पष्ट तौर पर दिख रही' हैं और 'उन पर आंखें मूंद लेना' अन्याय करने के समान होगा। अभ्यर्थी ने एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी, जिसने अन्य दो प्रश्नों पर उसकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया था। कंसोर्टियम ने एकल न्यायाधीश के निर्णय के विरुद्ध याचिका दायर की। चौबीस दिसंबर, 2024 को, चुनौतियों की सुनवाई कर रही खंडपीठ ने दो प्रश्नों पर एकल न्यायाधीश के आदेश में प्रथम दृष्टया कोई त्रुटि न पाते हुए कोई अंतरिम आदेश पारित करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कंसोर्टियम न्यायाधीश के निर्णय के अनुसार परिणाम घोषित करने के लिए स्वतंत्र है। एनएलयू में पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए क्लैट, 2025 एक दिसंबर को आयोजित किया गया था और परिणाम सात दिसंबर, 2024 को घोषित किए गए थे।

## मोदी अपने वादों ...

वाले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भी बीते 10 साल में एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान बने हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ यहां के हमारे नौजवानों को हुआ है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर तो अब सुरंग का, ऊंचे-ऊंचे पुलों का, रोप-वे का हब बनता जा रहा है। दुनिया की सबसे ऊंची सुरंगें यहां बन रही हैं, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल-रोड ब्रिज, दुनिया की सबसे ऊंची रेल लाइन यहां बन रही हैं। इससे पहले, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जाहिर की है कि श्री मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के वादे को जल्द ही पूरा करेंगे। उन्होने यहां सोनमर्ग सुरंग के उद्घाटन समारोह के बाद आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा, ल्ल जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराये गये और उसमें सबसे बड़ी बात यह थी कि चुनाव में अनियमितता की कोई शिकायत नहीं थी, सत्ता के दुरूपयोग की कोई शिकायत नहीं थी। इसका श्रेय आपको (प्रधानमंत्री मोदी), आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द ही आप (मोदी) राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे को भी पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इससे पहले मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं के साथ सुरंग का गंदेरबल जिले में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 6.4 किलोमीटर लंबी जेड-मोड़ (सोनमर्ग सुरंग) का उद्घाटन किया। श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर जेड-मोड़ सुरंग परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस सुरंग के निर्माण से पर्यटक वर्ष भर सोनमर्ग आ सकेंगे। साथ ही शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में सड़क मार्ग से आना-जाना सुगम होगा और लेह पहुंचने में भी आसानी होगी।

## चीन सीमा पर...

के बीच भरोसा मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व से लेकर सेना के स्तर पर बातचीत निरंतर जारी है और कोर कमांडरों को छिटपुट विवादों को स्थानीय स्तर पर दूर करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सर्दी और गर्मी के मौसम के हिसाब से सैनिकों की तैनाती की जाती है। अभी सर्दी के मौसम और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी नहीं की जायेगी और गर्मी के मौसम में स्थिति की समीक्षा के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में पूछे गये प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि घुसपैठ जारी है लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि भीतरी इलाकों में कुछ हद तक आंतकवादियों की गतिविधियां बढ़ी हैं। आतंकी गतिविधियां आतंकवाद के केंद्र पाकिस्तान द्वारा संचालित की जा रही है और यदि आतंकवादियों को इस तरह का समर्थन मिलता रहेगा तो घुसपैठ जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटनाओं पर काबू पाने के लिए वहां पिछले वर्ष 15 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक 73 आतंकवादियों मारे गये हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत पाकिस्तानी मूल के हैं। उन्होंने कहा कि सुचारू संसदीय और राज्य विधानसभा चुनाव तथा इनमें लगभग 60 प्रतिशत मतदान का मतलब है कि स्थानीय आबादी शांति चाहती है। सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वोत्तर में स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन छिटपुट घटनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा कि वहां बाहरी हस्तक्षेप से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन सरकारी तंत्र की ओर से शांति स्थापित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि म्यांमार सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी गयी है और वहां बाड़ लगाये जाने के कार्य को प्रथामिकता के साथ किया जा रहा है। बंगलादेश के घटनाक्रम पर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बंगलादेश हमारे लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। दोनों देश पड़ोसी हैं, हमें साथ रहना है और एक दूसरे को समझना है तथा किसी भी तरह की दुश्मनी एक दूसरे के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब बंगलादेश में बदलाव हुआ था, तब से वह वहां के सेना प्रमुख के संपर्क में हैं। गत नवंबर मे हमने एक वीडियो कॉन्फ्रेंस भी की थी। जहां तक ??सैन्य सहयोग का सवाल है, यह उसी तरह बढ़ रहा है। अभी की स्थिति में, सैन्य संबंध अच्छे और सही हैं।

# महाकुंभ में शांति और आत्म-जागृति का संदेश दे रहीं

## ■ योग का मार्ग पूरी दुनिया को जोड़ सकता है : कीको ऐकावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महाकुंभनगर। महाकुंभ 2025 का पवित्र अवसर प्रयागराज में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान करने और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने पहुंचे हैं। इस दिव्य माहौल में एक ऐतिहासिक क्षण तब देखने को मिला, जब योगमाता कीको ऐकावा, पहली महिला सिद्ध गुरु, इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। जापान से भारत की भूमि पर आईं योगमाता न केवल अपने अनोखे योग अभ्यास और ध्यान विधियों के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वह महायोगी पायलट बाबा की प्रिय शिष्या भी हैं। उनकी उपस्थिति ने महाकुंभ के आध्यात्मिक महत्व को और बढ़ा दिया। योगमाता ने अपने संबोधन में शांति, सहिष्णुता और वैश्विक सद्भाव की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय आध्यात्मिकता का ज्ञान और योग का मार्ग पूरी दुनिया को जोड़ सकता है। महायोगी पायलट बाबा की शिक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए, योगमाता ने इस आयोजन में ध्यान सत्र का आयोजन किया। इसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उनके सत्र ने हर आयु और पृष्ठभूमि के लोगों को ध्यान और योग के माध्यम से आंतरिक शांति प्राप्त करने की प्रेरणा दी। महाकुंभ 2025 में योगमाता की उपस्थिति ने न केवल भारतीय और जापानी संस्कृति के बीच आध्यात्मिक सेतु का निर्माण किया, बल्कि यह दर्शाया कि योग और ध्यान की परंपराएं पूरे विश्व में शांति और सद्भाव का संदेश फैलाने की शक्ति रखती हैं। अगस्त 2024 में, जब महायोगी पायलट बाबा ने महासमाधि ली, तो उनके लाखों अनुयायियों के बीच एक शून्य उत्पन्न हो गया। यह शून्य योगमाता कीको ऐकावा ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति और समर्पण से भरा। पायलट बाबा की प्रिय शिष्या और उनकी शिक्षाओं की सजीव प्रतीक, योगमाता ने उनकी दिव्य विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जापान में जन्मी और भारतीय योग परंपराओं में प्रशिक्षित, योगमाता ने योग और ध्यान के माध्यम से आत्मज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने सर्वोच्च समाधि के शिखर तक पहुंचकर सिद्ध योग की अद्वितीय उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि न केवल उनकी गहन साधना और आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का प्रमाण है, बल्कि उनके अनुयायियों के लिए एक प्रेरणा भी है। महायोगी पायलट बाबा की शिक्षाओं को आगे बढ़ाते हुए, योगमाता ने ध्यान और योग के माध्यम से शांति और आत्म-जागृति का संदेश फैलाने के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य किया है। उनकी साधना, जिसमें कठोर अनुशासन और गहरी भक्ति का समावेश ने उन्हें भारत और विदेशों में एक आदर्श आध्यात्मिक गुरु बना दिया है। योगमाता की नेतृत्व शैली में न केवल पायलट बाबा की शिक्षाओं का प्रतिबिंब है, बल्कि उन्होंने अपनी दृष्टि से इसे और विस्तारित किया है। वे आज लाखों साधकों को ध्यान, योग और आत्म-जागृति के मार्ग पर प्रेरित कर रही हैं।

# पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू हुआ धर्म और आध्यात्म का महाकुम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। पौष मूर्णिमा पर रात से ही छाए घने कोहरे के बावजूद संगम और महाकुम्भ मेले का समूचा क्षेत्र स्नानार्थियों से भर गया। हर हर गंगे, के घोष के साथ स्नान करने को लोगों का उत्साह हिलोरें मारने लगा ब्रह्म मुहूर्त में स्नानार्थियों ने गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम के जल में स्नान शुरू कर दिया।पौष पूर्णिमा पर स्नान के साथ महाकुंभ का शुभारम्भ हो गया। लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। पूरे दिन भर संगम तट के अलग अलग घाटों पर स्नान चलेगा। पौष पूर्णिमा पर्व पर 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है।बता दें कि महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा से एक दिन पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। रविवार को लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं ने संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के संगम में स्नान करने का अनुमान है। घाटों पर सुरक्षा के खास इंतजामघाटों पर सुरक्षा के लिहाज से जल पुलिस और एनडीआरएफ की तैनाती की गई है।स्नान घाटों पर गंगा और यमुना के जलधारा में डीप वाटर बैरिकेडिंग भी की गई है। गंगा और यमुना के तट पर कुल 12 किलोमीटर में स्नान घाट बनाए गए हैं। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व से ही महाकुंभ में पवित्र कल्पवास की शुरुआत होगी। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर सभी 13 अखाड़ों के संत स्नान करेंगे। महाकुम्भ के पवित्र स्नान13 जनवरी (सोमवार)- स्नान, पौष पूर्णिमा14 जनवरी (मंगलवार)- अमृत स्नान (शाही स्नान), मकर सक्रांति29 जनवरी (बुधवार)- अमृत स्नान (शाही स्नान), मौनी अमावस्या3 फरवरी (सोमवार)- अमृत स्नान (शाही स्नान), बसंत पंचमी12 फरवरी (बुधवार)- स्नान, माघी पूर्णिमा26 फरवरी (बुधवार)- स्नान, महाशिवरात्रि।

# महाकुंभ में डुबकी लगाकर विदेशी श्रद्धालु हुए अभिभूत, बोले जीवन धन्य हो गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुम्भ की शुरूआत सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई। महाकुम्भ में पुण्य का भागी बनने और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करने के लिए देश ही नहीं दुनियाभर से श्रद्धालु और यात्री महाकुम्भ में पहुंचे हैं। ब्राजील, मारीशस, रूस, अफ्रीका, इटली, जर्मनी, स्पेन और अर्जेंटीना समेत कई देशों के श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे, गंगा मैया की जय के उद्घोष के साथ पवित्र संगम में डुबकी लगाई। संगम में डुबकी लगाकर बाहर निकले श्रद्धालुओं के भाव तो काफी निराले थे, लगा मानों उनका ईश्वर से साक्षात्कार हो गया। श्रद्धालुओं के चेहरे का भाव बता रहा था कि जैसे उन्हें कोई अनमोल चीज मिलने वाली हो। मोक्ष की तलाश में पहली बार भारत आए ब्राजील के श्रद्धालु फ्रांसिस्को ने कहा कि, 'मैं पहली बार भारत आया हूं... मैं योग का अभ्यास करता हूं और मोक्ष की तलाश में हूं। यहां आकर मुझे बहुत अद्‌भुत लग रहा है। भारत दुनिया का आध्यात्मिक दिल है। नदी का पानी ठंडा है, लेकिन स्नान के बाद दिल गर्माहट से भर गया है। मारीशस से महाकुंभ में आए कृष्णा नितेन्दे ने कहा, 'हमारे पूर्वज भारत से ही मारीशस गये थे। अपने देश और संस्कृति से संबंध होना चाहिए। सभी व्यक्तियों को अपनी जमीन और संस्कृति से जुड़े रहना चाहिए और हमेशा अपने भीतर की यात्रा करने की कोशिश करनी चाहिए। महाकुम्भ में स्नान के बाद दिव्यता की अनुभूति हो रही है। स्पेन से आए एक अन्य श्रद्धालु ने कहा कि वे वहां डुबकी लगाकर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। 'हमारे यहां स्पेन, ब्राजील, पुर्तगाल से कई दोस्त हैं... हम आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। मैंने पवित्र डुबकी लगाई और इसका भरपूर आनंद लिया; मैं बहुत भाग्यशाली हूं।

# संगम में डुबकी के बाद मुंह से निकला हर हर गंगे, जय श्रीराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में घड़ियों की सुई जैसे ही 4.32 पर पहुंची। महाकुंभ की वैसे ही शुरूआज हो गयी। संगम क्षेत्र में पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ ही माह भर का कल्पवास प्रारंभ हो गया है। संगम में स्नान के बाद श्रद्धालुओं के मुंह से हर हर गंगे, जय श्रीराम के उद्घोष पूरे वातावरण में गूंज गये। संगम में डुबकी लगाकर बाहर निकले श्रद्धालुओं के भाव तो काफी निराले थे, लगा मानों उनका ईश्वर से साक्षात्कार हो गया। इसके बाद शुरू हुआ पूजन, दान व भजन का सिलसिला। पौष पूर्णिमा पर स्नान के साथ महाकुंभ का शुभारम्भ हो गया। गौरतलब है कि गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में आस्था का गोता भोर से लगने लगा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने संगम व गंगा के पावन जल में डुबकी लगाकर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। पूरे दिन भर संगम तट के अलग अलग घाटों पर स्नान चलेगा। पौष पूर्णिमा पर्व पर 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का अनुमान है। मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान पर्व का अनूठा संयोग जुड़ रहा है। दोनों ही स्नान पर्वों के एक साथ पड़ने से श्रद्धालुओं में उत्साह है। पलवल हरियाणा से स्नान के लिये आये राजेश सैनी ने कहा कि, पहली बार प्रयाग आया हूं। पवित्र संगम में स्नान के बाद लगता है जीवन धन्य हो गया है। राजेश के साथ ही संगम पहुंचे दिनेश बैसला ने कहा कि, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि संगम में स्नान का अवसर मुझे ईश्वर नहीं दिया। बांका बिहार से आये धर्मेन्द्र ने कहा कि, संगम पर स्नान के लिए काफी समय से सोच रहा था, महाकुम्भ में आने का अवसर मिला। पटियाला पंजाब से आयी निर्मला देवी ने कहा कि, मैंने सुना था कि संगम में स्नान से दिव्यता की अनुभूति होती है, आज स्नान के बाद मैंने उसे स्वयं अनुभव किया है। जयपुर से आए राधा देवी पहली बार प्रयाग आयी हैं, स्नान के बाद बोलीं जो सुकून मिला है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकते। चेन्नई से आए पी. गुरु प्रसाद, नारायणेश्वर, चंद्रशेखरन का मत भी कुछ ऐसा था। बोले, स्नान के बाद लगता है जैसे ईश्वर से साक्षात्कार हो गया हो। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद संतों के शिविर में जाकर प्रवचन सुनकर अपना समय बिताया। अधिकतर श्रद्धालु मेला क्षेत्र में रुक गए हैं, वह मंगलवार को मकर संक्रांति का स्नान करके लौटेंगे। श्रद्धालुओं के लिए संतों के शिविर में सुबह से लेकर रात तक भंडारा चलता रहा। वहीं काफी संख्या में श्रद्धालु सगे-संबंधी कल्पवासियों के शिविर में रुके हैं। महाकुम्भ में मेला व्यवस्था को लेकर भी श्रद्धालु संतुष्ट दिखाई दिये। पश्चिम बंगाल से आये सुनील दास ने कहा कि व्यवस्था ठीक है। कुम्भ क्षेत्र में ले आउट प्लान का डिस्प्ले स्थान स्थान पर करना चाहिए था। ले आउट प्लान ने होने की वजह से यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। हरिद्वार से महाकुम्भ में आये त्रिभुवन रतूड़ी ने कहा कि, रैन बसेरों की जानकारी ने होने की वजह से श्रद्धालु रात भर इधर उधर भटकते रहे। रैन बसेरों की उद्घोषणा समय समय पर श्रद्धालुओं की जानकारी के लिये करनी चाहिए।

# महाकुम्भ क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सक्रिय है सभी सुरक्षा एजेंसियां

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। मेला क्षेत्र के चप्पे पर सुरक्षा के लिए एजेंसियां सक्रिय है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ राजेश द्विवेदी कहना है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार आ रहें है। घाट भरे हुए हैं और स्नान शांतिपूर्ण चल रहा है। हम मेला क्षेत्र में सक्रिय सीसीटीवी कैमरे से नजर रखें हुए है। हर चीज पर कड़ी निगरानी की जा रही है। संगम की रेती पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। श्रद्धालुओं के आगमन एवं स्नान के बाद प्रस्थान मार्ग पर सभी मार्गो पर पुलिस बल एवं पीएसी तैनात की गई है। इसके साथ ही त्रिवेणी में बने सभी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर पल गंगा में तैनात जल पुलिस के जवान गहरे पानी में जाने से लगातार आगाह कर रहें है।



# मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिले को दी 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

## ■ 198 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में समस्तीपुर जिले को 937 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 198 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 500.82 करोड़ रुपये की 51 योजनाओं का उद्घाटन तथा 436.64 करोड़ रुपये की 147 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखंड के रायपुर ग्राम में 100 बैंड वाले डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित छात्रावास भवन का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के यहां उद्घाटन होने से आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को काफी सुविधा होगी और यहां पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सुविधा सह प्रशिक्षण केंद्र के भवन परिसर से ही समस्तीपुर जिले के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम केंद्र सरकार में मंत्री थे तो बाहर कई जगहों पर स्वयं सहायता समूहों का काम देखा लेकिन उस समय बिहार में ऐसा कुछ नहीं था। जब मुझे बिहार में काम करने का मौका मिला तो वर्ष 2006 में हमने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह का गठन करवाया और इसका नाम 'जीविका' दिया। इससे जुड़नेवाली महिलाओं को हमने 'जीविका दीदी' नाम दिया। उस समय की केंद्र सरकार ने इसके कार्यों को सराहा और पूरे देश में इसे आजीविका नाम से चलाया। जीविका दीदियों में काफी आत्मविश्वास आया है और उनकी बोलचाल रहन-सहन और जीवन शैली में काफी बदलाव आया है। बिहार में अब जीविका स्वयं सहायता समूह की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिससे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित मुक्तापुर मोईन का पर्यटन विभाग द्वारा प्रस्तावित सौंदर्गीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुक्तापुर मोईन के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि यह करीब 50 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जो बूढ़ी गंडक नदी से जुड़ा है। मुक्तापुर रेलवे गुमटी पहुंचकर मुख्यमंत्री ने 99.23 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-322 के दरभंगा-समस्तीपुर रेल खंड अंतर्गत मुक्तापुर-किशनपुर सेक्शन के बीच एलसी नंबर 02 पर आरओबी का निर्माण कार्य तथा समस्तीपुर-पूसा पथ एवं समस्तीपुर-कर्पूरी ग्राम स्टेशनों के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 63 ए के बदले कास्ट शेयरिंग के आधार पर 11951.90 लाख रुपये की लागत से आरओबी के निर्माण कार्य का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। शिलान्यास के पश्चात मुख्यमंत्री ने मुक्तापुर रेलवे गुमटी का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वारिसनगर प्रखंड के ग्राम शेखोपुर में जल-जीवन हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का जायजा लिया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत बने घरों की चाबी, 23 हजार 585 समूहों को बैंक ऋण के तहत 276 करोड़ 25 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, परिक्रमी निधि एवं सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 680 ग्राम संगठनों के 8 हजार 750 समूहों को 47 करोड़ 24 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत समस्तीपुर जिले के कुल 2982 लाभार्थियों को 11 करोड़ 45 लाख रुपये का सांकेतिक चेक वितरित किया। मुख्यमंत्री ने समस्तीपुर जिला अंतर्गत मगरदडी घाट पुल के समानांतर पुराने स्क्रू पाइल पुल के स्थान पर 45 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित नया उच्च स्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य के संदर्भ में स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बूढ़ी गंडक नदी पर स्थित मगरदही घाट पुल के प्रस्तावित समानांतर पुल के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह समस्तीपुर जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार, सूचना एवं जन-संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, सांसद शांभवी चौधरी सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर चूड़ा-दही भोज में शामिल हुए राज्यपाल

पटना। बिहार के राज्यपाल आरिफ मो. खान सोमवार को उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर आयोजित चूड़ा-दही भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बिहारवासियों और देशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही चूड़ा-दही खाने के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा के आवास पर पहुंचे थे। राज्यपाल ने यहां उपस्थित पत्रकारों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि मकर संक्रांति हमारे देश का महत्वपूर्ण पर्व है।

# अजीत हत्याकांड में हत्या के साजिशकर्ता ने किया आत्मसमर्पण

पूर्वी चंपारण। पिपरा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी अजीत हत्याकांड का खुलासा खुद हत्यारोपित ने थाना में आत्मसमर्पण कर किया है । आत्मसमर्पण करने वाला आरोपित पिपरा थाना क्षेत्र के महुआवा गांव निवासी विनोद प्रसाद है। उक्त जानकारी देते एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पूछताछ के दौरान विनोद प्रसाद ने कई अहम खुलासा किया है। इसके आधार पर हत्या में शामिल मुख्य बदमाश महुआवा गांव निवासी गोलू कुमार की तलाश में छापेमारी की जा रही है। इसके साथ ही घटना में शामिल अन्य बदमाशों को भी चिंहित किया जा रहा है।हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है। साजिशकर्ता विनोद प्रसाद ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया है कि उसने अपनी पुत्री की शादी दिसंबर माह में तय किया था। शादी तय होने के बाद अजीत कुमार लगातार फोन कर व ह्वाट्सएप के माध्यम से उसकी पुत्री के जीवन को बर्बाद करने की धमकी देता था। 14 नवंबर को भी उसने कॉल कर धमकी दिया था। इसको लेकर भी उसने कई बार अजीत को समझाया था लेकिन वह नहीं मान रहा था। जिसके बाद उसने अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए गोलू नामक एक अपराधी को एक लाख रुपए एडवांस में देकर उसकी हत्या करा दिया और शव को मिट्टी में दफन करवा दिया था।

## दोस्त पर किया चाकू से  हमला

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में साहिल नामक एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। इधर, घायल युवक जैसे-तैसे अपने घर पहुंचा। परिवार वालों ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर किया। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर मामला दर्ज किया। फिलहाल पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक राजू (बदला हुआ नाम) परिवार के साथ सीलमपुर में रहता हैं। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में राजू ने बताया कि इलाके में रहने वाले साहिल से उसकी दोस्ती थी। साहिल ट्रांसजेंडर की हरकत करता था। पीड़ित के अनुसार रविवार दोपहर वह साहिल के साथ घर से कुछ दूर पार्क में बात-चीत करने गए थे। पीड़ित का आरोप है कि बात-चीत के दौरान आरोपित ने उसकी पैंट उतार दी। उसके बाद उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला किया। पीड़ित के परिजनों की मानें तो साहिल राजू से शादी करना चाहता था। राजू के माता-पिता नहीं हैं। राजू की बड़ी बहन ने इस पर एतराज किया तो साहिल ने राजू को पहले नशा कराया और फिर सीलमपुर के राम पार्क में ले जाकर उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला किया।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063